माघ शुक्ल पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 21 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 332, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर 16

शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन 15

## स्वामी प्रसाद का सपा व एमएलसी पद से इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव व विधान परिषद सभापति को भेजा त्याग पत्र



**अमृत विचार :** सपा से नाराज चल रहे पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भेजे गए पत्र में मौर्य ने कहा कि वह 13 फरवरी को भेजे गए पत्र पर वार्ता के लिए पहल न करने पर इस्तीफा दे रहे हैं।

विधान परिषद सभापित को भेजे गए पत्र में लिखा कि वे सपा से परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए थे, उन्होंने सपा से त्याग पत्र दे दिया है, इसलिए नैतिकता के आधार पर परिषद की सदस्यता से भी त्याग पत्र दे रहे हैं। इस्तीफा देने के बाद मीडिया से बातचीत में मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख खुद को सेकुलर कहते हैं, पर ऐसा लगता है कि वह मनुवादी व्यवस्था का समर्थन करते हैं। मौर्य ने कहा कि अखिलेश ऐसे सेकुलर हैं जो पार्टी कार्यालय में पूजा करवाते हैं, पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने कभी संविधान की भावना के विपरीत व्यवहार नहीं किया।

### इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कॉन्क्लेव में प्रदेश में निवेश के माहौल को विदेशी उद्यमियों ने खूब सराहा

# उत्तर प्रदेश में सुरक्षित ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गारंटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जीबीसी के दूसरे दिन उद्योग समूहों के दिग्गजों को मंच मिला तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व, प्रदेश में बेहतरीन संसाधन, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की जमकर तारीफ की। कहा कि प्रदेश में विदेशी उद्यमियों के साथ परिवार की तरह व्यवहार होता है। सुरक्षित निवेश ही नहीं, फायदेमंद निवेश की भी गारंटी रहती है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन मंगलवार को ''यूपी- भारत में विदेशी निवेश के लिए उभरता गंतव्य'' कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने विचार रखे। इस दौरान लुलु समूह के चेयरमैन एमए यूसुफ अली, शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ, एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड, डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि ने प्रदेश में निवेश के बेहतरीन माहौल की सराहना की।

### खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में विदेशी निवेश की उम्मीद



लुलु समूह के अध्यक्ष और एमडी एमए यूसुफ अली ने कहा कि विदेशी निवेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निवेश की बेहतरीन संभावनाएं हैं। निवेशक निवेश से पहले चार चीजें देखते हैं।

### भारत और यूपी से रिश्ता परिवार जैसा



शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि कोई भी वहीं निवेश करना चाहता है जहां वे पूरी तरह संतुष्ट हों कि उसका निवेश उत्पादक होगा। भारत और यूपी से हमारा रिश्ता परिवार जैसा है।

### उत्तर प्रदेश में निवेश का मिला व्यापक समर्थन



एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड ने कहा कि जब भी आवश्यकता हुई, हमें यूपी में निवेश के अपने निर्णय के लिए व्यापक समर्थन मिला है। मैं आने वाले वर्षों में निवेश के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहता हूं।

### मोटोजीपी की मेजबानी देना एक बड़ा अवसर



डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा ने मोटोजीपी भारत की मेजबानी करने के लिए यूपी सरकार द्वारा प्रदान किए गए अवसर की सराहना की। बताया कि मोटोजीपी ने 12 हजार रोजगार पैदा किए हैं।

### छह माह में मंजूरी देने वाला पहला राज्य



ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि महेश पाण्डे ने कहा कि अन्य राज्यों में जहां प्रथम अनुमोदन चरण में दो से ढाई साल लगते हैं वहीं छह महीने के भीतर हमें यह मंजूरी दिलाने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है।

## एक नजर

### लर्नर व ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता 29 तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** सड़क मंत्रालय ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस की वैधता 29 फरवरी, 2024 तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने अपने 'सारथी' पोर्टल में बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों के चलते ऐसा किया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक परिपत्र में कहा कि 31 जनवरी से 12 फरवरी तक सारथी पोर्टल में बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों देखने को मिले। ऐसे में आवेदकों को लाइसेंस संबंधी सेवाओं का लाभ उठाने में व्यवधान का सामना करना पड़ा है। इसे देखते हुए लर्नर लाइसेंस, ड्राइविंग लाइसेंस और कंडक्टर लाइसेंस, जिनकी वैधता 31 जनवरी और 15 फरवरी 2024 के बीच खत्म हो गई है, उन्हें 29 फरवरी 2024 तक बिना कोई जुर्माना लगाए वैध माना जाएगा।

### अभिनेता ऋतुराज का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**मुंबई।** पहली बार 1993 में टीवी शो 'बनेगी अपनी बात' से प्रसिद्ध हुए और अगले तीन दशकों में कई टीवी सीरीयल, फिल्मों और ओटीटी शो में नजर आए प्रसिद्ध अभिनेता ऋतुराज सिंह का मंगलवार तड़के दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 59 साल के थे। पेट की किसी समस्या के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कुछ ही दिन पहले उन्हें छुट्टी दी गई थी। उनके करीबी दोस्त अमित बहल ने बताया कि देर रात 12 :30 बजे के आसपास दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

### पूर्व डीआईपीपी सचिव के परिसर पर सीबीआई छापा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पूर्व डीआईपीपी सचिव रमेश अभिषेक से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में उनके परिसर पर तलाशी अभियान चला रहा है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1982 बैच के बिहार कैडर के अधिकारी अभिषेक 2019 में सेवानिवृत्त हुए और इसके बाद एक निजी कंपनी में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि एजेंसी भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली में अभिषेक के एक परिसर की तलाशी ले रही है। अभिषेक औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) में सचिव पद पर तैनात रह चुके हैं।

# भाजपा को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप को घोषित किया महापौर

## चंडीगढ़ मेयर मामला : कोर्ट ने चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी



- पार्षदों की संख्या कम होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी को कर दिया था विजयी घोषित

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक फैसले में चंडीगढ़ महापौर के पद पर चुनाव अधिकारी के निर्णय को अवैध घोषित करते हुए रद कर दिया और आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित किया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महापौर के पद पर अपेक्षाकृत कम पार्षद संख्या वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनकर को 30 जनवरी के चुनाव में गैरकानूनी तरीके से विजयी घोषित करने संबंधी पीठसीन अधिकारी अनिल मसीह के फैसले को अवैध घोषित करते हुए पलट दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता आम आदमी पार्टी-कांग्रेस पार्टी गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित कर दिया। शीर्ष अदालत ने पाया कि पीठासीन अधिकारी ने याचिकाकर्ता 'आप' उम्मीदवार कुलदीप कुमार के पक्ष में डाले गए आठ मतों को जानबूझकर विकृत कर दिया था। पीठ ने वोटों की गिनती से संबंधित वीडियो देखने और विकृत मतपत्रों की जांच करने के बाद पीठासीन अधिकारी मसीह को अदालत की अवमानना के लिए 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया, जिसमें कहा गया कि उन्होंने (मसीह) जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से महापौर चुनाव को बदल दिया।

### कोर्ट ने कहा-चुनाव अधिकारी पर चले मुकदमा



चुनाव अधिकारी द्वारा 30 जनवरी को महापौर के पद के लिए विजयी घोषित किए गए मनोज सोनकर ने सोमवार को शीर्ष कोर्ट में सुनवाई से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। कोर्ट ने सोमवार को पंजाब सरकार की उस याचिका को भी अनुमति देने का संकेत दिया, जिसमें नए सिरे से मतदान के बजाय मतों की दोबारा गिनती की अनुमति देने की गुहार लगाई गई थी। पीठ ने गत 30 जनवरी को हुई मतों की गिनती के दौरान चुनाव अधिकारी द्वारा मतपत्रों पर निशान लगाने के मामले में कहा था कि चुनावी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करना सबसे गंभीर बात है और इसके लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

### विपक्ष ने कहा- न्यायालय के फैसले ने भाजपा के जबड़े से लोकतंत्र बचाया

**नई दिल्ली।** विपक्ष के कुछ प्रमुख दलों ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव परिणाम को उच्चतम न्यायालय द्वारा पलटे जाने का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि देश की सबसे बड़ी अदालत ने लोकतंत्र को निरंकुश भारतीय जनता पाटी के जबड़े से बचाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह तो सिर्फ एक मोहरा थे। खरगे ने 'एक्स' पर कि उच्चतम न्यायालय ने लोकतंत्र को निरंकुश भाजपा के जबड़े से बचाया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चंडीगढ़ महापौर के चुनाव में जो कुछ हुआ है उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का फैसला विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए बहुत बड़ी जीत है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अंततः सत्य की जीत हुई।

# पर्यटन में स्विट्जरलैंड को भी टक्कर देंगी कश्मीर की वादियां

जम्मू, एजेंसी



- मोदी बोले-अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए महत्वपूर्ण
- जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू-कश्मीर के व्यापक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रहा है और उनकी सरकार घाटी को एक ऐसे पर्यटन स्थल में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है जो स्विट्जरलैंड को टक्कर दे सके। यहां मौलाना आजाद स्टेडियम में एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक और देश के अन्य हिस्सों के लिए 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की।

उन्होंने क्षेत्र में जी20 के आयोजन के बाद खाड़ी के देशों में जम्मू-कश्मीर में निवेश को लेकर आई सकारात्मकता को रेखांकित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा और संस्कृति से बहुत प्रभावित हुई है। मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को 'परिवारवाद' की राजनीति से मुक्ति मिल रही है और यह पूर्ववर्ती प्रदेश आज विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने डोगरी में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि एक वो दिन भी थे, जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ निराशा की खबरें आती थीं। बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव... ऐसी ही बातें जम्मू-कश्मीर का दुर्भाग्य बना दी गई थीं। लेकिन आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

अपने 30 मिनट के भाषण के दौरान मोदी ने हिंसा और अलगाववाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर के उथल-पुथल भरे अतीत को याद किया और सौहार्दपूर्ण एवं समृद्ध जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ रहे मौजूदा बदलाव की सराहना की तथा इसका श्रेय संतुलित विकास पहलों को दिया।

### रेल प्रोजेक्ट के लिए अब्दुल्ला ने दी बधाई

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के लिए नई रेल परियोजनाएं शुरू करने पर प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्रालय को बधाई दी। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला ने कहा कि यह रेल मंत्रालय और प्रधानमंत्री मोदी का एक बड़ा कदम है और हम इस पहल का स्वागत करते हैं। हम उन्हें यह उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई देते हैं।

### कश्मीर की सुंदरता-संस्कृति से पूरी दुनिया प्रभावित

प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के युवाओं की नई भावना की सराहना की और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में बदलावों को रेखांकित किया तथा खाड़ी देशों से निवेश के संबंध में अपनी उम्मीदें भी साझा की। कहा कि आज जब दुनिया जम्मू-कश्मीर में जी20 का आयोजन होते देखती है तो इसकी गूंज बहुत दूर तक पहुंचती है। पूरी दुनिया यहां की सुंदरता, परंपरा, संस्कृति और स्वागत से बहुत प्रभावित हुई है। आज हर कोई जम्मू-कश्मीर आने को तत्पर है।

# रामपुर-बरेली हाईवे पर कार ने मां-बेटे को रौंदा, गई जान

संवाददाता, शहजादनगर (रामपुर)

- कार चालक ने दो ई-रिक्शा व ऑटो में भी मारी टक्कर



**अमृत विचार :** रामपुर-बरेली हाईवे पर कार ने पैदल जा रही मां-बेटे को रौंद दिया। दोनों की मौत हो गई। हादसा शहजादनगर थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित शंकरपुर चौराहे पर मंगलवार सुबह नौ बजे हुआ। मीरगंज थाना क्षेत्र निवासी किरन (25) पत्नी फूल सिंह अपने दो साल के बेटे को लेकर दो दिन पूर्व अपने पिता रामबहादुर निवासी मेघानगला के यहां आई थी। बच्चे की तबीयत खराब होने पर किरन शंकरपुर में डॉक्टर के जा रही थी। तभी शाहजहांपुर निवासी विनोद कुमार ने कार से किरन को रौंद दिया। दो ई-रिक्शा व एक ऑटो में भी टक्कर मार दी। हादसे में किरन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दो वर्षीय बेटा श्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने बच्चे को निजी चिकित्सक के यहां भेज दिया। जहां डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। हादसे में ई-रिक्शा व ऑटो में सवार कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद भाग रहे कार चालक विनोद को ग्रामीणों ने पकड़ लिया।

# सपा-कांग्रेस में गठबंधन की उम्मीद, कुछ सीटों पर फंसा पेच

**लोकसभा चुनाव**

- सपा ने पहले 11 फिर दीं 17 सीटें लेकिन कांग्रेस नहीं मानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव न तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ उनकी यात्रा में शामिल हुए और न ही सीटों के बंटवारे पर कोई समझौता हुआ बावजूद इसके दोनों दलों के नेताओं को अब भी उप्र. में गठबंधन की उम्मीद है। मंगलवार को मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि लगातार वरिष्ठ नेता से बातचीत चल रही है। गठबंधन होगा तो आपको बताया जाएगा। उधर, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी कहा कि गठबंधन निर्णायक स्थिति में है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को उप्र. से लोकसभा की पहले 11 और फिर 17 सीटों का प्रस्ताव दिया जबकि कांग्रेस 20 सीटों की मांग कर रही है। सीट समझौते को लेकर कांग्रेस और सपा नेताओं के बीच सोमवार को देर रात तक बातचीत हुई, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। दरअसल, दोनों दलों के बीच कुछ सीटों को लेकर पेच फंसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अखिलेश यादव से 17 सीटों के अलावा बहराइच, देवरिया, अमरोहा सीट भी मांगी थी। सपा ने देवरिया और अमरोहा सीट देने की हामी भरी, लेकिन बहराइच नहीं दिया. इसके बाद अखिलेश यादव ने राहुल गांधी की यात्रा में जाने से मना कर दिया।

### सपा ने पांच और प्रत्याशी उतारे, भाई धर्मेंद्र यादव का टिकट काटकर चाचा शिवपाल यादव को दिया



शिवपाल यादव

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने पांच प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी की है।सपा के आधिकारिक एक्स हैंडल से मंगलवार को डाली गई सूची के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं अखिलेश ने बदायूं से भाई धर्मेन्द्र यादव का टिकट काटकर चाचा शिवपाल को उम्मीदवार बनाया है। बदायूं से धर्मेन्द्र का नाम पहली सूची में था। बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन, कैराना से इकरा हसन, हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत उम्मीदवार होंगे। सूत्रों के मुताबिक, कन्नौज और आजमगढ़ में किसी एक सीट पर धर्मेंद्र तो किसी एक पर अखिलेश यादव चुनाव लड़ सकते हैं। धर्मेंद्र यादव के आजमगढ़ से लड़ने की ज्यादा संभावना है। फिलहाल धर्मेंद्र यादव को कन्नौज और आजमगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। महबूब अली और राम अवतार सैनी को अमरोहा का प्रभारी तो वहीं, मनोज चौधरी को बगपत का प्रभारी बनाया गया है। सपा ने अब तक 31 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

### राजा भैया से मिले सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम



समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल मंगलवार को जनसत्ता दल के नेता और कुंडा (प्रतापगढ़) से विधायक राजा भैया से मुलाकात की। उन्होंने राजा भैया की फोन पर अखिलेश यादव से बात कराई है। नरेश उत्तम की राजा भैया के साथ लंच लेने की फोटो भी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक जनसत्ता दल और सपा के बीच राज्यसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी के लिए वोट करने और चुनावी गठबंधन को लेकर बात हुई है। जनसत्ता दल के उप्र. में दो विधायक हैं। अगले ही हफ्ते राज्यसभा की दस सीटों के लिए मतदान है।

**सुविधा** | निर्यात होगा आसान, सेल प्वाइंट सीधे एफपीओ से उत्पाद खरीदकर करेगा बिक्री

# दुबई में खुला सेल प्वाइंट, खरीदेगा यूपी के उत्पाद

**विशेष**

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) फल, सब्जी, गल्ला व इनसे बनने वाले खाद्य पदार्थों का निर्यात आसान होगा।

लखनऊ में मैंगो पैक हाउस संचालन व निर्यात करने वाली फर्म डॉ. नेचर ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के समन्वयक से दुबई के फूड एंड वेजीटेबल अल अवीर बाजार में सेल प्वाइंट खोला है। इस सेल प्वाइंट में कंपनी प्रदेश के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से सीधे उत्पाद खरीदेगी और दुबई, बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब आदि में आयात करेगी। यह कार्य अभी तक इन देशों द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया में काफी समय लगता है और निर्यात की मंजूरी व भुगतान आदि में समय लगता है। लेकिन, इस सेल प्वाइंट से किसी तरह का झंझट नहीं रहेगा। खासबात यह है कि किसानों की बिक्री के रुपये सुरक्षित रहेंगे और कंपनी सीधे उनके खातों में समय पर भुगतान करेगी।



दुबई में आयोजित गल्फ फूड एक्सपो में एपिडा व डॉ. नेचर के अधिकारी।

- भुगतान रहेगा सुरक्षित, सीधे किसानों को मिलेंगे रुपये, मार्च से बिक्री की तैयारी

"यूएई में निर्यात करने में समस्या आती है। स्वीकृति से लेकर तमाम पेंच फंसते हैं। इससे किसानों का समय बर्बाद होता है। इसलिए सेल प्वाइंट खोला है। जहां खुद अपने उत्पाद एफपीओ से लेकर देशों में आयात करेंगे।

– **अकरम बेग**, प्रमोटर, डॉ. नेचर

### 24 को एफपीओ जाएंगे दुबई, मार्च से निर्यात

दुबई में गल्फ फूड एक्सपो चल रहा है। वहां एपिडा के चेयरमैन अभिषेक, सचिव डॉ. सुधांशू, डॉ. तरुन बजाज व डॉ. नेचर के प्रमोटर अकरम बेग टीम के साथ गए हैं। इस बीच वहां सेल प्वांइट की तैयारी की जा रही है। निर्यात की शुरुआत लखनऊ और वाराणसी से की जाएगी। दोनों जिलों के 50 एफपीओ से एक-एक सदस्य 22 को दुबई सेल प्वांइट का भ्रमण करने जाएंगे। चार्टर्ड प्लेन से भेजने के लिए सरकार को प्रस्ताव दिया है।

# मैजिक पर पलटा कंटेनर, तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर



मैजिक वाहन में फंसे युवकों को निकलते स्थानीय लोग व पुलिस।

- गाजियाबाद जिले के रहने वाले थे दिनेश शर्मा, रविन्द्र व मोनू

**अमृत विचार :** मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे स्थित बैराज मार्ग पर माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल के पास एक कंटेनर मैजिक वाहन पर पलट गया। मैजिक में सवार तीन लोगों की दबने से मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन से कंटेनर को हटवाकर जाम खुलवाया।

मंगलवार सुबह 11:30 बजे बैराज रोड पर बिजनौर से बैराज की तरफ जा रहा कंटेनर सड़क पर गड्ढे की वजह से अनियंत्रित होकर बायो-मेडिकल वेस्ट ले जाने वाले मैजिक वाहन पर पलट गया। दुर्घटना में मैजिक में सवार दिनेश शर्मा, रविन्द्र, मोनू निवासी गांव व थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने क्रेन से कंटेनर को हटवाकर वाहने में दबे तीनों घायलों को बाहर निकाला। उपचार के लिए तीनों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव कुमार बाजपेई ने बताया कि तीनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### इग्नू में प्रवेश की तिथि 29 फरवरी तक बढ़ी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) का शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया संचालित है। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 300 से ज्यादा प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसकी अंतिम तिथि 29 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। प्रवेश के लिए विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर जाकर सार्थक पोर्टल के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यह जानकारी हिन्दू कालेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो.एके सिंह ने दी है।

### हिंदू कॉलेज में लाइव देखा प्रधानमंत्री का संबोधन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हिंदू कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री द्वारा 220 परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत एमजेपी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली को परियोजना के तहत 100 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। ऐसा अनुदान देश के 26 विश्वविद्यालयों को मिला है। एमजेपी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली को जून, 2023 में नैक द्वारा सर्वोच्च ग्रेड A प्रदान किया था। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसएस रावत, प्रो. संजय रस्तोगी, प्रो. एनयू खान, प्रो. आनंद कुमार सिंह, प्रो. प्रियांशा सिंह, डॉ.बीके तिवारी, कैप्टन राजीव चौहान, प्रो. वीरेंद्र सिंह, डॉ. मदन मोहन शुक्ला, डॉ. आलोक यादव एवं डॉ. नीरज रुहेला सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। संयोजन डॉ. प्रिंस कुमार, डॉ. ज्योति रस्तोगी एवं डॉ. श्वेता सिंह ने किया।

### फुटबॉल में जेडएफए स्कूल की टीम चैंपियन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केंद्रीय खेल मंत्रालय व अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ, स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया व उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वाधान लीग का आयोजन किया गया। जिला फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से खेलो इंडिया वुमेंस फुटबॉल लीग का आयोजन डीपीजीएस के फुटबॉल मैदान पर किया गया। जा रहा है। मंगलवार को प्रतियोगिता का फाइनल मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल व जेडएफए की टीम के बीच खेला गया। मैच रोमांचकारी रहा मैदान में दर्शकों और अभिभावक भी मौजूद रहे। इसके कुछ समय बाद निर्णायक ने तेज सिटी बजा कर मैच समाप्ति कि घोषणा कर एक बार फिर मैदान को तालियों के शोर से भर दिया। इस तरह खेलो इंडिया वुमेंस फुटबॉल लीग के चैंपियन होने का खिताब जेडएफए टीम ने अपने नाम किया।

### प्राधिकरण की बैठक एक को

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडलायुक्त के निर्देश पर सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की पूर्व निर्धारित बैठक जो 12 फरवरी को होनी थी अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी थी। अब यह बैठक 1 मार्च को दोपहर 11:00 बजे मंडलायुक्त कार्यालय सभागार में होगी। सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण राकेन्द्र कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों से बैठक में समय से उपस्थित होने के लिए कहा है।

### 63 प्रतिभागियों का चयन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंगलवार को मंडल के सात स्टेशनों पर विद्यालयों में 2047 का विकसित भारत- विकसित रेलवे विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्योहारा, कोटद्वार, बुलंदशहर, गढ़मुक्तेश्वर, आंवला, बालामऊ एवं मलिहाबाद रेलवे स्टेशन पर स्थित कुल 21 विद्यालयों में निर्धारित विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में 63 प्रतिभागी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।










**अनदेखी :** इधर भी ध्यान दीजिए नगर आयुक्त साहब... अटल पथ को सुंदर बनाने के लिए उसके किनारे पार्कों को सुंदर बनाया गया। मगर अब उसके अंदर यह हाल है कि साफ-सफाई तक नहीं होती। पार्क के अंदर तो गंदगी रहती है, शौचालयों के दरवाजे भी गायब हैं और यहां गंदगी पसरी हुई है। ● अमृत विचार

# नकल कराने वालों पर होगी एनएसए की कार्रवाई

## 110 केंद्रों पर वायस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में 22 फरवरी से होगी यूपी बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में 22 फरवरी से 9 मार्च तक यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा होगी। परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए जिलाधिकारी ने 110 केंद्रों पर 110 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों और 27 सेक्टर व 5 जोनल मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई है। मंगलवार को पंचायत भवन सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक में जिलाधिकारी ने दो टूक कहा कि परीक्षा में नकल कराने वालों पर एनएसए की कार्रवाई होगी। कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए, सभी कुशलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभाकर शुचिता के साथ नकलविहीन बोर्ड परीक्षा कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश के क्रम में केंद्र व्यवस्थापक गंभीरता से परीक्षा की जिम्मेदारी निभाएं। केन्द्रों पर परीक्षा के समय पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहेगा। 110 केंद्रों पर वॉयस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी रहेगी। किसी भी गड़बड़ी की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम और उच्चाधिकारियों को देनी होगी। जिससे उस पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने प्रधानाचार्यों व केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि किसी भी सेंटर पर यदि कोई गड़बड़ी की शिकायत मिले तो उस पर त्वरित और कठोर कार्रवाई की जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा संबंधी सभी नियमों की जानकारी दी। कहा कि स्ट्रांग रूम, उत्तर पुस्तिकाओं के रख-रखाव आदि व्यवस्थाओं के बारे में बताया। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, जिला विद्यालय निरीक्षक के अलावा सभी केंद्रों के व्यवस्थापक, स्टेटिक, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

**▸▸ डीएम बोले- परीक्षा में न हो कोई लापरवाही, सभी कुशलतापूर्वक निभाएं अपनी जिम्मेदारी**



कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर जानकारी लेते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, साथ में अन्य।



बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर पंचायत भवन सभागार में बैठक में उपस्थित केंद्र व्यवस्थापक।

### जिलाधिकारी ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण

बैठक के बाद जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन आदि के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की व्यवस्था की जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक से ली। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि मॉनिटरिंग सेल और कंट्रोल रूम में 24×7 निगरानी के लिए तीन पालियों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी ने मॉनिटरिंग सेल व कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों को कोई लापरवाही न बरतने और अधिकारियों को भी कंट्रोल रूम का परीक्षा के दौरान औचक निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

### यूपी बोर्ड परीक्षा एक नजर में

| | |
|---|---|
| परीक्षा की तिथि | 22 फरवरी से 9 मार्च तक |
| परीक्षा केंद्रों की संख्या | 110 |
| केंद्र व्यवस्थापकों की संख्या | 110 |
| स्टेटिक मजिस्ट्रेट | 110 |
| सेक्टर मजिस्ट्रेट | 27 |
| जोनल मजिस्ट्रेट | 05 |
| सचल दल की संख्या | 06 |
| परीक्षार्थियों की कुल संख्या | 81690 |
| हाईस्कूल के परीक्षार्थी | 42772 |
| इंटर के परीक्षार्थी | 38918 |
| कक्ष निरीक्षकों की संख्या | 4763 |
| माध्यमिक के शिक्षकों की परीक्षा में ड्यूटी | 2940 |
| बेसिक शिक्षा के शिक्षकों की परीक्षा में ड्यूटी | 1823 |

# जिला सहकारी संघ की भूमि पर बनवा दिए 300 पीएम आवास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**▸▸ डूडा ने अनुदान की राशि वापस करने को आवेदकों को जारी किए नोटिस**

**अमृत विचार :** जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत जिला सहकारी संघ की 3.368 हेक्टेयर भूमि 300 पीएम आवास का निर्माण करा दिया। जिला सहकारी संघ की ओर से मकानों को खाली करने के नोटिस चस्पा किए जाने के बाद डूडा भी हरकत में आ गया है। डूडा ने आवेदकों को नोटिस जारी कर अनुदान की राशि वापस करने के निर्देश दिए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में डूडा की बड़ी लापरवाही सामने आई है। कांठ रोड स्थित भटावली गांव के लोगों ने डूडा की पीएम आवास योजना शहरी में हाउस टैक्स और बिजली के बिल पर मकान निर्माण के लिए मिलने वाली धनराशि के लिए आवेदन किया था। डूडा ने भी आवेदन में लगाए गई रसीद और बिजली के बिल पर ही अनुदान राशि आवंटित कर दी। विभाग की ओर से न तो निर्माण स्थल का कोई निरीक्षण किया और न ही आवेदकों की जमीन के बैनामे की जांच की। आवेदकों ने विभाग की इस लापरवाही का फायदा उठाते हुए अनुदान की राशि से भटावली गांव के स्थान पर काजीपुरा गांव में जिला सहकारी संघ लिमिटेड की करीब 3.368 हेक्टेयर भूमि पर 300 से अधिक मकानों को निर्माण कर लिया। जिसको लेकर जिला सहकारी संघ की ओर से जमीन को खाली कराने के लिए मकानों पर नोटिस भी चस्पा किए गए थे। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता जितेंद्र पाल के निर्देश पर जिला सहकारी संघ के सचिव विजय सिंह ने नये आवेदकों को मकान बनाने के लिए दी गई सहायता राशि पर परियोजना अधिकारी डूडा को जिला सहकारी संघ की भूमि खाली कराने के लिए पत्राचार किया था। जिस पर पीओ डूडा ने नये आवेदकों को दी गई धनराशि वापस करने के लिए नोटिस दिया है। यह निर्माण भी जिला सहकारी संघ की भूमि पर ही किया जा रहा था। इसको लेकर परियोजना अधिकारी डूडा अनामिका का कहना है कि योजना के लिए दी गई शर्त के मुताबिक हाउस टैक्स और बिजली बिल की रसीद पर ही योजना का अनुदान दिये जाने को कहा है। जिला सहकारी संघ की जमीन कर कब्जे की बात पर उन्होंने बताया की योजना के आवेदकों को धनराशि वापस करने लिए नोटिस दिए गए हैं। वहीं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक जितेंद्र पाल की माने तो जमीन खाली कराने जिए जिलाधिकारी एंव मंडलायुक्त से पत्राचार किया गया है।

# 16 केंद्रों पर 10वीं के छात्रों ने दी उर्दू विषय की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**▸▸ पेपर देकर निकले कुछ छात्रों के चेहरे खिले, कुछ हुए मायूस**

**अमृत विचार:** जिले में चल रही सीबीएसई की परीक्षा के पांचवें दिन मंगलवार को दोनों पालियों में कम छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। जिसमें बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने फूड प्रोडक्शन, डिजाइन, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, ऑफिस प्रोसीजर एंड प्रैक्टिस की परीक्षा दी। परीक्षा 16 केंद्रों पर हुई। परीक्षा देकर स्कूल से बाहर आ रहे कुछ छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले, तो कई उदास दिखे।

मंगलवार को सुबह परीक्षा केंद्रों के बाहर हाथ में किताब लिए छात्र छात्राएं पढ़ते मिले। स्कूल का गेट खुलते ही छात्र छात्राओं ने परीक्षा देने के लिए स्कूल में प्रवेश किया। जिसमें दसवीं की परीक्षा के लिए 5100 और बारहवीं की परीक्षा के लिए 4000 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। सीबीएसई बोर्ड की दसवीं में उर्दू विषय, बंगाली, तमिल, तेलगू, मराठी, गुजराती, मणिपुरी, फ्रेंच और उर्दू विषय की परीक्षा हुई। वहीं बारहवीं कक्षा के परीक्षार्थियों ने फूड प्रोडक्शन, डिजाइन, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, ऑफिस प्रोसीजर एंड प्रैक्टिस की परीक्षा दी। इन परीक्षाओं का समय 10.30 से 12.30 बजे तक रहा।

## खराब ईंटें लगाने पर नगर आयुक्त से शिकायत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वार्ड 12 में देहरी गांव के नाले वाली सड़क निर्माण में गुणवत्ताविहीन सामग्री लगाने पर नागरिकों ने नाराजगी जताई है। नगर आयुक्त को शिकायती पत्र देकर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

देहरी गांव निवासी कुक्कू चौधरी ने नगर आयुक्त को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि ठेकेदार व पार्षद की साठगांठ से नगर निगम के पैसों का दुरुपयोग हो रहा है। गोविंद नगर व देहरी गांव में सड़कों की मरम्मत व नई सड़क निर्माण में मानक विहीन ईटों का प्रयोग किया जा रहा है। जहां नई टाइल्स बिछनी है वहां पर पुरानी मिलाकर निर्माण कराया जा रहा है। विवेक, राजू, मिथलेश, विजय ने इसकी जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# शटडाउन लेकर भी नहीं किया कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**परेशानी**

**▸▸ आज आशियाना और रामगंगा विहार में 6 घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति**

**अमृत विचार :** बिजली विभाग के स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य से महानगरवासियों को परेशानी होने लगी है। मंगलवार को कार्यदायी संस्था द्वारा दिए गए शटडाउन प्लान में कार्य नहीं किया गया। वेव ग्रीन के भूमिगत केबल बिछाने के कार्य के लिए पीटीसी विद्युत केंद्र से पांच घंटे का शटडाउन लिया गया था। वहीं, बुधवार को विद्युत केंद्र दौलत बाग के क्षेत्र बंगला गांव, झब्बू का नाला, दीवान बाजार, दसवां घाट, देवराज कंपाउंड, घोसी की पुलिया, लालबाग एवं तहसील स्कूल क्षेत्र में आरडीएसएस के कार्य में 5 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

मंगलवार को बिजली विभाग ने स्मार्ट सिटी परियोजना का कार्य करने के लिए कार्यदायी संस्था को सुबह 11 बजे 4 बजे तक का शटडाउन प्लान दिया था। जिसमें सीएमओ कार्यालय से लेकर जिगर कॉलोनी चौराहे और चक्कर की मिलक से लेकर जिगर कालोनी तक स्मार्ट सिटी के कार्य में भूमिगत केबल में बिजली सुचारुरू करनी थी। इस कार्य के लिए कार्यदायी संस्था ने अब चौथी बार शटडाउन लिया, लेकिन एक बार कार्य पूरा नहीं हो पाया। मंगलवार को लिए शटडाउन में भी कार्यदायी संस्था कार्य पूरा नहीं किया। हालांकि शटडाउन के दौरान क्षेत्र में बिजली कटौती निर्धारित समय तक रही। विद्युत उपकेंद्र पीटीसी के एसडीओ श्रीकांत ने बताया विद्युत उपकेन्द्र विवेकानन्द, रामगंगा विहार के डिस्मेंटल वर्क एवं एबीसी केबल बिछाने के कार्य के लिए स्मार्ट सिटी में शटडाउन प्लान किया गया है। जिसमें बुधवार को 33 केवी विद्युत उपकेंद्र विवेकानन्द के आशियाना द्वितीय फीडर के उपभोक्ताओं व विद्युत उपकेन्द्र रामगंगा विहार के स्टेडियम रोड के उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से 3 बजे तक लगातार 6 घंटे तक बाधित रहेगी।

## फोटोग्राफर से हाथापाई का वीडियो वायरल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कल्कि धाम निर्माण से चर्चा में आए आचार्य प्रमोद कृष्णम के कार्यक्रम में मंगलवार को एक दैनिक अखबार के फोटोग्राफर के साथ सुरक्षा गार्ड द्वारा हाथपाई की गई। इतना ही नहीं सुरक्षा गार्ड ने फोटो ग्राफर के साथ अभद्रता भी की। इस पूरे मामले का विडियो सोशल साइट पर वायरल हो रही है।

मंगलवार को आचार्य प्रमोद कृष्णम महानगर में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। कार्यक्रम में मंच पर प्रमोद कृष्णम लोगों को संबोधित कर रहे थे। इसी बीच एक समाचार पत्र के फोटोग्राफर ने मंच पर पहुंचकर फोटो लेना चाहा। यहां सुरक्षा गार्ड ने फोटोग्राफर से अभद्रता की। फोटोग्राफर ने विरोध किया तो सुरक्षा गार्ड ने उसके साथ हाथापाई भी की।

**महोत्सव** | वृन्दावन धाम रामगंगा विहार व कांशीराम नगर में एकादशी महोत्सव का आयोजन

# संसार के सभी व्रतों का पुण्य एकादशी में समाहित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वृन्दावन धाम रामगंगा विहार व कांशीराम नगर में अर्द्धमौनी सर्व कल्याण ट्रस्ट की ओर से एकादशी महोत्सव का आयोजन हुआ। कथा व्यास धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने कहा कि संसार के समस्त व्रतों का पुण्य एकादशी व्रत में समाहित रहता है। एकादशी व्रतों का पुण्य निर्जला एकादशी से प्राप्त हो जाता है।

कथा व्यास ने आगे कहा कि उद्यम से दरिद्रता तथा जप से पाप दूर होता है। मौन रहने से कलह और जागते रहने से भय नहीं होता। जो साधन के बल पर चलते हैं, वे मजदूर होते हैं। मां की महत्ता का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि मां अपने बालक के काम का माप-तौल नहीं करती कि इसने इतना काम किया है तो इसको इतना भोजन दूंगी, इतना लाड़-प्यार करूंगी। काम का माप-तौल नौकर का होता है कि उसने कितना काम किया है और उस काम के अनुसार उसको वेतन मिलता है। लोगों को तो धन, सम्पत्ति, वैभव आदि की जरूरत रहती है, पर भगवान को किसी चीज की जरूरत ही नहीं है। इसलिए मजदूरी का बल न रखकर भगवान में अपनेपन का बल रखना चाहिए। कथा व्यास ने कहा कि भाव से भगवान मिलते हैं। भय के कारण भगवान को हम देख नहीं पाते और अपनी परेशानियों में उलझते और भटकते रहते हैं। बस एक भक्त एक ज्ञानी में यही समझ है कि किसी भी परिस्थितियों में परेशान नहीं होता। इस दौरान साहब बहादुर भटनागर, शक्ति भटनागर, शिवानी भटनागर, शौर्य भटनागर, डॉ. फूल सिंह, डॉ. कौशल्या सिंह, पारुल सैनी, चेतना सैनी, केशव सैनी, मोना अग्रवाल, सुधा शर्मा, सपना चौधरी, देवांश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



एमआईटी सभागार में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### तीन दिवसीय रामायण नाट्योत्सव आरंभ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीन दिवसीय रामायण नाट्योत्सव प्रस्तुति में भगवान श्रीराम-केवट संवाद के रूप में भक्त और भगवान की लीला का मंचन एमआईटी सभागार में हुआ। शुरुआत में वनगमन को जाते श्रीराम-जानकी और लक्ष्मण की मुलाकात भील और शबरी से हुई। प्रसंग में सभी वनगमन का कारण जानने के बाद क्रोधित होकर अयोध्या पर आक्रमण करके प्रभु राम का राज्य उन्हें वापस दिलाने को कहते हैं। वनवासी राम द्वारा समझाने पर सभी लौट जाते हैं। केवट द्वारा राम के पैर पखारने और नौका से नदी पार कराने का दृश्य मंचित हुआ। आरंभ में निधि मदान एवं आस्था दधीचि ने कत्थक नृत्य से श्रीराम स्तुति की। महापौर विनोद अग्रवाल, एमआईटी चेयरमैन वाईपी गुप्ता, सीए दीपक बाबू, सुरेश अग्रवाल, सुषमा गर्ग और अनिता गुप्ता ने मां शारदा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रस्तुति अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्था अयोध्या तथा प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित है। समन्वयक डॉ.पंकज दर्पण अग्रवाल ने बताया कि मुरादाबाद के अतिरिक्त शाहजहांपुर, बरेली, मेरठ और गाजियाबाद जनपदों में 20 से 29 फरवरी तक आयोजित है। मुसांस की अध्यक्ष अनिता गुप्ता ने कहा कि हमारी संस्था के लिए यह गर्व की बात है। महापौर विनोद अग्रवाल ने आयोजन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# भक्तमाल कथा के वशीभूत हुए श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मां पीताम्बरा बगलामुखी देवी महायज्ञ एवं श्री भक्तमाल कथा में प्रातः देवी महायज्ञ हुआ। जिसमें मुख्य यजमान शरद सिन्हा, कमल कुमार गुप्ता, अंकित सक्सेना, केके गुप्ता, राजेश सक्सेना, अरुण त्यागी, चन्द्रकांत श्रीवास्तव रहे। अनुष्ठान कृष्णा स्वामी की देखरेख में आचार्य कामेश्वर मिश्र ने कराया। समारोह में श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का हरी गोपाल शर्मा, अमित गुप्ता, अमित सक्सेना, विपिन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, केए सक्सेना, दिनेश अग्रवाल ने स्वागत किया।

पं. नंद किशोर पाण्डेय ने कहा कि वृन्दावन के संत जगन्नाथ प्रसाद भक्तमाली से नारायण दास बक्सर वाले भक्तमाल ग्रंथ का अध्ययन करने लगे। जब ग्रन्थ की पूर्णता हुई तो भक्तमाली के सम्मुख श्रीमद भागवत श्लोकार्थ समेत पढ़ने की इच्छा प्रकट की। बोले, नारायणदास! क्या तुम्हारी इच्छा दास से पंडित बनने की है? यह सुन वह भाव विह्वल हो गये। बोले, नहीं गुरुदेव मुझ दास को संतों का दास ही बने रहने की इच्छा है, पंडित बनने की नहीं। तब भक्तमाली ने कहा, तो तुम केवल भक्तमाल का आश्रय लो, इनका पठन पाठन और ध्यान करो। संत आशीर्वाद से मामाजी भक्तमाली नाम से विभूषित हुए। बताया, पुराणों और महाभारत में भी भक्त चरित्रों का ही वर्णन है। यह सब भी एक प्रकार से भक्त चरित्र ही है। इस मौके पर अरविंद अग्रवाल, व्योम त्रिपाठी, अरुण अग्रवाल, पौनी सहगल, नरेश सक्सेना, राजीव अग्रवाल मल्लू, सुधीर श्रीवास्तव, विकास ममगाई आदि मौजूद रहे।



आचार्य प्रमोद कृष्णम का स्वागत करते आयोजन समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

**▸▸ श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का हुआ स्वागत**

## शहर में आज

- सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संभल के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को कांठ रोड स्थित एक हास्पिटल में देखने आएंगे, दोपहर 2:15 बजे।
- कुमारतनय वैश्य महासभा समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होटल मानसरोवर पैराडाइज में दोपहर 1:00 बजे।
- सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा महानगर के केंद्रों पर सुबह 10:00 बजे।

## एक नजर

### छात्रा की वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा की उसके सहपाठी ने ही अश्लील वीडियो बना ली और दोस्तों को वायरल कर दी। मामले में कोतवाली में तहरीर दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामला बिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा का है, जो डिग्री कॉलेज में पढ़ती है। आरोप है कि उसके साथ पढ़ने वाले युवक ने उसे बहला फुसला लिया और मोबाइल पर बातें करने लगा। इस बीच मोबाइल पर वीडियो कॉल कर उसकी अश्लील वीडियो रिकॉर्ड की। बाद में वीडियो दोस्तों को वायरल कर दी। पीड़िता ने युवक के परिवार के लोगों से शिकायत की तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### त्योहारों को लेकर अमन कमेटी की बैठक

**कुंदरकी, अमृत विचार :** मंगलवार को थाना परिसर में त्योहार शबे बारात और रविदास जयंती को लेकर अमन कमेटी की बैठक हुई। जिसमें क्षेत्राधिकारी बिलारी राजेश यादव ने बताया कि आने वाले त्योहारों पर कोई नई परंपरा न डाली जाए। त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस को सूचित करें। साथ ही कहा कि बोर्ड परीक्षा शुरू होने वाली हैं। इसलिए तेज आवाज में लाउडस्पीकर न बजाएं। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजकुमार त्यागी, सलीम मलिक, यशवीर मलिक, जोगेंद्र पटेल और अन्य लोग मौजूद रहे।

# भर्ती परीक्षा में धांधली का आरोप

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा के अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा को दिया है। इसमें पुलिस परीक्षा को पुनः कराने की मांग की है।

नगर के कोचिंग सेंटरों पर अध्ययनरत पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन देकर कहा कि 17 व 18 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस की परीक्षा संपन्न हुई। इस परीक्षा में धांधली हुई है। चारों पालियों के प्रश्न पत्र समय से पूर्व ही टेलीग्राम के माध्यम से वायरल हो गए हैं। इसके साक्ष्य अभ्यर्थियों के पास है। उन्होंने मुख्यमंत्री से परीक्षा में धांधलीबाजी करने वाले असमाजिक तत्वों का पर्दाफाश कराकर दंडनीय कार्रवाई करने के साथ दोबारा से निष्पक्ष परीक्षा कराने की मांग की है।


ठाकुरद्वारा में एसडीएम को ज्ञापन देते छात्र। ● अमृत विचार

**▸▸ मुख्यमंत्री से की पुलिस भर्ती परीक्षा दोबारा कराने की मांग**

उन्होंने टेलीग्राम पर वायरल साक्ष्यों की छायाप्रति और परीक्षा कक्ष में प्रश्न पुस्तिका पैकेट पर रखे हस्तलिखित पेपर की साक्ष्य की वायरल छायाप्रति भी एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजी है। इसमें रोहन पधान, विनीत चौहान, अमित सक्सेना, रवि चैधरी, नेहा, आकांक्षा, शिवानी, पल्लवी, सुमित चैधरी, अभय शर्मा, अभिषेक भारद्वाज, विपिन कुमार, परवेंद्र सिंह, प्रदीप चौहान, शाहिद रजा आदि मौजूद थे।

### 10 बेड के वार्ड में कैंसर के मरीजों को दर्द निवारक इंजेक्शन व दवा के साथ दी जाएगी थेरेपी

# मरीजों के लिए तैयार हो रहा पैलिएटिव केयर वार्ड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कैंसर की बीमारी से पीड़ित मरीजों को अंतिम दिनों में दर्द से तड़पने पर अब जिला अस्पताल में राहत मिलेगी। जिसके लिए जिला अस्पताल में पैलिएटिव केयर वार्ड तैयार किया जा रहा है। ऐसे मरीजों का इस वार्ड में उपचार होगा, जिनके लिए ठीक होने की संभावनाएं खत्म हो चुकी होंगी और वह कैंसर के अंतिम स्टेज पर है। परिवार उनकी दवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकता।

जिला अस्पताल में बनाए जा रहे पैलिएटिव केयर वार्ड में 10 बेड होंगे। जिसमें कैंसर के मरीजों को दर्द निवारक इंजेक्शन, दवा व व्यवहार थेरेपी भी दी जाएगी तथा अंतिम दिनों में मरीजों का आत्मविश्वास बढ़ाया जाएगा, जिससे उनकी तकलीफ कम हो सके। इसके लिए जिला अस्पताल के तृतीय तल पर व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। कैंसर का इलाज महंगा होने के कारण मरीज व परिजन निजी अस्पतालों का खर्च वहन नहीं कर पाते हैं। जिला अस्पताल की एसआईसी डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि कैंसर से पीड़ित मरीजों का इलाज शुरुआती दौर में आसान होता है, लेकिन जो मरीज लाइलाज हो जाते हैं उनके लिए पैलिएटिव केयर की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि पैलिएटिव केयर में मरीज के खाने की नली, यूरीन व स्टूल बैग के साथ मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जाता है। जिससे मरीजों को अंतिम समय में परेशानी व तकलीफ नहीं होती है। उन्होंने यह भी बताया कि पैलिएटिव केयर अस्पताल के अलावा घर पर भी दी जा सकती है।



जिला अस्पताल स्थित टू नैट लैब।

### स्वास्थ्य शिविर में वितरित की दवा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को कंपनी बाग स्थित मनोरंजन सदन में ऑर्गेनम होम्योपैथिक सोसाइटी की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकनपॉक्स, चिकिगुनिया व खसरा से बचाव के लिए होम्योपैथी दवाइयों का वितरण किया गया। इसके अलावा असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों की चिकित्सा एक्यूप्रेशर विधि से की गई। सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आरके शर्मा ने बताया कि बदलते मौसम में बीमारियों का खतरा बढ़ता है। उन्होंने इससे बचाव की जानकारी दी और कहा कि इसके रोकथाम में होम्योपैथी दवा कारगर हैं। इस मौके पर डॉ. नूतन आर्य, ज्योति सागर, चरण सिंह, डॉ. जीके गर्ग, महेश बंसल, सुधीर श्रीवास्तव, केके गुप्ता, राजीव अग्रवाल, नरेशचंद्र सक्सेना मौजूद रहे।

# लापता युवक का शव नाले में मिला

## नगर निगम की सफाई के दौरान हुआ बरामद, 22 दिन से लापता था युवक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम द्वारा सफाई अभियान के दौरान नाले में 22 दिन से लापता युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पहले तो पहचान न होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया, लेकिन बाद में पहचान होने पर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है।

बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती समाजवादी पार्टी के संभल से सांसद शफीक उर रहमान बर्क को देखने के लिए आ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री का कार्यक्रम जारी होने के बाद जिला प्रशासन और नगर निगम ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर निगम की टीम द्वारा जेसीबी से कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल के बराबर में नाले में सफाई कराई जा रही थी। जेसीबी ने जब नाले से कूड़ा निकला तो उसमें एक व्यक्ति का फूला हुआ शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से मृतक की पहचान करानी चाही, लेकिन सभी ने उसे पहचानने से इनकार कर दिया। वहीं शाम को हरथला के विद्या नगर में रहने वाला परिवार पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा। परिवार ने मृतक की पहचान बृजेश सैनी (23) पुत्र कांशीराम सैनी के रूप में की। परिवार के लोगों ने बताया कि बृजेश मजदूरी करता था और शराब पीने का आदी थी। बताया कि बृजेश बीती 29 जनवरी को अचानक लापता हो गया था। परिवार के लोगों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद परिवार के लोगों ने सात फरवरी को सिविल लाइंस थाने में बृजेश सैनी की गुमशुदगी दर्ज कराई। तभी से परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। पहचान होने पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।


सफाई के दौरान नाले से शव मिलने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

**▸▸ सूचना मिलने के बाद परिजनों में मचा कोहराम**

### समझौता न करने पर दो महिलाओं से मारपीट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बच्चे को दवा दिलाकर अस्पताल से लौट रही महिला और उसकी जेठानी की दबंगों ने पिटाई कर दी। घायल महिलाओं को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना कटघर क्षेत्र स्थित कमला नगर निवासी सोनम पत्नी गजेंद्र सिंह अपनी देवरानी राधिका पत्नी उमेश के साथ अपने आठ महीने के बच्चे कार्तिक को दवा दिलाकर लौट रही थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले अमन ने राधिका और सोनम को रास्ते में जबरदस्ती रोक लिया। अमन महिला पर अपहरण के पुराने मामले में समझौते का दबाव बनाने लगा। बताया गया कि लगभग डेढ़ साल पहले राधिका को अमन अगवा करके ले गया था। जिसके बाद परिवार के लोगों ने अमन के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी मामले में अमन काफी समय से समझौते का दबाव बना रहा है। मंगलवार को महिलाओं ने विरोध किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। हमले में राधिका की जेठानी सोनम भी घायल हो गई। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देने की बात कही है।

# संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष के संदेश से उत्साहित बसपाई

कार्यालय कार्यालय, मुरादाबाद

**▸▸ मिशन का संदेश लेकर क्षेत्र से उम्मीदवार खोज रहे पार्टी नियंता**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर किस्मत आजमाने में जुटी बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के संदेश से बसपाई दावेदार उत्साहित हैं। जोन, मंडल और जिलास्तर कार्य करने वाले इसे कैडर के लिए अच्छा मानते हैं। लोकसभा क्षेत्रवार पैनल तैयार करने वाले नए सिरे से माहौल की समीक्षा कर रहे हैं। चर्चा है कि पार्टी सर्व समाज से उम्मीदवार का चयन करेगी।

मंडल में छह लोकसभा सीटें हैं। वर्ष 2019 के आमचुनाव में तीन सीटों पर पार्टी उम्मीदवार विजयी हुए थे। तब बसपा का सपा और रालोद से चुनावी गठबंधन था। अमरोहा से कुंवर दानिश अली, नगीना (सुरक्षित) से गिरीशचंद्र और बिजनौर से मलूक नागर संसद पहुंचे थे। मुरादाबाद, संभल और अमरोहा सीट सपा के खाते में गयी थी। इस बार चुनाव में पार्टी ने अकेले मैदान में उतरने की घोषणा की है। संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को अन्य दलों से तालमेल के प्रचार को सिरे से खारिज किया था। साफ किया था कि यह बसपा के राजनीतिक विरोधियों की चाल है।

साल 2014 के चुनाव में मंडल की सभी छह सीटों पर भाजपा के कब्जे और नए समीकरण की छानबीन शुरू हो गयी है। सूत्रों का कहना है कि उम्मीदवार चयन के पहले चरण में बसपा ने तीन-तीन नाम का पैनल तैयार किया था। मंडल के जिम्मेदारों द्वारा यह सूची गोपनीय रखी गयी थी। जानकार मानते हैं कि पार्टी मुखिया साल 2014 और 2019 के अनुभवों को देखते हुए नए समीकरण से चुनावी मैदान में उम्मीदवार उतारने की तैयारी में हैं। अन्य दलों की चुनावी तैयारी से इतर बसपा के मंडलीय पदाधिकारियों को बूथ और सेक्टर की बैठक में भेज चुकी है। इन दिनों संगठन बूथ स्तर पर विचार, मिशन, प्रदेश में बसपा के चार बार के जन कल्याण के कार्य के लिए माहौल बनाने में जुटे हैं। संगठन के मंडलीय प्रभारी डा. रणविजय सिंह का कहना है कि संगठन मजबूती से चुनाव लड़ेगा। क्षेत्र में लगातार बैठकें हो रही हैं। बसपा की राजनीति का मतलब सेवा और जनकल्याण है।

# मायके से ढाई लाख नहीं लाने पर महिला को घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मायके से ढाई लाख रुपये की नकदी न लाने पर पति व ससुराल के लोगों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आरोपी पति समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना मझोला क्षेत्र के कांशीराम नगर की रहने वाली मीनाक्षी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 27 फरवरी 2023 को दिल्ली के मोहन गार्डन उत्तम नगर निवासी तरुण राघव के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से पति और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। सभी ढाई लाख रुपये की मांग करने लगे। मना करने पर पति तरुण राघव, देवर अरुण राघव, ननद कविता सैमबुल, गीता, जितेंद्र सिंह, अंशु, आशीष सिंह ने मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। इस मामले में पंचायत भी हुई, लेकिन आरोपी बिना दहेज के पीड़ित को साथ ले जाने के लिए तैयार नहीं हुए। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत की। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर पीड़िता के पति समेत आठ ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**कार्रवाई**

**▸▸ पीड़िता ने पति समेत आठ लोगों के खिलाफ मझोला थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट**

### डॉ. काव्य सौरभ राष्ट्रीय महामंत्री बने

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एमएच कालेज के प्रबंधक डॉ.काव्य सौरभ जैमिनी अखिल भारतीय हरिश्चंद्र वंशीय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री निर्वाचित हुए हैं। मंगलवार को मेरठ में आयोजित महासभा समन्वय सभा में उन्हें यह जिम्मेदारी दी। महासभा में महानगर को यह दूसरी बार अवसर मिला है। वर्ष 2008 में काव्य के पिता डॉ. विश्व अवतार जैमिनी इस पद पर निर्वाचित हुए थे। चुनाव के दौरान स्थानीय अध्यक्ष सुधीर रस्तोगी, अनीता रस्तोगी, राजेश रस्तोगी, मनोज रस्तोगी, कुलदीप रस्तोगी एवं राजकमल रस्तोगी मेरठ पहुंचे। बयान जारी कर काव्य ने कहा है कि मार्च से देशभर में संबद्धता अभियान चलाया जायेगा। तकनीकी एवं वाणिज्यिक क्षेत्र में कार्यरत रस्तोगी युवाओं की डायरेक्ट्री बनाई जाएगी। दक्षिण बिहार में संगठन को मजबूत करेंगे। मुंबई क्षेत्र का संगठनात्मक विस्तार किया जाएगा।

# आज आएंगे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को मुरादाबाद आएंगे। वह दोपहर 12 बजे ठाकुरद्वारा के विधायक नवाब जान खान के आवास पर पहुंचकर उनके सुपुत्र के शादी के उपलक्ष्य में आशीर्वाद देंगे। यहां से लौटकर सर्किट हाउस में बने हेलीपैड पर उतरने के बाद कांठ रोड स्थित एक निजी हास्पिटल में भर्ती संभल के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का हाल जानेंगे।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आने को देखते हुए मंगलवार को उनकी सुरक्षा को लेकर निगरानी की गई। रेलवे स्टेशन पर आए उनके निजी सुरक्षा कर्मियों को जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने सर्किट हाउस और हास्पिटल आदि के लोकेशन की जानकारी दी। सपाध्यक्ष पहले ठाकुरद्वारा के विधायक नवाब जान के आवास पर आएंगे। यहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 1:30 बजे वापस हेलीपैड पर आकर 1:45 बजे सर्किट हाउस में बने हेलीपैड पर आएंगे। यहां से कार द्वारा कांठ रोड पर निजी हास्पिटल में इलाज करा रहे संभल के सांसद का हाल जानकर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना करेंगे।


ठाकुरद्वारा के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में हेलीपैड का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां पूरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बुधवार को ठाकुरद्वारा के सपा विधायक नवाबजान खां के पुत्र के विवाह उपरांत वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचेंगे। इसके मद्देनजर अधिकारियों ने हेलीपैड आदि का निरीक्षण किया। इसके मद्देनजर मंगलवार को विधायक आवास से लेकर नगर में पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियां जोरशोर से चलती रही। हेलीपैड बनाने से लेकर नगर समेत क्षेत्र में स्वागत के लिए बैनर व हार्डिंग्स लगाए गए हैं। उधर अधिकारियों ने भी पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों की समीक्षा की।

### मारपीट के मामले में ढाई माह बाद दर्ज की रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढाई माह पूर्व हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

थाना मूंढापांडे के गांव लक्ष्मीपुर कट्टई निवासी नफीस ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही बाबू के परिवार से उसकी रंजिश चल रही थी। आरोपी बाबू अपने भाई हसीम और एक अन्य आरोपी जुनैद के साथ 29 नवंबर 2023 को उसके घर घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने मारपीट कर नफीस को घायल कर दिया। उसी समय पीड़ित ने थाने में तहरीर दी थी। लेकिन, पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अब तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**निपुण भारत मिशन** — मुरादाबाद में 50 प्रतिशत बच्चे ही हो पाए निपुण, अब कमियों को सुधारने पर रहेगा जोर, निदेशालय ने जारी की रिपोर्ट

# मंडल में रामपुर सबसे बेहतर, संभल में 42 प्रतिशत बच्चे निपुण

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के कक्षा तीन स्तर तक के बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उनमें सीखने की क्षमता को बढ़ाने और बच्चों की प्रगति बेहतर बनाने के लिए चलाई जा रही निपुण भारत मिशन में मंडल में रामपुर जिले की प्रगति सबसे बेहतर है। जबकि मंडल मुख्यालय पर 50 प्रतिशत बच्चे ही निपुण हो पाए हैं। सम्भल जिला मंडल में सबसे पीछे है। जबकि जारी रैंक में अलीगढ़ जिला प्रथम नंबर पर है।

निपुण भारत मिशन का उद्देश्य सरकारी प्राथमिक स्कूल के बच्चों को शिक्षा के मूलभूत वर्षों में पहुंच प्रदान करने और उन्हें स्कूल में बनाए रखने, शिक्षक क्षमता निर्माण, उच्च गुणवत्ता और विविध छात्र और शिक्षक संसाधन व लर्निंग सामग्री का विकास करना है। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता प्रदान की जाती है। इसमें सीखने के परिणामों को प्राप्त करने में प्रत्येक बच्चे की प्रगति पर नजर रखी जाती है। फरवरी में जारी रैंक में प्रदेश में अलीगढ़ जिला सबसे आगे प्रथम नंबर है। यहां 84 प्रतिशत बच्चों को निपुण श्रेणी में शामिल हैं। दूसरे नंबर पर सोनभद्र जिला है। जहां 83 प्रतिशत बच्चे निपुण हैं। बात मुरादाबाद मंडल की करें तो यहां रामपुर जिले का प्रदर्शन मंडल में सबसे बेहतर है। सूची में रामपुर प्रदेश में 9वें स्थान पर है। जबकि मंडल का सम्भल जिला 56वें स्थान पर है। मंडल मुख्यालय मुरादाबाद इस रैंकिंग सूची में 33वें स्थान पर आया है। यहां नामांकित 60,446 बच्चों में से 50 प्रतिशत बच्चे ही निपुण हो पाए हैं। ऐसे में अब शिक्षाधिकारियों को अगली रैंकिंग सूची से पहले अपनी गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कमियों को सुधार कर आगे बढ़ना होगा। तभी निपुण भारत का लक्ष्य साकार हो पाएगा।

### यह है निपुण भारत लक्ष्य

2026-27 तक तीसरी कक्षा के अंत तक कक्षा एक, दो और तीन के विद्यार्थियों को पढ़ने, लिखने के साथ अंकगणित सीखने की क्षमता प्राप्त करानी है। इससे उनका शैक्षिक विकास होगा और उनकी मानसिक व शारीरिक क्षमता बढ़ेगी। इसके लिए शिक्षकों को 150 रुपये प्रति शिक्षक की दर से खर्च कर प्रशिक्षण भी दिया गया।

> मंडल के जिलों में जिन बच्चों को निपुण एप पर सफलता मिली है उन्हें और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। जहां रिजल्ट खराब है उन स्कूलों के नामांकित बच्चों की कमियों का मूल्यांकन कर उसे दूर कराएंगे। शिक्षकों को भी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार कर बच्चों की अधिगम क्षमता को और विकसित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। सभी का उद्देश्य बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है।
>
> **-बुद्धप्रिय सिंह, एडी बेसिक शिक्षा**

**सूची में शामिल मंडल के जिलों की स्थिति**

| जिला | प्रदेश में रैंक | नामांकित विद्यार्थी | लक्ष्य एप पर विद्यार्थी | बच्चों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| रामपुर | 9वीं | 61,647 | 45,208 | 73 |
| मुरादाबाद | 33वीं | 60,446 | 30,487 | 50 |
| बिजनौर | 38वीं | 64,429 | 31,816 | 49 |
| अमरोहा | 55वीं | 36,438 | 15,570 | 43 |
| सम्भल | 56वीं | 62,255 | 36,443 | 42 |

### प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र पुरस्कृत होंगे

**कांठ, अमृत विचार :** हावर्ड कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गढ़ी में 22 फरवरी को आयोजित खेलकूद वार्षिक समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा

हावर्ड कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गढ़ी में 22 फरवरी को खेलकूद वार्षिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि एसडीएम कांठ सचिन राजपूत, सीओ अंकित तिवारी, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहेंगे। प्रबंधक दीपेश सिंह, प्रधानाचार्य रणजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे वर्ष में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी दी जाएगी तथा खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्कूलों के टैलेंट हंट प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

# बीमा कंपनी का अधिकारी बनकर छात्रा से की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**▸▸ खाते से उड़ाए 25000, पीड़िता ने साइबर सेल में की शिकायत**

**अमृत विचार :** शातिर ठग ने बीमा कंपनी का अधिकारी बनकर बीफार्मा की छात्रा को झांसे में लेकर उसके खाते में 25 हजार रुपये की नकदी ट्रांसफर कर ली। पीड़िता ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज करके कार्रवाई की मांग की है।

थाना मुगलपुरा क्षेत्र के जीलाल स्ट्रीट मंडी चौक निवासी पवन अग्रवाल की बेटी अन्नया अग्रवाल बीफार्मा की पढ़ाई कर रही है। दी गई शिकायत में पीड़िता ने बताया कि बीती 18 फरवरी की दोपहर उसके मोबाइल पर 10 हजार और 30 हजार रुपये खाते में जमा होने के मैसेज आए। थोड़ी देर बाद ही एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को निजी बीमा कंपनी का अधिकारी बताया और कहा कि आपके खाते में बीमा कंपनी के 15 हजार रुपये भेजने थे, लेकिन गलती से 40 हजार रुपये चले गए हैं। आरोपी ने छात्रा से कहा कि आप पैसे वापस करा दीजिए। आरोपी के झांसे में आकर पीड़िता ने तीन बार में 25 हजार रुपये अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। पीड़िता ने खाता चेक किया तो उसके 40 हजार रुपये आए ही नहीं थे। परेशान होकर छात्रा ने बीमा कंपनी में संपर्क किया तो पता चला कि छात्रा की किस्त पूरी होने पर उसे 25 हजार रुपये रिफंड किया गया है। शेष कोई रकम नहीं ली गई है। पीड़िता ने आशंका जताई कि इस फ्रॉड में बीमा कंपनी के किसी कर्मचारी की भी भूमिका है। पीड़िता ने साइबर सेल की ठगी की शिकायत की है।

## एक नजर

### चचेरे भाई ने महिला से की मारपीट, तहरीर दी

**अगवानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम काजीपुरा निवासी महिला बाला देवी अपने पुत्र के साथ अपने भाई के यहां रहती है। लेकिन महिला के चचेरा भाई पद्म सिंह पुत्र नौबत सिंह को महिला के यहां रहने पर आपत्ति है। मंगलवार को पद्म सिंह ने महिला के पुत्र से मारपीट की। इतना ही नहीं घर आकर पद्म सिंह ने महिला से भी मारपीट की। पीड़िता ने अगवानपुर पुलिस चौकी में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वही चौकी इंचार्ज मेघराज सिंह ने बताया कि महिला की ओर से तहरीर मिली है। जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### कोर्ट में पेश नहीं होने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** अलग-अलग मामलों में अदालत में हाजिर नहीं होने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि अदालत के गैर-जमानती वारंट पर सितौरा गांव निवासी सुभाष को बेगमाबाद तिराहे से पकड़ा गया। उसके विरुद्ध न्यायालय में जानलेवा हमला आदि की धाराओं में दर्ज मुकदमा विचाराधीन है। तारीखों पर हाजिर न होने के कारण कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। कोतवाल बलवान सिंह ने बताया कि देवीपुरा गांव निवासी ज्ञान प्रकाश को अदालत के वारंट पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

### किशोरी से मारपीट में तीन साल की कैद

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी से मारपीट में एडीजे आठ की कोर्ट ने दोषी को तीन साल कैद की सजा सुनाई। इसके अलवा 2500 रुपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को देने के आदेश कोर्ट ने दिए हैं। मामला टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। गांव निवासी नईम मौका पाकर 29 जनवरी 2017 को एक ग्रामीण के घर में घुस गया था। वहां उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया था। विरोध पर पीटकर उसे घायल कर दिया था। इस मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे आठ की कोर्ट में चल रही थी। मंगलवार को आरोपी नईम को दोषी करार देते हुए अदालत ने धारा 323 में एक वर्ष का कारावास और 500 रुपये जुर्माना, धारा 452 में तीन वर्ष कारावास और एक हजार रुपये जुर्माना, धारा 506 में एक वर्ष कारावास और एक हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

## मार्च में होगा परियोजना का क्रियान्वयन, विभाग ने तेज की तैयारी

# 495 लाख से होंगे बाढ़ रोधक कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

> बीते साल के खतरों को देखते हुए विभाग ने शासन से धन की मांग की थी। शासन ने बजट का आवंटन कर दिया है। मार्च माह से परियोजना पर कार्य शुरू होगा। कटाव रोधक कार्य होने हैं। रामगंगा, गागन जैसी नदियों से यहां खतरा रहता है, इसे देखते हुए योजना तैयार की गयी है।
>
> –राजेश कुमार गंगवार, एक्सईएन, बाढ़ खंड

**अमृत विचार :** अधिक वर्षा, रामगंगा के उफान और पहाड़ी नदियों से जन सामान्य को सुरक्षित करने की योजना पर बाढ़ विभाग ने कार्य शुरू कर दिया है। मार्च महीने में परियोजना पर कार्य शुरू होगा, जिसके मद्देनजर तीन-तीन गांवों को जोड़ते हुए सुरक्षा बांध बनाए जाएंगे। शासन की ओर से इसकी वित्तीय स्वीकृति मिल गयी है।

क्षेत्र के हरपाल नगर, रनियाखेड़ा, गदंडखेड़ा, लोधीपुरवासू, लोधीपुर एहतमाली और भीखनपुर गांव की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हुआ था। नदी का पानी गांवों में घुस गया था। जिला प्रशासन और बाढ़ खंड के अधिकारियों ने पानी उतरने के साथ ही इस समस्या के समाधान की तैयारी शुरू कर दी थी। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने भी गांवों में जलभराव और बाढ़ जैसे हालात को गंभीरता से लिया था। सूत्रों की मानें तो विभाग और उच्चाधिकारियों की तैयारी का संज्ञान लेकर ही शासन ने दोनों परियोजनाओं के लिए धन का आवंटन कर दिया है।

विभाग ने बाढ़ रोधक कार्य, बंधा बनाने और अन्य जरूरी ठोकर बनाने की योजना के लिए दो किस्तों में धन जारी किया है। पहली योजना हरपाल नगर- रनियाखेड़ा- गदंडखेड़ा के लिए 1.8 करोड़ रुपये मिले हैं। उधर, लोधीपुरवासू- लोधीपुर एहतमाली- भीकनपुर परियोजना के लिए 3.15 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। बंधा और निर्माण कार्य शुरू करने के पहले विभाग हर संभावनाओं और खतरों का अध्ययन कर रहा है। एजेंसी निर्धारण की तैयारी हो चुकी है। वर्षा सीजन से पहले यह कार्य किया जाना है।

### अब्दुल्ला के दो पासपोर्ट मामले में हुए बयान

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष का गवाह खालिद अली आया। उसने कोर्ट में अपने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 27 फरवरी को सुनावाई होगी।

भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई 2019 को सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें भाजपा विधायक ने अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने जांच के बाद अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए थे। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। वादी के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि मंगलवार को बचाव पक्ष के गवाह खालिद अली ने बयान दर्ज कराए हैं। अब इस मामले में 27 फरवरी को सुनवाई होगी।

# दो दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गोली मारकर युवक की हत्या करने के मामले में कोर्ट ने दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर 26-26 हजार का जुर्माना लगाया है।

मामला शादबाद थाना क्षेत्र के गांव चकासी से जुड़ा है। घटना तीन सितंबर 2012 की है। वादी बदन सिंह के पुत्र सतीश को कुछ लोगों ने रास्ते में रोककर बाल मुंडवाने की बात कही थी। युवक ने मामले की जानकारी घर जाकर परिजनों को दी थी। आरोपियों ने मामले की जानकारी करने आए बदन सिंह और उसके बेटों पर अधाधुंध फायरिंग कर दी थी। इसमें बदन सिंह के बेटे अमन की गोली लगने मौत हो गई थी। जबकि रवि गोली लगने से घायल हो गया था। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक किशोर के अलावा पिता-पुत्र सहित चार लोगों को नामजद किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एससी-एसटी एक्ट की कोर्ट में चल रही थी। मंगलवार को इस मामले में आरोपी अल्ताफ और इम्तियाज को दोषी मानते हुए कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा और 26-26 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

#### सुनवाई के दौरान एक आरोपी की हो चुकी है मौत

शाहबाद हत्याकांड के आरोपी मुन्ने पुत्र बाबू के खिलाफ भी केस दर्ज हुआ था। एसपीओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि आरोपी मुन्ने की मौत हो चुकी है। जबकि दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। धारा 302 में आजीवन कारावास और 10,000 रुपये जुर्माना, धारा 307 में पांच वर्ष का कारावास और पांच हजार रुपये जुर्माना सुनाया। इसके अलवा धारा 504 में एक वर्ष का कारावास और एक हजार रुपये जुर्माना लगाया है। एससी-एसटी एक्ट में आजीवन कारावास और 10,000 रुपये जुर्माना लगाया गया है।

#### एक आरोपी का किशोर न्यायालय में चल रहा मामला

शाहबाद के चकासी गांव में हुए गोली कांड में पुलिस ने चार लोगों को आरोपी बनाया था। एक आरोपी किशोर होने के कारण कोर्ट ने उसकी फाइल अलग कर दी। उसकी सुनवाई किशोर न्यायालय में चल रही है।

**अमन हत्याकांड**

- कोर्ट ने प्रत्येक पर लगाया 26-26 हजार रुपये जुर्माना

# कर्मचारी संयुक्त परिषद का हुआ विलय

## क्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ने 2100 साथियों के साथ यूपी रोडवेज कर्मचारी संघ का थामा दामन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के यूपी रोडवेज कर्मचारी संघ में विलय की घोषणा करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों के सम्मान के लिए मुरादाबाद रोडवेज वर्कशाप में प्रदेश स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद मुरादाबाद का यूपी रोडवेज कर्मचारी संघ में विलय हो गया। वहीं उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ और भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर प्रदेश सरकार द्वारा 500 करोड़ रुपये की धनराशि का नई बसों के खरीद के लिए बजट में प्रावधान करने की घोषणा का नेताओं ने स्वागत किया।

मंगलवार को रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मंचासीन नेताओं के साथ रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष का भी स्वागत किया। इसके बाद मंच से संघ के प्रांतीय व प्रदेश अध्यक्ष ने रोडवेज परिवहन की ओर से सरकार का आभार व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि रोडवेज परिवहन पुरानी बसों के स्थान पर अब नई इलेक्ट्रिक बसों को खरीद कर यात्रियों को सुलभ यात्रा उपलब्ध कराएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने परिवहन मजदूरों के लिए संविदा कर्मचारियों के वेतन एवं ईपीएफ में वृद्धि करने के लिए मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री का आभार जताया। वहीं रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी चंद्रभान ने अपनी कार्यकारिणी के 2100 सदस्यों के साथ उत्तर प्रदेश कर्मचारी संघ का दामन थाम लिया। यूपी रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार ने चंद्रभान सिंह का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं पुराने कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें क्षेत्रीय संरक्षक डीके सक्सेना, क्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह, क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुबोध कुमार, राजवीर सिंह, कर्णवीर सिंह, राजीव वर्मा, मवरूर मियां, करनवीर सिंह, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, महेन्द्रपाल सिंह, अतुल कुमार, वीरेन्द्र सिंह, अशोक कुमार राजपूत, पुनीत कुमार, क्षेत्रीय मंत्री अरुण कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री रामेश्वर दयाल भारती, अनस खान, उमेश कुमार, रविन्द्र सिंह, संगठन मंत्री सतीश सिंह, कोषाध्यक्ष विपिन कुमार, कार्यकारिणी सदस्य चन्द्रकेश, सत्यवीर सिंह, पवेन्द्र कुमार, सईद अनवर, ब्रजपाल सिंह, विक्रम सिंह, अनुज त्यागी, गौरव कुमार, आशुतोष भारद्वाज, तिलक राम, दुष्यन्त कुमार, राजकुमार, हिमांशु भटनागर, अंशुल वर्मा, प्रदीप कुमार, राजीव गुप्ता, रागिनी सक्सेना, मीनाक्षी यादव शामिल हैं।

### किशोरी को भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**स्वार, अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग के चलते किशोर कक्षा 11 की छात्रा को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने ने किशोरी को बरामद कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। किशोरी का जिला अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

मिलकखानम थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी कोतवाली के एक गांव में अपनी नानी के घर रहती थी। वह नगर के एक इंटर कालेज में 11वीं की छात्रा है। प्रेम प्रसंग के चलते गांव डिलारी निवासी किशोर 13 फरवरी को बहला फुसलाकर उसे भगा ले गया था। किशोरी के परिजनों ने आरोपी किशोर के परिजनों से शिकायत की तो वह आग-बबूला हो गए। जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर घर से भगा दिया था। किशोरी को देने से साफ इनकार कर दिया था। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत हुसैन खान, जाकिर खान, तस्लीम जहां, मुर्सलीन को नामजद कर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली। कोतवाल संदीप त्यागी ने गांव मुंशीगंज के तिराहे से किशोरी को बरामद कर मुख्य आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म अश्लील फोटो किया वायरल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़िता की शिकायत पर एक बार जेल जा चुका है आरोपी युवक, एसएसपी से शिकायत

**अमृत विचार :** शादीशुदा युवक ने पहले तो शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। अब युवती का रिश्ता कहीं और तय हुआ तो उसका अश्लील फोटो सोशल साइट पर वायरल कर दिया। पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

थाना भगतपुर क्षेत्र के गांव में रहने वाली युवती भोजपुर थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में नर्स है। युवती ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसके गांव का ही एक युवक ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। लेकिन बाद आरोपी युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया। इस बीच पता चला की आरोपी युवक पहले से ही शादीशुदा है। जिसके बाद पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन आरोपी जमानत पर छूटकर आया तो उसने गलती मानते हुए युवती से कोर्ट में अपने पक्ष में बयान करा लिए। कोर्ट में बयान के बाद आरोपी युवक ने फिर से पीड़िता को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। कहने लगा कि तुम्हारी अश्लील फोटो मेरे पास है, जिसे वायरल कर दूंगा। पीड़िता ने उसकी धमकी पर ध्यान नहीं दिया। इधर पीड़िता के परिवार वालों ने पीड़िता का रिश्ता तय कर दिया। इसकी भनक आरोपी को लगी तो आरोपी ने फेसबुक पर पीड़िता के नाम से फर्जी आईडी बनाई और उसमें अश्लील फोटो वाली डीपी लगा दी। बाद में वह फोटो फेसबुक के माध्यम से ही सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जब पीड़िता के गांव के कुछ लोगों ने उस फोटो के बारे में उसके परिवार वालों को बताया तब इसका पता चला। पीड़िता ने एसएसपी से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी ने भगतपुर एसएचओ को जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया।

# समाधान दिवस में राजस्व विभाग की शिकायतें अधिक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सदर तहसील में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**अमृत विचार:** सदर तहसील में मंगलवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें आई शिकायतों में अधिकांश राजस्व, पुलिस व बिजली विभाग से संबंधित रहीं। अपर जिलाधिकारी नगर व अन्य अधिकारियों ने शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर जोर दिया। अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायत सुनकर निस्तारण करने के लिए निर्देश दिया।

संपूर्ण समाधान दिवस में आए पूर्व सैनिक ने अपनी जमीन पर भूमाफिया के द्वारा कब्जा करने की शिकायत कर इसे हटवाने के की मांग की। भूतपूर्व सैनिक भूपेंद्र सिंह सैनी ने बताया वह लाजपत नगर महबुल्लाह गंज के रहने वाले हैं। उनकी कटघर थाने इलाके के महबुल्लाह गंज डेरी गांव स्थित उनकी लगभग एक बीघा जमीन पर भूमाफिया कब्जा कर रहे हैं। इसे हटवाने की मांग उन्होंने अधिकारियों से की। अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह ने कहा कि मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट को भेजा जा रहा है। अपर जिलाधिकारी नगर ने बताया कि जो शिकायतें आई हैं उसमें राजस्व विभाग, पुलिस और बिजली विभाग, पूर्ति विभाग से संबंधित हैं। शिकायतकर्ताओं की शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है। लोगों से अपील है कि वह चाहें तो अधिकारियों के कार्यालय में भी जनता से मिलने के समय में आकर अपनी समस्या बता सकते हैं।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा में समन्वय करेंगे प्रवक्ता

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राहुल गांधी द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा चरण 24 फरवरी शनिवार से शुरू होना है। जो मुरादाबाद से शुरू होकर सम्भल, डिबाई, अलीगढ़ के रास्ते आगरा जानी है।

प्रदेश कांग्रेस ने कमोवेश यात्रा में पड़ने वाले हर जिले के लिए प्रवक्ताओं की सूची जारी की है। इसके अनुसार प्रदेश कांग्रेस के चार प्रवक्ता जिले के प्रवक्ता के साथ समन्वय बनाकर पल पल की खबर प्रादेशिक व केंद्रीय कार्यालय को भेजेंगे। जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। जिसमें चेयरमैन डॉ सीपी राय ने जिला प्रवक्ता के साथ समन्वय के लिए प्रदेश प्रवक्ता अशोक सिंह, विकास श्रीवास्तव, कुलभूषण त्रिपाठी व अभिमन्यु त्यागी की तैनाती न्याय यात्रा के लिए की है।

# दवा लेने आए थे मां-बेटे, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



जिला अस्पताल में गमजदा मृतकों के परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मायके आई किरन अपने दो साल के बच्चे को दवा दिलाने के लिए जा रही थी। उसके परिजनों को क्या पता था कि उनकी बेटी और धेवते का शव घर आएगा। घटना के बारे में पता चलते ही मायके वालों के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन आए दिन हादसों का कारण बन रहे हैं। हाईवे पर कुछ दूरी पर लिखा होता है कि गति सीमा 40 से ज्यादा न करें। लेकिन कुछ वाहन चालक फिर भी सुधरने को तैयार नहीं हैं। ऐसे वाहन चालक आए दिन कार खुद मौत को गले लगा रहे हैं या फिर दूसरों को मौत बांट रहे है। ऐसा ही शहजादनगर थाना क्षेत्र में हुआ। सुबह के समय दो दिन पहले मायके आई किरन अपने दो साल के बेटे श्याम को लेकर दवा दिलाने के लिए पैदल जा रही थी। इस बीच पीछे से तेज गति से आ रही कार ने दोनों को टक्कर मार दी। इसमें किरन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दो साल के बेटे को अस्पताल लेकर भागे। जहां उसे भी चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मायके वालों को जैसे पता चला कि हादसा हो गया है तो उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। परिजनों का कहना है कि हमारी बेटी कुछ देर पहले ही घर से बेटे को दवा दिलाने की बात कहकर गई थी अब शव लौटकर आए हैं।

#### घर का इकलौता चिराग था श्याम

पत्नी और बेटे की मौत के बाद फूल सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे में उसकी दुनिया ही उजड़ गई। बेटा और पत्नी उसे छोड़कर चले गए। किरन के मायके वालों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। फूल सिंह का दो साल का बेटा श्याम घर का इकलौता चिराग था। माता-पिता उसे बड़े प्यार से पाल रहे थे, लेकिन कार चालक ने दोनों को टक्कर मारकर मौत के मुहं में धकेल दिया।

#### मौके पर लगी भीड़

हादसे के बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गए। उन्होंने ही घायल श्याम को अस्पताल पहुंचाया। जहां कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए जाम भी लग गया था। सूचना के बाद मौके पर आई पुलिस ने जाम खुलवाया और कार को किनारे कराया।

### ससुरालियों से झगड़ा कर तालाब में कूदी महिला

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीम नगर थाना क्षेत्र में ससुराल वालों से झगड़ा कर महिला तालाब में कूद गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र के खिमोतिया निवासी दीपक की शादी उत्तरांचल निवासी काजल के साथ छह माह पहले हुई थी। शादी के बाद पति-पत्नी में विवाद होने लगा। मंगलवार सुबह भी उनके बीच जमकर विवाद हुआ। दोपहर के समय काजल गांव के पास स्थित तालाब में कूद गई। महिला को तालाब में कूदते देख ग्रामीण एवं परिजन तालाब में कूद गए। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने काजल को तालाब से निकाला और उसके पेट से पानी निकालने की कोशिश की। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

**तैयारी** आरपीएफ पोस्ट के पास बनेगा फाउंडेशन, प्लेटफार्म संख्या एक से पांच तक के यात्रियों को होगी सुविधा

# रेलवे स्टेशन पर दूसरी स्वचालित सीढ़ी की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में खड़े यात्री। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रेल सेवा और सुविधा विस्तार का लाभ स्टेशन पर यात्रियों को मिलेगा। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के सामने दूसरी सीढ़ी तैयार होगी, जिससे प्लेटफार्म संख्या एक से पांच तक के यात्री सुविधा पाएंगे। अभी इस विषय पर विभाग में सैद्धांतिक सहमति बनी है। शीघ्र ही निर्माण विभाग इसकी औपचारिकताएं पूरी करेगा।

वर्ष 2017 में स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ी और लिफ्ट की जरूरत समझी गई, उसके बाद जीआरपी थाने के नजदीक एस्केलेटर प्वाइंट बना। लखनऊ दिशा के यात्रियों को 2020 से यह सेवा दी जा रही है जबकि, दिल्ली दिशा के यात्रियों को अभी भी पैदलगामी सेतु का ही सहारा है। यहां पर रेल प्रबंधन ने प्लेटफार्म संख्या एक पर लिफ्ट का निर्माण शुरू कराया है।

बहुत जल्द ही इस सेवा को क्रियाशील किया जाएगा। जबकि, प्लेटफार्म संख्या दो तीन और चार पांच पर इस दिशा में लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है। विभागीय सूत्रों की मानें तो इस दिशा में स्वचालित सीढ़ी की सहमति हो गई है।

निर्माण विभाग ने उसका पूरा खाकर तैयार कर लिया है। विभाग बहुत जल्द ही इस कार्य की ओर कदम बढ़ाएगा। स्वचालित सीढ़ी के शुरू होने से दिल्ली और सहारनपुर दिशा की ट्रेनों के यात्री प्लेटफॉर्म संख्या एक से यह सेवा पाएंगे। रेलवे निर्माण विभाग (कार्य) के सहायक अभियंता बलजीत सिंह कहते हैं कि दूसरे एस्केलेटर की रूपरेखा तैयार की गई है। मुख्यालय से स्वीकृति के बाद इस दिशा में काम होगा। डिजाइन और निर्माण कार्य के टेंडर होने हैं।

#### लंबी दूरी की 7 ट्रेनें विलंबित और 8 हैं निरस्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ट्रेनों से यात्रा करने वालों की मुश्किल कम होने का नाम नही ले रहीं हैं। मंडल मुख्यालय से दिन के समय अप और डाउन दिशा में 53 ट्रेनों का संचालन है, जिसमें आठ कोहरा और अन्य कारणों की वजह से निरस्त हैं। मंगलवार को ट्रेनों की देरी को लेकर पूछताछ केंद्र पर यात्रियों की भीड़ रही। उधर, जम्मूतवी से चलकर कोलकाता को जाने वाली सियालदह एक्सप्रेस 4 घंटे 29 मिनट विलंब से पहुंची। काशी विश्वनाथ के यात्रियों को 45 मिनट इंतजार करना पड़ा। जननायक 48 मिनट देर से पहुंची। जलियांवाला बाग एक्सप्रेस सवा घंटे लेट रही। किसान एक्सप्रेस 1 घंटे, कानपुर सुपरफास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस 1 घंटे 25 मिनट और अर्चना एक्सप्रेस 25 मिनट की देरी से आई।

### व्यापारी को नकाबपोश बदमाशों ने मारी गोली

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शोरूम बंद करके कार से घर लौट रहे ऑटो व्यापारी को चार नकाबपोश बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस हमलावरों की तलाश में लग गई है।

गांव जाफराबाद निवासी सुखपाल सिंह सोनू (42) की माठखेड़ा रोड पर दशमेश ऑटो के नाम से इलैक्ट्रिक स्कूटी का शोरूम है। मंगलवार देर शाम वह शोरूम बंद करके वह अपनी स्कॉर्पियो कार से घर जा रहा था। परिजनों के अनुसार जाफराबाद मोड़ से आगे उसने अपनी कार रोकी और ठेके पर ली गई अपनी जमीन देखने लगा। तभी वहां अचानक एक और कार आ गई। उसमें से नकाब बांधे चार लोग नीचे उतरे। उनके पास डंडे व तमंचे थे। एक बदमाश ने सुखपाल पर तमंचे से फायर कर दिए। बाकी ने डंडों से उसकी कार के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद हमलावर मौके से भाग गए।

# कंपोजिट विद्यालय बहादुरपुर में संकुल बैठक का आयोजन

संवाददाता, बिलारी



बहादुरपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में दीप प्रज्जवलित करते अतिथि व अन्य।

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर में मासिक शिक्षण संकुल बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहसपुर न्याय पंचायत प्रभारी फरहत अली ने की।

कार्यक्रम में न्याय पंचायत प्रभारी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कंपोजिट विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। मंगलवार को कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षकों द्वारा बैठक के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। संकुल शिक्षक नाजिम हुसैन ने मोटिवेशनल गीत को पर लाइव अभ्यास कराया। प्रधानाध्यापक एवं जूनियर शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष राज बहादुर सिंह ने विचार साझा किया। उन्होंने शिक्षकों से शिक्षण करने का आग्रह किया। निपुण भारत लक्ष्य व प्रगति रिपोर्ट पर संकुल शिक्षक संतोष कुमार द्वारा चर्चा की गई। इस दौरान जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष वीरपाल यादव मंडल, राजबहादुर, शिक्षक संतोष कुमार, नाजिम हुसैन, नीरज शर्मा एवं सुलेमान अंसारी उपस्थित रहे। संचालन शाहीन परवीन ने किया। कार्यक्रम में सीमा यादव, सरोज यादव, स्वाति सिंह, महादेवी, रविकांत गहलोत, पीयूष कौशिक आदि ने प्रतिभाग किया।

## एक नजर

### समाजवादी पार्टी कार्यालय पर हुई पीडीए की बैठक

**कांठ, अमृत विचार :** मंगलवार को समाजवादी पार्टी विधानसभा कांठ कार्यालय पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विक्रम सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में पीडीए के नारे के साथ प्रदेश की सभी 80 सीट जीतकर देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकाल में सर्वाधिक विकास कार्य हुए हैं। अखिलेश यादव के नेतृत्व में ही प्रदेश का विकास संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोगों को समाजवादी पार्टी की नीतियों की जानकारी देने का आह्वान किया। इस दौरान विक्रम सिंह यादव, रोहित गुर्जर, अमजद अली, दिनेश सैनी, रवि सैनी, सुबोध गुर्जर, मुनव्वर, अदनान, महेशकुमार पाल, अनस, तस्लीम अहमद, अयान बंजारा, विनीत यादव आदि उपस्थित रहे ।

### तमंचा-कारतूस के साथ पकड़ा उत्तराखंड का युवक

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने मंगलवार को रामनगर गांव जाने वाले रास्ते पर हाईवे बाइपास के पुल के नीचे से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उप निरीक्षक संजय कुमार ने सूचना पर उसे हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा व कारतूस मिला। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़ा गया आरोपी अर्शदीप सिंह उत्तराखंड के रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भूरा रानी का रहने वाला है। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

### सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** केमरी पुलिस ने मंगलवार को कमुआ रोड पर स्वीमिंगपूल के पास से एक युवक को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से सट्टा डायरी, पेन व 620 रुपये मिले। पकड़ा गया आरोपी अहमद हसन मोहल्ला माजुल्लानगर में पधान वाली मस्जिद के पास का रहने वाला है। उसे गिरफ्तार करने वाले उप निरीक्षक विपिन कुमार ने पूछताछ के बाद उसके विरुद्ध जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी न्यायालय में पेश किया गया है।

# 30 शिकायतों में से छह मौके पर निस्तारण

## तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस पर 30 शिकायत दर्ज की गईं। इनमें छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को जांच कर निस्तारण के लिए दिया गया है।

तहसील सभागार में मंगलवार को एसडीएम अजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें काशीपुर रोड सुंदरम कालोनी के लोगों ने ज्ञापन देकर कहा कि कालोनी ग्राम फरीद नगर के रकबा में है। कालोनीवासियों ने ग्राम पंचायत फरीद नगर और ब्लाक कार्यालय से एनओसी प्राप्त कर ली है। इसके बावजूद नगर पालिका कालोनी में सड़क एवं पथप्रकाश व्यवस्था नहीं करा रही है। इसमें प्रदीप पाल, संजय कुमार, अरविंद कुमार, मुनेश कुमार आदि शामिल थे। नगर निवासी युवती ने शिकायती पत्र देकर कहा कि उसके मोहल्ले के युवक ने प्रेमजाल में फंसाकर शारीरिक शोषण किया। अब शादी से मुकर रहा है। उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। राजवती देवी निवासी नन्हूवाला ने विधवा पेंशन की मांग की है। नगर के मोहल्ला ताली निवासी प्रेमलता ने खेत के चकमार्ग पर विद्युत पोल हटवाने की मांग की है। रामवती देवी ने पति बलवीर सिंह की हार्टअटैक से मौत होने पर श्रम विभाग से अंत्येष्टि सहायता दिलाने की मांग की है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीणा, एसीएम प्रीति सिंह, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, सीडीओ सुमित यादव, एसडीएम अजय कुमार मिश्रा, तहसीलदार रमेश चंद्र पांडेय, कोतवाल किरनपाल सिंह, खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी वेगेश गोयल, नायब तहसीलदार अंकित गिरी आदि मौजूद थे।



ठाकुरद्वारा तहसील सभागार में शिकायतें सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार



बिलारी में पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन देते अधिवक्ता आफाक हुसैन।

### संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी मणि अरोड़ा ने जन समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर कुल 15 शिकायतें आई। जिसमें मात्र दो शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। ब्लॉक कुंदरकी के ग्राम सीलपुर में दलित बस्ती से होकर प्राचीन शिव मंदिर पर जाने वाले रास्ते पर गांव का गंदा पानी भरा रहता है। जिसका निस्तारण करने को संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। वहीं तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आफाक हुसैन ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर दो सशस्त्र पुलिस कर्मियों को तहसील प्रांगण में अधिवक्ताओं के चेंबर के आसपास रहने की मांग की है। वहीं गांधी मूर्ति चौराहे के पास प्राइवेट वाहनों से लगने वाले जाम से निजात दिलाने की मांग की। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, नायब तहसीलदार सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



कांठ तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

## फरियादियों की समस्याएं सुनीं

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** तहसील कांठ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 55 फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों का निस्तारण करने के लिए अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की टीम गठित करने का निर्देश दिया।

एडीएम वित्त सत्यम मिश्र ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर उसकी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। एसडीएम कांठ सचिन राजपूत ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों को गंभीरता से निस्तारण करें। इस अवसर पर तहसीलदार आनंद कुमार नायक, ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक निरीक्षक अगवानपुर शीराज मलिक, नायब तहसीलदार, पूर्ति विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## फैक्ट्रियों की राख पर प्रतिबंध लगाए

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड सीमा पर स्थित विभिन्न फैक्ट्री से निकलने वाली राख ट्रैक्टर-ट्रालियों से यूपी के ठाकुरद्वारा क्षेत्र में ठेकेदारों के माध्यम से जगह-जगह सड़कों के किनारे व खेतों में डलवाई जा रही है। जो हवा में उड़कर लोगों की आंखों में गिर रही है। इस पर प्रतिबंध लगाने आदि की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर प्रदर्शन किया। बाद में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को ठाकुरद्वारा तहसील सभागार में लगे समाधान दिवस में दिए ज्ञापन में किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड के काशीपुर और ठाकुरद्वारा के मध्य एक दर्जन से अधिक पेपर मिल हैं जिनसे निकलने वाली राख को बिना स्वीकृति के ठाकुरद्वारा क्षेत्र में जगह-जगह सड़कों के किनारे पर खेतों में ठेकेदारों के माध्यम से डलवाया जा रहा है जबकि उत्तराखंड में राख पर पूर्ण तरीके से प्रतिबंध है। राख हवा में रख उड़ने से जन सामान्य के जीवन पर बुरा असर पड़ा रहा है। सबसे ज्यादा असर लोगों की आंखों पर पड़ रहा है। क्षेत्र के सैकड़ों लोगों की आंखों में राख गिरने से उनकी आंखे खराब हो चुकी हैं। जनहित में राख पर प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर एमएसपी तय किए जाने, राघुवाला में गोशाला जाने वाले रास्ते के किनारों पर किसानों की फसले खड़ी हैं, फसल काटने के बाद सड़क का निर्माण कराए जाने आदि की मांग की गई।

प्रदर्शन में धनेन्द्र शर्मा, राजेंद्र चौधरी, हरीराज सिंह, हरकेश सिंह, अय्यूब चौधरी, सुमित चौहान, मनसा सिंह यादव, महिपाल सिंह, जोगेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह, मुन्ना सिंह आदि ने भाग लिया।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## बिना मुआवजा दिए फसल उजाड़ने का आरोप, किसानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** एनएच 734 के लिए अधिग्रहीत की गई भूमि का किसानों को बिना मुआवजा दिए टीम ने खेतों में खड़ी फसल उजाड़ दी। साथ ही जमीन पर कब्जे का प्रयास किया। सूचना पर किसानों ने हंगामा करते हुए टीम को दौड़ा दिया।

जटपुरा, जलालपुर, त्रिलोकपुर के किसानों का कहना है कि अभी तक अधिग्रहीत की गई भूमि का न तो उन्हें कोई मुआवजा दिया गया है और न ही उनके खातों में पैसा आया है। बिना सूचना के मंगलवार को टीम ने उनके खेतों में खड़ी गेहूं, लाही, मटर आदि की फसल को नष्ट कर दिया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे किसानों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि जब तक भूमि व बर्बाद फसल का मुआवजा नहीं दिया जाता तब तक वह सड़क का निर्माण नहीं होने देंगे। किसानों का कहना है कि उन्हें सर्किल रेट 2019 के अनुसार मुआवजा उपलब्ध कराने की सूचना मिल रही हैं। अभी तक किसानों को मुआवजा प्राप्त भी नहीं हुआ है। 2023 के सर्किल रेट में काफी वृद्धि हुई है। किसानों की भूमि अधिग्रहण में भूमि के अंश कम दर्शाये गए हैं। इस दौरान उन्होंने मौजूद टीम के सदस्यों को दौड़ा दिया। इस बीच किसीन ने पुलिस को हंगामें की जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डिलारी पुलिस ने किसी तरह किसानों को समझा बूझाकर शांत किया। इस दौरान टीम के सदस्य वहां से जा चुके थे। प्रदर्शन में ऋषि पाल सिंह, दीनदयाल सिंह, बृजपाल सिंह, किशन लाल, होराम सिंह, विजेंद्र सिंह, छाया देवी, अनीता देवी, उर्मिला देवी आदि शामिल थे।



गांव जलालपुर में हंगामा करते किसान। ● अमृत विचार

- सूचना पर किसानों ने हंगामा करते हुए टीम को दौड़ाया
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझाया

## तीव्र ध्वनि वाले विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाने की मांग

**कांठ, अमृत विचार:** वैवाहिक स्थलों पर रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र तीव्र ध्वनि के साथ बजते हैं। नागरिकों ने उप जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में इन पर अंकुश लगाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र में अधिकांश विवाह स्थल आबादी क्षेत्र में है, जहां रात्रि में 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र तेज ध्वनि के साथ बजाये जाते हैं। यह तीव्र ध्वनि दिल के मरीजों व छात्रों के लिए हानिकारक है। बोर्ड की परीक्षाएं भी नजदीक हैं। परीक्षा को लेकर अनेक छात्रों ने भी इस संबंध में आपत्ति प्रकट की है। मंगलवार को एसडीएम कांठ सचिन कुमार राजपूत को दिए गए प्रार्थना पत्र में ध्वनि विस्तार यंत्रों पर अंकुश लगाने की मांग की गई है। प्रार्थना पत्र में अमरनाथ कॉलोनी निवासी विक्रम सिंह यादव, जितेंद्र कुमार, नवनीत कुमार, अमित कुमार, अभिषेक कुमार, मोहित बिश्नोई, प्रमोद कुमार, महिपाल सिंह, सत्यवीर सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।




बैठक में उपस्थित शिक्षक। ● अमृत विचार

## छात्रों की संख्या बढ़ाने पर जोर

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार:** न्याय पंचायत फूलपुर मिठनपुर की मासिक संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर में किया गया।

शिक्षक संकुल वीरेन्द्र चौधरी ने 5 प्वाइंट टूल किट के उपयोग पर प्रस्तुति दी। घनश्याम सिंह ने दीक्षा ऐप पर होने वाले प्रशिक्षण को शत् प्रतिशत प्राप्त करने व उसके इंप्लीमेंट के संबंध में प्रस्तुति दी। दीपिका गुप्ता ने डोर टू डोर अभियान के माध्यम से छात्र उपस्थिति बढ़ाने पर विचार प्रस्तुत किए। शुभम विश्नोई ने निपुण लक्ष्य ऐप से शत् प्रतिशत बच्चों का आकलन प्रतिमाह करने पर प्रकाश डाला। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं के समाधान करने पर चर्चा की गई। पारुल मल्होत्रा और दीक्षा चौधरी ने आदर्श पाठ योजना का प्रस्तुतीकरण किया। अध्यक्षता रामनाथ सिंह और संचालन वीरेंद्र चौधरी ने किया। इस अवसर पर अकरम अली, सुजाउलहक, मंजुल कुमार, सत्येंद्र पवार, राजवीर सिंह ,अनीता देवी, रूपा देवी, रश्मि ,पारुल, पूजा, ममता आदि उपस्थित रहे।

## जल भराव की समस्या के निस्तारण की मांग

**बिलारी, अमृत विचार:** ब्लॉक कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम सीलपुर में दलित बस्ती से होकर प्राचीन शिव मंदिर पर जाने वाले रास्ते पर पानी भरा रहता है। ग्रामीणों ने जलभराव की समस्या के निस्तारण की मांग की।

तहसील प्रांगण में लगने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे ग्रामीणों ने शिकायत की। उन्होंने बताया कि ब्लॉक कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम सीलपुर में दलित बस्ती से होकर प्राचीन शिव मंदिर पर जाने वाले रास्ते पर गांव का गंदा पानी काफी समय से भरा हुआ है। जिससे मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने समस्या के समाधान की मांग की। इस दौरान मुन्नी, राजवीर, अरविंद, पूजा, सोनू, फारूक, उम्रदराज, जाकिर, जफीर आादि मौजूद रहे।

**आयोजन** गांव डोमघर स्थित मदरसा जामिया इस्लामिया रजविया में तालीमी कॉन्फ्रेंस

# समाज में फैली बुराइयों को खत्म करें : मुफ्ती इमरान

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव डोमघर स्थित मदरसा जामिया इस्लामिया रजबिया में तालीमी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें उलेमा इकराम ने दस्तारबंदी कार्यक्रम में 12 तालवा के सिर पर दस्तार बांधकर जश्न मनाया। साथ ही इल्म हासिल करने पर जोर दिया और समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने की अपील की गई।

सोमवार को देर रात तालीमी कॉन्फ्रेंस की शुरुआत तिलावत ए कलामे पाक से की गई। मुख्य अतिथि मुफ्ती इमरान हनफी ने खिताब करते हुए कहा कि इल्म वह रोशनी है जो दिल, समाज और दुनिया को जगमगा दे। उन्होंने रसूल ए अकरम की सुन्नतों पर चलने का आह्वान किया। कहा कि आज के समय में शादियों में फिजूलखर्ची हो रही है, जिस पर रोक लगाई जाए। उन्होंने सभी से अपने बच्चों को दीनी और दुनियाबी तालीम हासिल करने पर बल दिया। शायर अजमत रजा ने रसूल ए अकरम की शान में नात शरीफ पेश की। इस मौके पर जश्ने दस्तारबंदी का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें मौलवी मोहम्मद नौमान पुत्र सुलेमान तुर्की निवासी डोमघर, मौलवी मोहम्मद आरिस पुत्र मौहम्मद नौमान निवासी पूरनपुर पीलीभीत, मौलवी मोहम्मद समीर पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी पुरनपुर पीलीभीत, मौलवी मोहम्मद आलम, कारी अब्दुल लतीफ व कारी मोहम्मद अजीम पुत्रगण अब्दुल हफीज निवासी पकवाड़ा, कारी मोहम्मद कैफ पुत्र तोहीद हुसैन निवासी बदायूं, कारी मोहम्मद निजाम पुत्र नौसे अली निवासी रामपुर, कारी मोहम्मद अजमत रजा पुत्र शाहिद हुसैन निवासी मुस्तफापुर मुरादाबाद, हाफिज मोहम्मद माईद रजा पुत्र खुर्शीद अली निवासी बिलासपुर, हाफिज मोहम्मद उसैद रजा पुत्र हाजी जाफर अली परसुपुरा रामपुर, हाफिज मोहम्मद फैज आलम पुत्र मोहम्मद इस्लाम निवासी बड़ी मिलक रामपुर के सिर पर दस्तार पगड़ी बांधकर और फूल माला पहनाकर इज्जत से नवाजा गया। इस मौके पर मुफ्ती सईद अहमद आफाकी ने विशेष दुआ कराई। इस दौरान सैयद मोहम्मद आसिम, मोहम्मद निजाम, मौलाना अजमत रजा, मुफ्ती निजामुद्दीन, मुफ्ती अहमद रजा, मुफ्ती शहादत हुसैन, मुफ्ती शाहनवाज, मौलाना जावेद रजा, सैयद वसीम मियां, मुफ्ती रहमानी मियां, मुफ्ती शाहनवाज आलम, कारी अब्दुल वारिस आदि मौजूद रहे। कॉन्फ्रेंस की सदारत सैयद रहमानी मियां व निजामत कारी हाशिम उल कादरी ने की।




तालीमी कॉन्फ्रेंस में शिरकत करते मुफ्ती व अन्य। ● अमृत विचार

- जश्ने दस्तारबंदी में 12 हाफिज के सिर पर सजी दस्तार

## सार-संक्षेप



कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिला उपाध्यक्ष। ● अमृत विचार

### कार्यशाला में दी लाभकारी योजनाओं की जानकारी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल ठाकुरद्वारा की लाभार्थी संपर्क अभियान के संबंध में कार्यशाला सेंटमार्क स्कूल तिकोनिया पर आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करना है। उनके साथ फोटो खींचकर सरल अप एवं नमो ऐप पर डाउनलोड करें। कार्यकर्ताओं को लाभार्थियों की सूची तथा पत्रक वितरित किए गए। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, दिनेश कुमार प्रजापति, मनोज चौहान, मुकेश चौधरी, कमलेश कुमार, पवन पुष्पद, नागेंद्र लंबा, सभासद सलीम सैफी, वसीम सैफी, मुजीब कुरैशी, हेंमेद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



श्रीराम आश्रम काली मंदिर में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। ● अमृत विचार

### जया एकादशी पर किया उद्यापन

**बिलारी, अमृत विचार :** सेवा भारती के नगर अध्यक्ष पं. मोहनलाल शर्मा ने परिवार के साथ पं. संजय गौड़ द्वारा विधि विधान के साथ जया एकादशी पर उद्यापन किया। साथ ही ब्राह्मणों को भोज कराया। जया एकादशी पर पं. मोहनलाल शर्मा ने परिवार के साथ फलाहार का भंडारा कराके 26 ब्राह्मण परिवारों को उद्यापन सहित भोज कराया। इस अवसर पर सेवा भारती के जिला अध्यक्ष पं. विनोद कुमार मिश्रा, पं. अशोक कुमार श्रुति, पं. देवेश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद शर्मा, मनोज शर्मा, दीपक श्रुति, सुभाष शर्मा, अरविंद शर्मा, जगत नारायण शर्मा, अमरनाथ शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, रमेश चंद शर्मा, रोहित मिश्रा, विनोद शर्मा, प्रमोद शर्मा, प्रेमवती, सीमा शर्मा, रश्मि शर्मा, ममता शर्मा, पूजा शर्मा, कविता शर्मा, अंशु शर्मा, ऋषभ आदि मौजूद रहे।



नगर पंचायत का स्थापना दिवस मनाते नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य।

### पात्रों को दिलाएं योजनाओं का लाभ

**कांठ, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर नगर पंचायत कांठ का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ केक काटकर किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी ने नगर के विकास का संकल्प दोहराया व पात्रों को योजनाओं को लाभ दिलाने की अपील की। विदित रहे कि कांठ नगर पंचायत का गठन 20 फरवरी 1951 को हुआ था। इससे पहले कांठ टाउन एरिया थी। जिसके पहले चेयरमैन स्वतंत्रता सेनानी चौधरी भारत सिंह लगातार 24 वर्ष तक निर्विरोध चेयरमैन रहे थे । 1951 में नगर पंचायत का गठन होने के बाद मुंशी बुद्ध सिंह, स्वराज सिंह, कांठ रियासत के कुंवर जितेंद्र प्रताप सिंह, आबिद हुसैन अंसारी, रामौतार सिंह यादव, जमशीदा आबिद, अजयवीर सिंह पप्पू, नसरीन इकबाल, प्रीति अध्यक्ष बने। इस दौरान कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, अभय विश्नोई, विक्रम सिंह यादव, राधेश्याम सिंह, फिरोज अनवर, प्रमोद कुमार बिश्नोई व सभासद मौजूद रहे।



धर्मशाला की भूमि को मुक्त कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

### धर्मशाला की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** जाटवान धर्मशाला व भूमि को राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी कर अपने नाम कराने वाले दबंगों व राजस्व कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर लोगों ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रदर्शन किया। उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देकर जाटवान धर्मशाला की भूमि को मुक्त कराने की मांग की । मंगलवार को बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाएं तहसील मुख्यालय पर पहुंची। उन्होंने ज्ञापन देते हुए कहा कि नगर के जाटवान मौहल्ले में राजस्व रिकार्ड में गाटा सख्या 268 व 256 की भूमि धर्मशाला के नाम दर्ज थी। दबंग भू माफियों ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों से सांठगाठ कर धर्म शाला की भूमि अभिलेखों में फर्जीवाड़ा कर अपने नाम करा ली और कब्जा कर लिया। इस दौरान राजपाल सिंह, नितिन, रवि, मोहित, अशर्फी लाल, राकेश, विक्रम सिंह, कृपाल सिंह, सरोज देवी, कविता, सुशीला, प्रमोद देवी, जयवती, राधा देवी, कृपाल सिंह, ललिता आदि मौजूद रहे।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रीबालाजी दरबार पर भंडारे का आयोजन

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम गुल्हड़िया बहादुरपुर में स्थित श्री बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम पर ग्राम लालपुर हमीर जिला मुरादाबाद के मास्टर विजेंद्र कुमार पाल एवं गीता देवी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व आश्रम के संस्थापक संत बाबा तेजराम उर्फ कमलनाथ द्वारा सामूहिक राम स्तुति, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, शनि चालीसा, भजन, आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान सनी, सेवक सुरेंद्रनाथ, बलराम सिंह, विपिन कुमार, राजपाल सिंह, अर्जुन, अरविंद, मानू, अनुज आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### चालक को आई झपकी डिवाइडर पर चढ़ी बस

**गजरौला, अमृत विचार** : नेशनल हाईवे पर सोमवार देर रात चालक को नींद की झपकी आने पर रोडवेज बस डिवाइडर पर चढ़ गई। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। वहीं बस की टक्कर से डिवाइडर पर लगी लोहे की ग्रिल टूट गई। सोमवार देर रात मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रही रोडवेज बस के चालक को नींद की झपकी आ गई। इससे अनियंत्रित रोडवेज बस हाईवे पर बने डिवाइडर पर चढ़ गई। बस ने लोहे की ग्रिल तोड़ दी। गनीमत रही बस पलटी नहीं वरना बड़ा हादसा भी हो सकता था। हादसे में बस में सवार पांच यात्री मामूली घायल हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने यात्रियों से घटना की जानकारी की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि हादसे में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ है।

### व्यापारी सुरक्षा फोरम के विजय बने नगर उपाध्यक्ष

**हसनपुर, अमृत विचार** : व्यापारी विजय शर्मा को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के नगर अध्यक्ष ने नगर कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल ने संगठन का विस्तार किया। जिसमें मोहल्ला कायस्थान निवासी पूर्व सभासद पंडित विजय शर्मा को नगर कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल ने आशा जताई कि पंडित विजय शर्मा नगर के व्यापारियों की समस्याओं को हल करने में उनके हितों की रक्षा करने में योगदान देंगे। इस की घोषणा होते ही उनके समर्थकों एवं मित्रों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

### 10 मार्च तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

**बुरावली, अमृत विचार** : राजकीय पालीटेक्निक कॉलेज सुतावली में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत कौशल हब पहल योजना के निशुल्क अल्पकालीन प्रशिक्षण एसएसटी के लिए जॉब रोल कोर्स की कुल 60 सीटों पर पात्र अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए अंतिम तिथि 10 मार्च है। प्रधानाचार्य लख्मीचंद ने बताया कि इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 10 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन संबंधित वेबसाइट पर कर सकते हैं। अभ्यर्थी संस्था के समन्वयक अमित कुमार प्रवक्ता यांत्रिक अभियंत्रण मोहम्मद नासिर से संपर्क कर सकते हैं।

# चकरोड और तालाबों को कब्जा मुक्त कराएं

## जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनकर दिए निर्देश, 20 शिकायतें हुईं दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार**: संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने लोगों की समस्याओं को सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। कुल 20 शिकायत दर्ज की गईं, जिसमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया।

मंगलवार को विकास खंड के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और आईजीआरएस पोर्टल पर कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। उसका तत्काल निस्तारण किया जाए। सभी अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल को प्रतिदिन चेक करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का शीघ्रता से समाधान वास्तविकता से होना चाहिए। शिकायत के निस्तारण में गुणवत्ता की कमी पाई जाती है, तो सम्बंधित अधिकारी पर कार्रवाई होगी। कहा कि अभियान चलाकर चकरोड, तालाब आदि पर कब्जा मुक्त कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अगर कोई जमीन सम्बन्धी शिकायत आती है तो संबंधित पर आवश्यक कार्रवाई होगी। जो शिकायतें सम्पूर्ण समाधान दिवस में दर्ज की गईं हैं, उन शिकायतों की जांच की जाए और आने वाली शिकायतों का निस्तारण शीघ्र अतिशीघ्र किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि चकरोड, अवैध पट्टा कब्जा, तालाब आदि पर अवैध कब्जों को तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाये। अभियान चलाकर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम कार्रवाइ करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण बारीकी से करें शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्टी मिलनी चाहिए। कहा कि यदि शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट नहीं है तो वह निस्तारण निष्क्रिय माना जाएगा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार, जिला विकास अधिकारी, तहसीलदार अमरोहा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



अमरोहा में शिकायत सुनते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व अन्य।



हसनपुर में शिकायत सुनते एसडीएम और सीओ। ● अमृत विचार

### समाधान दिवस में तीन फरियादियों को मिला न्याय

**हसनपुर, अमृत विचार** : समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें एसडीएम एवं सीओ ने सुनीं। कुल 21 शिकायतें दर्ज हुईं। जिसमें से तीन शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष 18 शिकायतों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। मंगलवार को विकास खंड कार्यालय स्थित सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने शिकायतें सुनीं। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की छह, विकास विभाग की दो, पुलिस विभाग की चार, पूर्ति विभाग की तीन, चकबंदी विभाग की तीन, नगर पालिका की दो एवं अन्य विभागों की एक कुल मिलाकर 21 शिकायत दर्ज हुईं। जिसमें से अधिकारियों ने तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया तथा बाकी बची 18 शिकायत को संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को देकर जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीडीओ ने सुनीं शिकायतें महज तीन का हुआ निस्तारण

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार** : मंगलवार को तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने लोगों की शिकायतें सुनीं। कुल 21 फरियादियों ने समस्याओं के प्रार्थना पत्र दिए। जहां तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया।

जिसमें राजस्व विभाग की 10, पुलिस विभाग की चार, विद्युत विभाग की दो, विकास विभाग की एक, शिक्षक विभाग की एक व नगर पालिका विभाग की तीन शिकायतें दर्ज हुईं।

शेष शिकायतों को सम्बंधित विभागों को भेजते हुए शिकायतों का गुणवक्ता के साथ समयबद्ध रूप से निस्तारण के लिए सीडीओ ने सभी विभागों को निर्देश दिए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चंद्रकांता, सीओ श्वेताभ भास्कर, थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप, बछरायूं थाना प्रभारी राजीव गंगवार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



शिकायतें सुनते सीडीओ अश्वनी मिश्र व अन्य। ● अमृत विचार

## यूपी बोर्ड की परीक्षाएं कल से, केंद्रों पर पहुंचे प्रश्न पत्र

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- जिले में 79 परीक्षा केंद्र बनाए गए, सीटिंग प्लान तैयार

**अमृत विचार** : जिले में 79 परीक्षा केंद्रों पर 22 फरवरी से यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्रों के पहुंचने के साथ-साथ सीटिंग प्लान भी तैयार कर लिया गया है।

वहीं परीक्षा के प्रश्न पत्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्र व्यवस्थापक की है। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर पुलिसकर्मी भी डटे रहेंगे। यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में 79 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 53 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा देंगे। मंगलवार को डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह के निर्देशन में टीमों ने परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न पत्र पहुंचाए। प्रश्न पत्र को परीक्षा केंद्र पर बने स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाया गया है। वहीं केंद्र व्यवस्थापक प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार होंगे। इस दौरान सुरक्षा के लिए हाथ से परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे। डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा को लेकर सीटिंग प्लान तैयार कर लिया गया है। नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर सभी विभागीय कर्मचारी एवं सचल दल प्रभारी को दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी तरीके की बैठकें हो चुकी हैं। यदि कोई भी नकल करता पाया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं। सचल दल प्रभारी एवं अन्य विभागीय कर्मचारियों को परीक्षा केंद्रों की चेकिंग करने की दिशा निर्देश दिए हैं।

# विद्युत विभाग के खिलाफ किसानों ने जताई नाराजगी, प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : भाकियू असली की मासिक पंचायत में किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान का सबसे ज्यादा उत्पीड़न विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी कर रहे हैं। कभी बिल सही करने के नाम पर तो कभी चेकिंग के नाम पर, इसे रोका जाए। अन्यथा किसान विद्युत विभाग के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति परिसर में भाकियू असली की मासिक पंचायत हुई। बैठक में तहसील अध्यक्ष चौधरी सैंपल सिंह ने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा पशुओं से किसान परेशान है, जिसके चलते किसानों को रात दिन खेतों पर ही रहकर फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि छुट्टा पशुओं की समस्या से जल्द से जल्द उन्हें मुक्ति दिलाए। कहा कि किसान हर समय तैयार रहे क्योंकि दिल्ली में किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन चल रहा है। पंचायत की अध्यक्षता लल्लू सिंह ने की तथा संचालन गोवर्धन ने किया। जिला उपाध्यक्ष चेतन सिंह, समरपाल, कमल सिंह, दिलजानी, टेकचंद, रमेश चंद, गोपीचंद, मदन पाल, गुलशेर, बच्चन सिंह, जबर सिंह, जोगिंदर सिंह, महेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, पप्पू आदि रहे।



हसनपुर में पंचायत को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार



धरने पर बैठे भाकियू भानू कार्यकर्ता व किसान। ● अमृत विचार

### भाकियू भानू ने समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर दिया धरना

**हसनपुर, अमृत विचार** : भाकियू भानू ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय परिसर में धरना दिया। धरने में पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की तहसील कार्यालय में कोई सुनवाई नहीं हो रही। मंगलवार को भाकियू भानू के बैनर तले किसानों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। धरने के बाद किसानों ने मांगों से संबंधित ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने लेखपाल सचिन पर गलत व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए किसानों का काम न करने का आरोप लगाया। कहा कि किसान जब अपनी समस्याओं को लेकर राजस्व अधिकारियों के पास जाते हैं तो वह किसान की नहीं सुनते। किसान नेताओं ने कहा कि अगर राजस्व विभाग ने रवैया नहीं सुधारा तो उनके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। धरने की अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रचार मंत्री चमन कसाना ने की तथा संचालन तहसील प्रभारी हरपाल सिंह ने किया। धरने में गोविंद सिंह चौहान, राहुल कुमार, राजीव कुमार, नानक चंद, राजीव चौहान, लोकेश चौहान, जितेंद्र प्रसाद मौजूद रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त करने को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

- चारों पालियों का पेपर समय से पहले ही सोशल मीडिया पर वायरल होने की बात कही

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त करने की मांग करते हुए छात्रों ने एसडीएम कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। इसके बाद ज्ञापन सौंपकर सरकार से पुनः परीक्षा कराने की मांग की।

मंगलवार को नगर के विकास खंड परिसर स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय में पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी एकत्रित हुए। उन्होंने प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि 17 एवं 18 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न कराई गई। जिसका चारों पालियों का पेपर समय से पहले ही टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया था। अतः छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस भर्ती की परीक्षा दोबारा करने की कृपा करें। ज्ञापन देने वालों में मनीष, पवन, विशाल, अब्दुल, राहुल, हारून, मनोज, दीपक, भूपेंद्र, शंभू, शिवम, नितिन, गौरव, बंटी, आकाश, कपिल, शोभित आदि युवा मौजूद रहे।



हसनपुर में ज्ञापन सौंपते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार



अमरोहा में परीक्षा रद करने को लेकर ज्ञापन देते अभ्यर्थी।

### अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अमरोहा, अमृत विचार** : पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त करने की मांग करते हुए परीक्षार्थियों ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन कलेक्ट्रेट में एसडीएम विभा श्रीवास्तव को सौंपा। अभ्यर्थियों ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा हमारी मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाए। जिससे सरकार हमारी मांगों का ध्यान रखते हुए पुन: परीक्षा कराए। 17 एवं 18 फरवरी को पुलिस भर्ती की परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न कराई गई। आरोप लगाया कि इसका चारों पालियों का पेपर समय से पहले ही टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया था। अत: अभ्यर्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री और सरकार पुलिस भर्ती की परीक्षा दोबारा कराए। इस दौरान कई अभ्यर्थी मौजूद रहे।

## युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**डिडौली, अमृत विचार** : शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के आरोपी को डिडौली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के परिजनों ने युवती के पिता से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल भी कर रही है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव के रहने वाले युवक ने किसान की बेटी को प्रेम जाल में फंसा लिया था। शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। लेकिन बाद में शादी से मुकर गया। युवती के परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने आरोपी के परिजनों से शिकायत की। जिसके बाद आरोपी युवक के परिजनों ने युवती के पिता से मारपीट की। इसकी शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार को पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी आस मोहम्मद को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपी फरार हैं, उनकी भी गिरफ्तारी होगी।

## भाकियू टिकैत गुट का धरना आज, ट्रैक्टर यात्रा निकलेगी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : भाकियू टिकैत के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता राष्ट्रीय आह्वान पर किसानों से जुड़ी समस्याओं को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट में धरना देंगे। इस दौरान कार्यकर्ता ट्रैक्टर यात्रा भी निकलेंगे।

धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए मंगलवार को संगठन के पदाधिकारी ने किसानों से जनसंपर्क किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह ने बताया कि धरना प्रदर्शन करते हुए एमएसपी पर गारंटी कानून, लखीमपुर खीरी कांड के दोषियों को सजा, किसानों को मुआवजा देने तथा छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने, किसानों के कर्ज माफ करने समेत मांगों को उठाया जाएगा। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने उमरी, मधुआ माफी, सिहाली, अटेरना, मंजूरपुरा, जलालपुर नारायण आदि गांव का दौरा कर किसानों से जनसंपर्क किया। इस दौरान राजवीर सिंह, सत्यवीर सिंह, ओमपाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह कपिल आदि रहे।




## महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**अमरोहा, अमृत विचार** : शादी के 15 साल बाद पति ने पत्नी से मायके से बुलेट लाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव मीरा सराय की रहने वाली मेराज की शादी 15 साल पहले गांव के ही नासिर से हुई थी। कुछ दिन पहले मेराज की छोटी बहन की शादी हुई। जिसमें उसके घर वालों ने दहेज में दामाद को बुलेट दी। आरोप है कि शादी के 15 साल बाद अब नासिर ने पत्नी मेराज पर दहेज में मायके से बुलेट दिलाने की मांग की। विवाहिता ने विरोध किया तो उसे पीटा। 18 फरवरी की रात को नासिर ने महिला को मारपीट कर बच्चों समेत घर से निकाल दिया। इसके बाद पीड़ित अपने मायके पहुंची और अपने परिजनों को जानकारी दी। फिर थाने में जाकर पति के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी पति पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**आयोजन** वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को लैपटॉप व टैबलेट का वितरण

# दुनिया में भारत वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित

संवाददाता, गजरौला

**कार्यक्रम**

- प्रदेश सरकार की योजना के तहत बांटे गए लैपटॉप, टैबलेट
- योजना को अधिकारियों ने बताया कल्याणकारी

**अमृत विचार** : श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में प्रदेश सरकार की योजना के तहत 204 से अधिक छात्र-छात्राओ के लिए लैपटॉप व टैबलेट वितरण किया। जिसमें संस्थान प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्र-छात्राओ को टैबलेट देते हुए प्रदेश सरकार की इस योजना को कल्याणकारी बताया।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के सभागार में डिजी शक्ति योजना के तहत लैपटॉप-टैबलेट वितरण का आरंभ चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. एके शुक्ला आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि सरकार की डिजीटल इण्डिया, स्किल इण्डिया, क्लीन इण्डिया जैसी योजनाओं से देश अब दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने आगे कहा कि संचार क्रान्ति के दौर में युवाओं को राष्ट्र विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की यह शानदार पहल है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा पिछले एक दशक में केन्द्र सरकार एवं प्रदेश में योगी सरकार ने डिजीटल क्रान्ति लाकर भारत को दुनिया में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित किया।

भारतीय युवा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। कुलपति डॉ. एके शुक्ला, प्रतिकुलपति डॉ. राकेश यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. राहुल आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रधान सलाहकार डॉ. वीपीएस अरोडा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, आरएस शर्मा, डीपी सिंह, डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत, डॉ. एसएन साहू, डॉ. रामनिवास शर्मा, डॉ. रमेश चौधरी, डॉ. ओमप्रकाश आदि रहे।



लैपटॉप-टैबलेट वितरण के बाद मौजूद छात्र-छात्राएं व प्रबंधन के लोग। ● अमृत विचार

एक नजर

### संकीर्तन मंडल के तहत निकाली प्रभात फेरी

**अमरोहा, अमृत विचार :** श्री रामायण संकीर्तन मंडल के संयोजन में मंगलवार सुबह बड़ा बाजार स्थित बाबा गंगनाथ मंदिर से प्रभात फेरी निकाली। यह प्रभात फेरी मोहल्ला कटरा, गुलाम अली, छेबड़ा, चामुंडा मंदिर, बेगम सराय, आजाद रोड आदि स्थानों से होते हुए मंदिर परिसर पर पहुंच कर संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया। इस दौरान डॉ. अनिल रायपुरिया, संदीप रस्तोगी, अनिल गौतम, अतुल पंडित, प्रदीप भटनागर, विकास, अंकुर सक्सेना, अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### ट्राली का निकला पहिया सड़क पर गिरीं लकड़ियां

**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर गेट के पास लकड़ी से भरी ट्रैक्टर- ट्रॉली का पहिया निकल गया। इससे सड़क पर लकड़ियां गिर गईं। हादसे के बाद लोग मौके से भाग खड़े हुए। इस दौरान जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह ट्रैक्टर-ट्राली को हटवा कर जाम खुलवाया।

# अवैध कालोनियों में निर्माण पर चली जेसीबी

## एमडीए की टीम ने भूखंडों की नींव और कई निर्माणों को भी तुड़वाया

संवाददाता, गजरौला



अवैध निर्माध के खिलाफ कार्रवाई करती जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने नगर के धनौरा मार्ग स्थित अवैध भूखंडों पर जेसीबी चलवाई। यहां प्लाटों की नींव व बने निर्माण आदि को भी जेसीबी से ध्वस्त कराया।

एमडीए (मुरादाबाद विकास प्राधिकरण) टीम को देखकर प्लाटिंग कर रहे लोग वहां से चले गए। बता दें कि एमडीए की टीम मंगलवार को पुलिस बल के साथ दोपहर को धनौरा मार्ग स्थित कुमराला चौराहे के पास बनी अवैध भूखंड़ों पर पहुंची और जेसीबी से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

यहां पर कई प्लाटों की नींव भरी हुई थी, उसे भी ध्वस्त कराया। एमडीए के एई निर्दोष तोमर ने बताया कि आगे भी बिना नक्शा पास कराई जा रही अवैध कालोनियों में प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह बिना एमडीए से मानचित्र स्वीकृत कराए कालोनी में कोई भी भूखंड न खरीदें, क्योंकि बिना एमडीए से नक्शा पास कराई हुई कालोनी को सृजित नहीं होने दिया जाएगा। मंगलवार को कई स्थानों पर एमडीए की टीम ने कार्रवाई की। बता दें कि गजरौला क्षेत्र में बडे.पैमाने पर बिना एमडीए से नक्शा पास कराए ही अवैध कालोनियों को विकसित करने का काम चल रहा है। अभी कुछ दिनों पहले भी एमडीए की टीम ने क्षेत्र में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की थी।

### पट्टे की जमीन से कब्जा हटवाने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को ब्लॉक सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर पट्टे की जमीन पर अवैध कब्जा रोकने व पात्रों को कब्जा दिलाने की मांग को लेकर गांव पीठखेड़ा के ग्रामीणों ने मामले की शिकायत एसडीएम से की। पट्टा धारकों ने एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में कहा की सत्तार पुत्र हमीदा, मुन्ना पुत्र हमीदा व गफ्फार पुत्र हमीदा आदि लोगों को लगभग 50 साल पूर्व पट्टे की जमीन मिली थी तथा गांव के ही लोगों ने उनकी करीब 10 बीघा जमीन पर कब्जा कर रखा है। उसमे गेहूं की फसल खड़ी है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों ने पट्टे की जमीन पर किए कब्जे को खाली कराने और जमीन से कब्जा हटवाकर न्याय दिलाने की मांग को लेकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है।

### बूंदाबांदी से बदला मौसम, किसान चिंतित

**अमरोहा, अमृत विचारः** मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। मंगलवार सुबह जिले में कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। जिसके बाद ठंडक बढ़ गई। हालांकि दोपहर में धूप खिलने से लोगों ने राहत ली।

मंगलवार सुबह मौसम बदल गया। बूंदाबांदी के साथ ठंड बढ़ गई। अगले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में गिरावट आने की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम में ठंडक घुली हुई है। सर्दी से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। वहीं मौसम के बदले मिजाज के चलते आलू उत्पादक किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है। ऐसे में यदि तेज हवा के साथ बारिश होती है तो फसल के गिरने से किसानों को भारी नुकसान होगा। गेंहू की फसल को भी नुकसान पहुंचेगा। जिले में आलू की खुदाई का कार्य शुरू हो गया है, अगर बारिश होती है तो किसानों को काफी नुकसान होगा। मंगलवार की सुबह बूंदाबांदी के बाद दोपहर में धूप खिलने से लोगों ने राहत महसूस की। बताया जा रहा है कि 23 फरवरी तक बादल छाए रहेंगे।

सार संक्षेप



इंटर कॉलेज के मैदान पर अवैध कब्जा। ● अमृत विचार

### कॉलेज के मैदान से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित कॉलेज के मैदान से कॉलेज समिति के आजीवन सदस्यों ने अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। समिति के आजीवन सदस्यों ने प्रार्थना पत्र देकर अवैध कब्जे के आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की। नगर के ब्लॉक कार्यालय के सामने श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज का मैदान है। इसके मैदान पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानी होती है। मंगलवार को संपूर्ण समाधान दिवस में कॉलेज के आजीवन सदस्यों ने प्रार्थना पत्र देकर मैदान को कब्जा मुक्त करने की मांग की। सूत्रों का कहना है कि प्रबंध समिति एवं कॉलेज स्टाफ के विवाद के चलते मैदान पर अवैध कब्जा हुआ है। ज्ञापन देने वालों में मुकेश गुप्ता, राहुल शर्मा, रवि शंकर शर्मा, संदीप गुप्ता एवं अंकुर अग्रवाल थे।



खेत में पड़ा ट्रांसफार्मर और एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

### दो ट्रांसफार्मरों से तार व तेल चोरी

**गजरौला, अमृत विचार :** चोरों ने सोमवार रात बिजली के दो ट्रांसफार्मरों से तांबे का तार व तेल चोरी कर लिया है। मंगलवार सुबह जब किसान खेत पर पहुंचे, तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। जिसकी तहरीर पीड़ितों ने पुलिस को दी है। गजरौला थाना क्षेत्र के सलेमपुर गेसाई निवासी उदल सिंह व रमेश सिंह के ट्यूबवेल पर बिजली के ट्रांसफार्मर रखे थे। चोरों ने सोमवार रात दोनों ट्रांसफार्मरों से तार व तेल चोरी कर लिया। मंगलवार सुबह किसान खेतों पर पहुंचे तो घटना की जानकारी हो सकी। किसानों के मुताबिक उनका हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



पूजा करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी। ● अमृत विचार

### विधायक ने हनुमान मूर्ति की स्थापना कराई

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव रुखालू के मंदिर में विधायक ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भगवान हनुमान की मूर्ति की स्थापना की। गांव रुखालू में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने भगवान हनुमान की मूर्ति स्थापित कराई है। मंगलवार को विधायक ने गांव में पहुंचकर विधि विधान एवं मंत्रों के उच्चारण के साथ मूर्ति की स्थापना कराई। इस दौरान मंदिर प्रांगण में हवन का किया। इस मौके पर हुकुम सिंह खड़गवंशी, रुमाल सिंह, सुशील भगत, इंद्रपाल, राम अवतार, जगत सिंह, रामपाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



पूजा करते श्री राम सेवा समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### हनुमान चालीसा का पाठ कर लगाया भोग

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्री राम सेवा समिति की ओर से भगवान हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भक्तों ने आरती कर पवन पुत्र हनुमान को भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया। मंगलवार को साप्ताहिक धार्मिक कार्यक्रम राहुल गुप्ता के आवास पर हुआ। हनुमान चालीसा के पाठ में जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर, कालू उर्फ राकेश बंसल, रानू रस्तोगी, मुकुल अग्रवाल, बबलू पाल, विजय पारछा, नितिन अग्रवाल,आकाश अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, शुभम रस्तोगी, दामोदर शर्मा, जतिन गुर्जर, अतुल गुप्ता, भावना गुप्ता, बीना शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बहन ने अपना लीवर देकर बचाई भाई की जान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** ग्राम ढक्का निवासी विशाल चौधरी उर्फ मोहम्मद फहीम पिछले तीन साल से पीलिया से पीड़ित चल रहे थे। लेकिन उपचार के बाद भी आराम नहीं मिला।



वजन कम होने के साथ-साथ भूख लगना बंद हो गया और कमजोरी बढ़ती जा रही थी। पाचन भी नहीं होता था। दो जनवरी को तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। इसके बाद उनके छोटे भाई मोहम्मद कलीम और पत्नी सीमा चौधरी ने उन्हें दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में आठ जनवरी को एडमिट कराया था। जहां कई परीक्षण करने के बाद चिकित्सक ने उन्हें लिवर ट्रांसप्लांट की सलाह दी। जिसका खर्च लगभग 40 लाख रुपये बताया। जिस पर विशाल चौधरी उर्फ मोहम्मद फहीम को उनकी छोटी बहन शबाना परवीन ने अपना लीवर देने का फैसला लिया। दोनों परिवारों की सहमति के बाद अस्पताल में दोनों के परीक्षण कराए। ब्लड ग्रुप मिलने के बाद दोनों को ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया।

शबाना की शादी आठ साल पहले मौहल्ला चौधरी वाले बछरायूं फहीम अहमद के साथ हुई है, जो सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक हैं। 17 फरवरी को मोहम्मद फहीम उर्फ विशाल चौधरी का दिल्ली में निजी अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट का ऑपरेशन हुआ। डॉ. विवेक विज और टीम डॉ. कलीम व डॉ. शोएब द्वारा लिवर ट्रांसप्लांट का आपरेशन किया। फिलहाल दोनों भाई बहन बिल्कुल स्वस्थ हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। परिजनों ने बताया कि दोनों भाई बहन जल्द अस्पताल से घर आएंगे।

# अल्पसंख्यक समाज का हित भाजपा में : पाल

संवाददाता, डिडौली/अमरोहा



कार्यक्रम में मौजूद जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, पूर्व विधायक कमल सिंह मलिक व अन्य। ● अमृत विचा

- पतखोई में अमरोहा विधान सभा मिलन समारोह
- मुस्लिम समाज के लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**अमृत विचारः** भाजपा जिला प्रभारी सतपाल सिंह पाल ने कहा कि मुस्लिमों का हित भाजपा में ही है। भारतीय जनता पार्टी सबका विकास सबका साथ के नारे के साथ चल रही है। पार्टी में बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों के लिए काम किया जाता है। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मंगलवार को पतखोई रोड पर एक बैंक्वेट हाल में भाजपा के अमरोहा विधानसभा मिलन समारोह हुआ। इसमें मुस्लिम महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। समारोह में जिला प्रभारी सतपाल सिंह पाल ने कहा कि भाजपा कभी भी भेदभाव की राजनीति नहीं करती। पूर्व विधायक कमल मलिक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार लोगों के हित में काम कर रही है। सभी को साथ लेकर चलने का काम किया जा रहा है। मोदी और योगी सरकार की नीतियों पर भरोसा जताते हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। कहा कि कार्यकर्ता अभी से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। आने वाला समय फिर भाजपा का है और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। इस कार्यक्रम में करीब 500 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा केंद्र व यूपी सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों का ध्यान रख रही है। समारोह की अध्यक्षता रिहान अहमद ने की व संचालन कृष्ण कुमार ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक कमल मलिक, विजय पांडेय, अतुल चौधरी, उषा शर्मा, जावेद आलम, किशनलाल तोमर, खेमचंद प्रजापति, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।



माध्यमिक शिक्षा निदेशक को ज्ञापन देते एमएलसी डॉ. हरी सिंह ढिल्लो।

# माध्यमिक शिक्षा निदेशक से वेबसाइट खुलवाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** विधान परिषद सदस्य डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने विधायक उमेश द्विवेदी के साथ माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव सिंह से मिलकर लखनऊ में ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि परीक्षार्थियों के नाम, जन्मतिथि आदि की त्रुटियों के कारण आ रही समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। वित्त विहीन स्कूल प्रबंधक एसोसिएशन के अध्यक्ष बसंत सारस्वत ने विधान परिषद सदस्य को एक पत्र देकर छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया था। जिस का संज्ञान लेते हुए विधान परिषद सदस्य ने शिक्षा निदेशक से मिलकर समस्या के निस्तारण कराया जाए।

यूडायस पोर्टल पर नवीन छात्र-छात्राओं के नाम अंकित करने तथा परीथार्थियों के नाम,जन्म, तिथि, लिंग एवं विषयों की त्रुटियों को सही करने के लिए वेबसाइट को खुलवाया जाए। इससे छात्रों की समस्या दूर हो जाएगी।

### तीन सगे भाइयों को तीन-तीन साल कैद

**अमरोहा, अमृत विचार :** कोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट व मारपीट के मामले में तीन सगे भाइयों को तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई है।

घटना थाना आदमपुर क्षेत्र के दौरारा की है। गांव में अनुसूचित जाति के किसान विपिन कुमार का परिवार रहता है। 25 मई 2020 को विपिन कुमार खेत में फसल की रखवाली कर रहे थे। गांव निवासी निरंकार की भैंस उनके खेत में घुस गई। विपिन कुमार ने इसे लेकर एतराज जताया तो निरंकार ने जाति सूचक शब्द कहे। विरोध करने पर अपने भाई गौतम और निखिल को भी वहां बुला लिया। तीनों ने विपिन कुमार को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। इसकी सुनवाई कुसुम लता की कोर्ट में विचाराधीन थी। अभियोजन पक्ष की ओर से मनोज सक्सेना ने पैरवी की थी। कोर्ट ने निरंकार, गौतम व निखिल को दोषी करार देते हुए तीन-तीन साल की जेल व तीनों पर कुल 33 हजार रुपये जुर्माने लगाया है।

# किसानों को छुट्टा पशुओं से दिलाएं राहत

संवाददाता, आदमपुर



बैठक में संबोधित करते किसान नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों ने कहा कि जंगल में घूम रहे छुट्टा पशुओं से राहत दिलाई जाए। छुट्टा गोवंश फसल बर्बाद कर रहे हैं और हमलावर भी हो रहे हैं। इससे कई किसानों की जान तक चली गई और कई लोग जख्मी भी हुए है।

मंगलवार को आदमपुर के पातालेश्वर शिव मंदिर परिसर में भाकियू की मासिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कोपाली सिंह तथा संचालन प्रकाश सिंह ने किया। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि किसानों के साथ हो रहे शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ब्लाक अध्यक्ष टीटू त्यागी ने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा पशुओं की बड़ी समस्या है। इन छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला में पहुंचाया जाए। चकबंदी अधिकारियों द्वारा किसानों के साथ हो रहे शोषण को बंद किया जाए।

फसल का एमएसपी रेट तय किया जाए। सरकार ने इस साल गन्ने का रेट भी बहुत कम घोषित किया, इसे बढ़ाया जाए। कम से कम 500 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का रेट होना चाहिए। 21 फरवरी को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष टीटू त्यागी, प्रकाश सिंह, सुरेश, महेश पहलवान, दाताराम, निरोत्तम, रहीस, रामचंद्र, तनुज त्यागी, छिद्धन खां,दिनेश शर्मा,नानक सिंह,हरिओम, महावीर, जगदीश, नितिन आदि मौजूद रहे।

आयोजन | लखनऊ के रागनी ग्रुप ऑफ डांस ने दी प्रस्तुति, उत्कृष्ट कार्य करने वाले किए गए सम्मानित

# महोत्सव के अंतिम दिन घूमर डांस देख प्रफुल्लित हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में पहली बार आयोजित अमरोहा महोत्सव के अंतिम दिन लखनऊ के रागिनी ग्रुप आफ डांस ने अपनी परफॉर्मेंस से समा बांध दिया। घूमर डांस देख लोग प्रफुल्लित हो उठे। इसके बाद शहर में उत्कृष्ट करने वाली समाजिक संस्थाओं, लोगों को सम्मानित किया। वहीं आखिरी दिन मेला देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

मंगलवार को अमरोहा महोत्सव के अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे। लखनऊ के रागिनी ग्रुप आफ डांस ने अपने घूमर डांस से लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। इसके अलावा श्रीराम के भजन पर भी सुंदर प्रस्तुति दी। श्रीमद् कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की कन्याओं ने भी डांस परफॉर्मेंस दी गई। इसके बाद विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, पालिका चेयरपर्सन शशि जैन, भाजपा जिला प्रभारी सतपाल पाल सिंह ने शहर की सामाजिक संस्थाओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। इस कड़ी में श्रीमद् कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की संस्थापिका आचार्य सुमेधा, ईओ डॉ. बृजेश सिंह समेत अन्य लोगों को सम्मानित किया। वहीं अमरोहा महोत्सव में विकास प्रदर्शनी के साथ-साथ झूले, खान-पान की दुकान, बच्चों के मनोरंजन के लिए ऊंट व घोड़े के सवारी का आनंद लिया। लोगों ने खूब झूलों का लुत्फ उठाया।



ईओ डॉ. बृजेश सिंह को सम्मानित करते विधायक महेंद्र खड़गवंशी, डॉ. हरि सिंह ढिल्लो।



अमरोहा महोत्सव में घूमर डांस प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

### युवकों में मारपीट और हंगामा

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा महोत्सव के अंतिम दिन भारी संख्या में लोग पहुंचे। यहां झूले के आसपास काफी भीड़ थी। इस दौरान युवकों के बीच कहासुनी हो गई, और देखते-देखते मारपीट हो गई। जिसमें की एक युवक का सिर फट गया। जिसके बाद मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं एएसपी राजीव कुमार सिंह, सीओ अभिषेक कुमार यादव ने मोर्चा संभाला और भीड़ को हटाया। जिसके बाद पुलिस मारपीट कर रहे युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। वहीं पुलिस ने मामले को शांत कराया।

### आजम की आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में सात मार्च को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को कोर्ट में जिरह हुई। अब इस मामले में अगली सुनवाई सात मार्च को होगी। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में चल रही है।

लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान शाहबाद में जनसभा हुई थी। इसमें आजम खां ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ शाहबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस ने विवेचना के बाद इस मामले में चार्जशीट लगा थी। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में चल रही है। मंगलवार को इस मामले में जिरह हुई। अगली तारीख सात मार्च लगा दी है।

# घटनाओं का खुलासा नए कस्बा इंचार्ज के लिए चुनौती

संवाददाता, हसनपुर

- पुलिस ने दिया जल्द खुलासे का आश्वासन

**अमृत विचारः** लगभग 20 दिन बीत जाने के बाद भी दोनों लूट एवं आठ दिन पहले हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि पुलिस की कई टीमें खुलासे के लिए कार्य कर रही है और जल्द घटनाओं का अनावरण किया जाएगा।

नगर में बदमाशों ने 20 दिन पहले लूट की दो घटनाओं को अंजाम देकर क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। पहली घटना सात फरवरी की देर रात नगर के चामुंडा मंदिर के निकट नकाबपोश बदमाशों ने चाकू दिखाकर फोटोग्राफर प्रेमपाल से कैमरा मोबाइल एवं 900 रुपये की नकदी सहित लगभग 97,900 रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया था और दूसरी घटना आठ फरवरी की रात नगर के बाइपास मार्ग स्थित एक बैंक्वेट हॉल से दुल्हन के चाचा से बैग छीन कर डेढ़ लाख रुपये की लूट को बदमाशों ने अंजाम दे दिया था। 12 फरवरी को रहरा रोड स्थित अंकित आयरन स्टोर पर चोरों द्वारा दीवार फांद के 50 हजार रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया था। पुलिस अधिकारियों की मानें तो तीनों घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस की एसओजी सहित पांच टीमें कार्य कर रही है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार का कहना है कि लूट की दोनों घटनाओं का खुलासा जल्द किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने सब इंस्पेक्टर संजीव कुमार को हसनपुर कस्बा चौकी प्रभारी के पद पर भेजा है। घटना का खुलासा करना चौकी प्रभारी के लिए चुनौती से कम नहीं है।

## एक नजर

### लोगों की बिगड़ी हालत तो गांव में मचा कोहराम

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गांव ईसमपुर डांडा में शादी में खाना खाने के बाद लोगों की हालत बिगड़ी तो गांव में कोहराम मच गया। लोगों ने पहले बर्दाश्त करने का प्रयास किया, लेकिन बाद में बीमारों ने सरकारी अस्पताल का रुख किया। डोरी सिंह की पुत्री की शादी में रविवार को रिश्तेदारों, बस्ती के सैकड़ों लोगों ने दावत खाई थी। यहां दावत खाने वालों की रविवार रात से ही तबीयत बिगड़ने लगी। सोमवार रात लोग बीमार हो गए। हालात बेकाबू हुए तो सूचना पर सीएचसी से टीम पहुंची। मंगलवार को यहां 70 लोगों का इलाज किया गया। एसीएमओ पंकज विश्नोई के नेतृत्व में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने भी गांव पहुंच कर फूड प्वाइजनिंग पीड़ितों का उपचार किया। सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा ने देर शाम ईसमपुर डांडा पहुंच कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को घर घर पहुंच कर मरीजों का उपचार करने की हिदायत दी। एसडीएम रमेश बाबू ने गांव का दौरा किया। वह अस्पताल में भी मरीजों के इलाज पर नजर बनाए रहे।

### दुर्घटना में घायल दूसरे ग्रामीण की भी मौत

**बहजोई, अमृत विचार :** रिश्तेदारी में जा रहे ग्रामीणों की बाइक टकराने से घायल हुए दूसरे ग्रामीण की भी उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। ग्रामीण का शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव स्वराजपुर निवासी स्वराज व यादराम अपनी बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में गांव मुडिया जा रहे थे। गांव भरथरा चुंगी के निकट ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यादराम की मौत हो गई थी, जबकि स्वराज की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर किया था। जहां स्वराज की देर रात मौत हो गई। जैसे ही उसका शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।


फूड प्वाइजनिंग के बाद सीएचसी में भर्ती बीमार महिलाएं। ● अमृत विचार


बीमारों को एंबुलेंस से लेकर जाते स्वास्थ्य कर्मी।


पीड़ित लोगों से बात करते एसडीएम रमेश बाबू। ● अमृत विचार

# शादी में खाना खाने से दूल्हा-दुल्हन सहित 130 लोगों की हालत बिगड़ी

## गांव ईसमपुर डांडा की घटना, सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड में 70 लोग भर्ती

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार :** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव ईसमपुर डांडा में शादी समारोह में खाना खाने से दूल्हा-दुल्हन व बरातियों सहित 130 लोगों की फूड प्वाइजनिंग से हालत बिगड़ गई। 70 लोगों को गुन्नौर सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। इनमें 11 की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। दूल्हा- दुल्हन समेत 60 बरातियों का इलाज अलीगढ़ के निजी अस्पतालों में कराया जा रहा है। एसीएमओ पंकज विश्नोई ने 62 लोगों को सीएचसी में भर्ती कराने की पुष्टि की।

गांव ईसमपुर डांडा की दलित बस्ती निवासी डोरी सिंह की पुत्री शारदा की बरात रविवार को अलीगढ़ जिले के पाली मुकीमपुर थाना क्षेत्र के गांव धुर्रा प्रेमनगर से आई थी। बराती-घराती व ग्रामीणों ने रात को खाना खाया। सोमवार सुबह बरात लौटने के बाद कुछ लोगों को पेट दर्द व दस्त की शिकायत हुई। लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया। सोमवार रात महिलाएं व बच्चे बेहोश होने होने लगे।


दुकान से खरीदा गया मसाला दिखाता ग्रामीण। ● अमृत विचार

पेट में दर्द, दस्त, बुखार की समस्या से बस्ती के काफी लोग ग्रसित हो गए। इससे चीख पुकार व अफरा तफरी मच गई। मंगलवार सुबह सीएचसी गुन्नौर में मरीजों का तांता लग गया। मरीजों की भीड़ से डॉक्टर समेत सभी कर्मचारी युद्ध स्तर पर लग गए। बेड कम पड़ने की वजह से कुछ को स्ट्रेचर पर तो किसी को बेंच पर लिटाकर इलाज किया गया। कुछ मरीज दर्द से चीख चिल्ला रहे थे।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पवन सिंह ने बताया कि अस्पताल में आए ईसमपुर डांडा के सभी मरीज फूड प्वाइजनिंग के शिकार हैं। इनका इलाज किया जा रहा है। 11 गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय भेजा गया है। दूल्हा पक्ष के लोगों का कहना है कि दूल्हे सहित 60 लोगों का इलाज अलीगढ़ के निजी अस्पतालों में कराया जा रहा है।

# किराना की दुकान से लिए मसालों के नमूने, खाने की भी की जाएगी जांच

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार:** गांव ईसमपुर डांडा में शादी समारोह में खाना खाने से फूड प्वाइजनिंग की घटना सामने आने के बाद लोगों ने दुकानदार पर मिलावटी मसाले व सामान देने का आरोप लगाया है। किराना व्यापारी व मिष्ठान विक्रेता की दुकान से मसाले और खाद्य तेल समेत 15 अन्य के नमूने किए गए हैं। बचे खाने को भी जांच के लिए भेजा जा रहा है।

डोरी सिंह ने बताया कि बेटी की शादी के लिए मतीन की राशन की दुकान से तेल मसाले आदि खरीदे थे। खाना खाने के बाद पेट दर्द, बुखार दस्त की शिकायत हुई तो बचे मसालों को ध्यान से देखा। मसाला एक्सपायरी डेट पार चुका था। जिला अभिहित अधिकारी राहुल सिंह ने कहा कि खाद्य पदार्थों के नमूनों की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य खाद्य निरीक्षक राहुल सिंह ने डोरी सिंह के घर से शादी की दावत में बची पनीर की सब्जी, छोले और रायते का नमूने लिए हैं।

खाद्य सुरक्षा निरीक्षक कुलदीप तिवारी गुन्नौर में उस दुकान पर पहुंचे जहां से खाद्य तेल और अन्य सामान खरीदा गया था। यहां से मसालों और खाद्य तेल का नमूना लिया गया। इसके बाद एक मिष्ठान विक्रेता की दुकान से पनीर का सैंपल लिया।

### ये लोग हुए अस्पताल में भर्ती

गुन्नौर सीएचसी में इलाज के लिए आए लोगों में दुल्हन की मां विजय कुमारी (40), ममता (35), मोहनी (15), गायत्री (30), नैना (10), अमित (25), राजकुमारी (30), बर्षा (12), सुनीता (30), विनय (8), अमन (18), अंकुश (12), त्रिवेणी (45), रामपाल (50), सागर (24), लक्ष्मी (15), सोनम (16), ईशा (11), अमरवती (20), शिवदेवी (40), मिल्की (5) जसोदा (40), क्रांति (30), रीता (16), रश्मि (20), राखी(15), पुष्पेंद्र (25), प्रीति (28 ), मोनिका (11), गौरव (19), प्रमोद कुमार (17), प्रथम सिंह (70), संजीव (22), सोनपाल (21), द्रोपा (40), वीना (28), अनिका (3), दामिनी (4), रूबी (30), मान सिंह (80), कमलेश (25), अमित कुमार (26), देवेंद्र (38), विजयपाल (49), सोमवीर (48), बबली (36), गजपति (50), कलावती (55), ओमवती (65), शिव कुमारी (32), रीना (32), पुष्पेन्द्र (25), अमरवती (20), यशोदा (40), रामकुमार ((45), राजकुमारी (30) आदि के नाम शामिल हैं।

### ये 11 लोग किए गए रेफर

सीएचसी अधीक्षक डॉ. पवन सिंह ने बताया कि आकाश कुमारी पुत्री पदम सिंह, पूजा पुत्री रामू, नंदिनी पुत्री पदम सिंह, अंजली पुत्री पदम सिंह, नीता पुत्री मोहन, ओमवती पत्नी केशों, मोनिका पुत्री जितेंद्र, रीनू पुत्री कल्याण, गायत्री पत्नी शिवकुमार, अंकुश पुत्र शिवकुमार और जसोदा पत्नी रामकुमर को जिला अस्पताल भेजा गया है।

# स्वामी प्रसाद मौर्य पहले बेटी को चुनाव मैदान में उतारें : धर्मेंद्र

संवाददाता, संभल/धनारी

**अमृत विचार:** स्वामी प्रसाद मौर्य के समाजपादी पार्टी छोड़कर अपनी पार्टी बनाने की घोषणा पर सपा नेता धर्मेंद्र यादव ने कहा कि अपनी अलग पार्टी बना ही ली है तो वह पहले अपनी बेटी को अपनी पार्टी से चुनाव मैदान में उतारे।

पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव गुन्नौर तहसील के धनारी स्थित जनता जूनियर हाई स्कूल में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता समाजवादी पार्टी के साथ है। पार्टी पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरकर भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगी। कहा कि जनता ने भारतीय जनता पार्टी को परख लिया है और अब वह इससे मुक्ति चाहती है। नफरत की राजनीति को अब जनता ने समझ लिया है।


धनारी में पीडीए सम्मेलन के दौरान सपा नेता धर्मेंद्र यादव का स्वागत करते पदाधिकारी।

▸▸ पूर्व सांसद ने समाजवादी पार्टी के संविधान बचाओ पीडीए सम्मेलन को किया संबोधित

मिठाई लाल भारती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान से खिलवाड़ कर रही है। इस मौके पर विधायक राम खिलाड़ी सिंह, जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, पूर्व विधायक प्रदीप यादव, अजय पाल सिंह, अमित यादव, अखिलेश यादव, कृष्ण मुरारी शंकरधर, सुरेंद्र ,सोनकर ,रामवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### रास्ते में खेल रही बच्ची पर कुत्ते ने किया हमला

**संभल, अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र में घर के बाहर खेल रही पांच साल की बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने बच्ची को कुत्तों से बचाया।



गांव कमलपुर सराय निवासी धर्मपाल का घर गांव के बाहरी छोर पर है। मंगलवार शाम चार बजे धर्मपाल की पांच साल की बेटी शिवांगी घर के पास ही रास्ते के किनारे खेल रही थी। इस दौरान जंगल की तरफ से आए कुत्ते ने शिवांगी पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने लाठी डंडे दिखाकर कुत्तों को भगाया। परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। उधर, जिले में आवारा कुत्तों द्वारा मासूम बच्चों पर हमला करने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन को देखते पुलिस व ग्रामीण।

# डीसीएम व ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत, पांच लोग हुए घायल

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल गवां मार्ग पर डीसीएम व आलू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में भिड़ंत हो गई। हादसे में चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। डीसीएम चालक को रेफर कर दिया।

गांव चाचू नागल निवासी चालक शहादत मंगलवार को गांव के ही सुरेंद्र व हरीश के ट्रैक्टर ट्रॉली में आलू लादकर गांव मूसापुर के पास स्थित कोल्ड स्टोरेज आया था। शहादत कोल्ड स्टोरेज में जाने को ट्रैक्टर ट्रॉली मोड़ रहा था। तभी डीसीएम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर सवार सुरेंद्र निवासी सिरसवा, चालक नन्हें और डीसीएम में बैठे बसला की मढैया निवासी किशनपाल, ततारपुर घोसी निवासी ओमकार और मनोज घायल हो गए।

## सार-संक्षेप

### बैनामे का विरोध कर भूखंड स्वामी को पीटा

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला तीमर दास सराय निवासी लईक अहमद उर्फ रफ्फन की मोहल्ला रायसत्ती में जमीन है। मंगलवार को लईक जमीन का किसी व्यक्ति के नाम बैनामा कराने तहसील पर आया था। आरोप है कि रायसत्ती निवासी दो लोग भी तहसील पहुंचे और जमीन बेचने का विरोध करने लगे। इसके लईक व दोनों व्यक्तियों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि दोनों व्यक्तियों ने लईक को लात घूसों से पीटा। जिससे वह घायल हो गया।

### कलेक्ट्रेट पर भाकियू टिकैत का प्रदर्शन आज

**बहजोई, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी दिल्ली की सीमा, सिंधु बॉर्डर पर पुलिस के द्वारा किसानों पर हुए अत्याचार के खिलाफ बुधवार को जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर घेराव करेंगे। किसानों की समस्या समाधान व मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपेंगे। यह जानकारी प्रदेश प्रमुख महासचिव पश्चिम प्रदेश प्रभारी विजेंद्र सिंह यादव ने दी। बताया कि बुधवार को 11 बजे बहजोई अनाज मंडी समिति में एकत्रित होकर जिला मुख्यालय की ओर पैदल मार्च करेंगे।


गोशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकरी मनीष बंसल, साथ में अन्य।

### जिलाधिकारी ने गोशालाओं में देखीं व्यवस्थाएं

**संभल, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने मंगलवार को विकासखंड पवांसा के गांव साकिन शोभापुर में निर्माणाधीन गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्ता परखी और कार्य को गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया गया तो कड़ी कार्रवाई होगी। इसके बाद उन्होंने गांव बंजरपुरी में संचालित गोशाला का भी निरीक्षण किया। यहां भूसे के भंडारण, पशुओं की संख्या और सुविधाएं देखीं। गोशाला की बाउंड्रीवाल व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी भरत कुमार मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी दिनेश चंद्र, उप जिलाधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी, क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. तरन्नुम रजा, खंड विकास अधिकारी रिजवान अहमद उपस्थित रहे।

### राशन की दुकान का प्रस्ताव निरस्त करने की मांग

**संभल, अमृत विचार :** गांव जालब सराय निवासी ग्राम प्रधान गुलबशा ने मंगलवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। ग्राम प्रधान ने धांधली का आरोप लगाते हुए 14 फरवरी को हुए राशन की दुकान के प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की। आरोप है कि प्रस्ताव होने से पहले ही एडीओ आईएसबी ने ग्रामीणों के अंगूठों के निशान प्रमाणित करने के नाम पर सादे कागज पर मुहर लगवाकर हस्ताक्षर करा लिए। इसके बाद एडीओ आईएसबी ने गांव के बाहर आकर रहने वाले व्यक्ति के नाम राशन की दुकान का प्रस्ताव पास कर दिया।

### अंडरपास की मांग को लेकर किसानों का धरना जारी

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली का गांव हिसामपुर व भटोला के बीच गंगा एक्सप्रेस वे पर अंडरपास की मांग को लेकर 28 दिनों से धरना प्रदर्शन जारी है। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने मंगलवार को बताया कि प्रशासन की ओर से अंडरपास बनवाने का आश्वासन तो मिला है, लेकिन किसान जब तक कार्य शुरु नहीं हो जाता धरने पर ड़टे रहेंगे। बताया कि अगर 22 फरवरी तक प्रशासन की ओर से अंडरपास बनवाने के लिए लिखित में नहीं मिल जाता। तो 23 फरवरी को धरना स्थल पर बैठक कर कार्यकर्ता अगली रणनीति बनाएंगे। इस दौरान दिनेश सिरोही, हरद्वारी, गनपत, रामकिशन, जयप्रकाश, किरपाली, राहिद, ठाकुर सिंह, दोजी सिंह, रामफूल सिंह पातीराम, अनोखे लाल, सुरेश, जसवंत, चंदप्रकाश शर्मा, आदि मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बालक घायल

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव चूहरपुर निवासी योगेंद्र मंगलवार को पत्नी शांति व पांच वर्षीय बेटे प्रदीप को साथ लेकर थाना क्षेत्र के गांव रायपुर में निजी डॉक्टर से दवा लेने आया था। संभल आदमपुर मार्ग पार करते समय कार की टक्कर लगने से प्रदीप घायल हो गया। चालक कार लेकर भाग गया।

# जिला अस्पताल के लिए भूमि में फंसा पेंच, तलब की रिपोर्ट

संवाददाता, बहजोई

▸▸ प्रमुख सचिव, जिलाधिकारी, एसडीएम पर स्थगन आदेश के बाद निर्माण का लगाया आरोप

▸▸ 12 मार्च तक उच्च न्यायालय में रिपोर्ट प्रेषित करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** बहजोई में बड़े मैदान पर जिला अस्पताल निर्माण के लिए जमीन चयनित करने को लेकर पेंच फंस गया है। उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद भूमि पर नक्शा पास कराकर निर्माण को धनराशि मंजूर करने को लेकर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने डीएम, एसडीएम चंदौसी व प्रमुख सचिव राजस्व से 12 मार्च तक जवाब मांगा है।

उच्च न्यायालय के अधिवक्ता जयंत प्रकाश सिंह ने बताया कि बहजोई डिग्री कॉलेज के निर्माण को लेकर आदर्श शिक्षा समिति संस्था के तत्कालीन प्रबंधक चंद्रपाल आर्य ने मैदान की भूमि के संबंध में मुकदमा जिला न्यायालय में दर्ज कराया था। यह केस उच्च न्यायालय इलाहाबाद से दूसरी अपील 1999 में उन्होंने जीत लिया था। बड़े मैदान की जमीन गाटा संख्या 632 बहजोई डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए खतौनी में दर्ज थी। वर्ष 2011 में चंद्रपाल आर्य के निधन के बाद उनकी बेटी प्रतिभा आर्य प्रबंधक बनीं। इस मध्य राज्य सरकार ने इस जमीन पर राजस्व निरीक्षक की एक तरफा रिपोर्ट पर तहसीलदार चंदौसी ने एक आख्या एसडीएम चंदौसी को 26 दिसंबर 2022 एक तरफा आदेश पारित कर विद्यालय की जमीन क्रीडा स्थल के नाम दर्ज कर ली। प्रबंध समिति द्वारा उच्च न्यायालय में इसको लेकर याचिका पर 26 सितंबर 2022 को उच्च न्यायालय ने अग्रिम आदेशों तक स्थगन आदेश जारी कर राज्य सरकार से जवाब दाखिल करने निर्देश दिए थे। बावजूद इसके जिला प्रशासन ने बड़े मैदान की भूमि जिला अस्पताल निर्माण के लिए चिह्नित की। नक्शा पास कराकर निर्माण को धनराशि मंजूर करा ली। इस पर प्रबंध समिति ने अवमानना याचिका का दाखिल कराई। अधिवक्ता जयंत प्रकाश सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय ने डीएम मनीष बंसल, एसडीएम चंदौसी नीतू रानी, प्रमुख सचिव राजस्व सुधीर गर्ग को प्रतिवादी बनाते हुए 12 मार्च तक रिपोर्ट प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### मुरादाबाद मार्ग पर बंद रहा यातायात

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी रेलवे क्रासिंग पर सड़क मरम्मत के चलते मंगलवार को मुरादाबाद मार्ग पर यातायात बाधित रहा। बाइक सवारों ने पटरी से कूदकर बाइकें निकालीं, लेकिन कारें और बसें नहीं चल पाईं। बुधवार सुबह आठ बजे सिरसी रेलवे क्रॉसिंग वाहनों के लिए खोला जाएगा। रोडवेज व निजी बसें सिरसी रेलवे क्रॉसिंग तक ही चलीं। रेलवे लाइन पैदल पार कर लोगों ने आने जाने के लिए अपने वाहनों को बदला। भारी वाहनों को गागन से बिलारी व चंदौसी से होते हुए संभल आना पड़ा। छोटे चार पहिया वाहन सिरसी से मखदूमपुर मिठोली गांव होते हुए सिरसी पहंचे। बाइक सवार गांव फूलसिंघा से होते हुए संभल मुरादाबाद मार्ग पर पहुंचे। कुछ बाइक सवार स्कूल के पासे से रेलवे लाइन को पार करते दिखाई दिए।


सिरसी में रेलवे ट्रैक से बाइकें निकालते लोग। ● अमृत विचार

श्रद्धा | प्रधानमंत्री ने किया था ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास

# कल्कि धाम पर जुटने लगे श्रद्धालु, गर्भगृह की परिक्रमा की

भीष्म सिंह देवल, संभल

**अमृत विचार:** ऐंचोड़ा कम्बोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शिलान्यास करने के बाद कल्कि धाम और भगवान कल्कि के नाम की गूंज दूर तक सुनाई दे रही है। अभी कल्कि धाम का निर्माण भी शुरू नहीं हुआ है, लेकिन श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। मंगलवार को पहुंचे श्रद्धालुओं ने गर्भगृह की परिक्रमा कर पूजित शिलाओं को नमन किया।

श्रीमद्भागवत गीता व भविष्य पुराण सहित कई धर्मग्रंथों में वर्णित है कि कलयुग में भगवान विष्णु कल्कि के रूप में अवतरित होंगे। यह अवतार गंगा और रामगंगा के मध्य बसे संभल में होगा। इस अवधारणा के तहत हजारों साल पहले यहां कल्कि भगवान का मंदिर बनाया गया। महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था। यहां की धरा पर कल्कि भगवान भी भक्ति के प्रवाह को तेज करते हुए 18 साल पहले आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कल्कि पीठ की स्थापना कर अपने पैतृक गांव ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम निर्माण का संकल्प लिया था। 2016 में कल्कि धाम का शिलान्यास होना था, लेकिन तत्कालीन सपा सरकार ने धाम निर्माण पर पाबंदी लगा दी थी। अब 19 फरवरी को प्रधानमंत्री ने ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने नौ शिलाओं के पूजन के बाद धाम निर्माण की एक शिला को स्थापित किया। प्रधानमंत्री के हाथ से कल्कि धाम शिलान्यास का असर यह है कि अभी कल्कि धाम निर्माण शुरू भी नहीं हुआ है, शिलान्यास के अगले दिन ही श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे।



कल्कि धाम शिलान्यास स्थल के निकट खड़े होकर पूजा करते दंपती। ● अमृत विचार

▸▸ सुबह से ही शुरू हो गया श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला

### परिक्रमा कर पूजित शिलाओं को किया नमन

**संभल, अमृत विचार :** कल्कि धाम का शिलान्यास होने के बाद मंगलवार को आयोजन स्थल पर कर्मचारी टेंट उखाड़ रहे थे। इस दौरान एक कार आयोजन स्थल के पास आकर रुकी। कुछ महिलाएं व पुरुष कार से नीचे उतरे और फिर कल्कि धाम गर्भगृह की परिक्रमा शुरू कर दी। इसके बाद इस परिवार ने गर्भगृह में रखीं पूजित शिलाओं के आगे हाथ जोड़कर सिर झुकाया। इसके कुछ देर बार एक बाइक सवार दंपती अपने बच्चे के साथ पहुंचे। इस दंपती ने भी गर्भगृह की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की। बताया कि वह अमरोहा के वंश गोपाल तीर्थ के पास रहते हैं। कल टीवी पर प्रधानमंत्री को धाम का शिलान्यास करते देखा तो खुद को रोक नहीं पाए।

# अभ्यर्थियों ने की पुलिस भर्ती परीक्षा रद करने की मांग

## माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर राज्यमंत्री (स्वत्रंत प्रभार) गुलाब देवी से बात करते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अभ्यर्थियों ने पुलिस भर्ती परीक्षा रद कराने की मांग की है। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के आवास पर पहुंच कर ज्ञापन दिया। इससे पहले सैकड़ों अभ्यर्थियों ने फव्वारा चौक पर प्रदर्शन किया और पैदल मार्च कर सुभाष रोड होते हुए राज्यमंत्री के आवास पर पहुंचे। अभ्यर्थियों ने कहा कि जांच कमेटी में हाईकोर्ट के जज को शामिल किया जाए। जांच का समय निर्धारित किया जाए। जांच कमेटी में टेक्निकल टीम भी शामिल हो।

क्षेत्र के हजारों युवक-युवतियां पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल हुए थे। इनका आरोप है कि प्रदेश भर से परीक्षा में नकल कराने के मामले सामने आए। मंडल के कई जिलों में सॉल्वर, ब्रोकर और अभ्यर्थी पकड़े गए। इससे परीक्षा में धंधाली के संकेत मिले हैं। कड़ी मेहनत करने वाले अभ्यर्थी पुलिस में भर्ती नहीं हो पाएंगे। अभ्यर्थियों ने कहा कि कुछ दिन बाद वे उम्रदराज हो जाएंगे। परीक्षा रद कर पुनः परीक्षा कराई जाएं। राज्यमंत्री (स्वत्रंत प्रभार) गुलाब देवी ने आश्वासन दिया कि अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होगा। सरकार जो भी करेगी, आपके हित के लिए ही करेगी। ज्ञापन देने वालों में शिवम कुमार, धनपत सिंह, दिनेश कुमार, अनुज, वीरेश कुमार, मनोज कुमार, विशाल पाठक, पूजा भारती, मनोज गोला, यशोदानंदन, कमल कुमार, रवि, विशाल यादव, सत्येंद्र यादव, लखपत, अपूर्व सिंह, यश शर्मा, धर्मवीर, अभिषेक, जोगेंद्र आदि मौजूद रहे।

**▸▸ जांच कमेटी में हाईकोर्ट के न्यायाधीश को शामिल करने पर भी दिया जोर**


बहजोई में पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते युवा।

### परीक्षा निरस्त करने को लेकर अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**बहजोई, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने कलेक्ट्रेट के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर परीक्षा निरस्त कराने की मांग की। पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल हुए युवा मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। एसडीएम विनय कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा धांधली पूर्वक कराई गई है। इसके साक्ष्य सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार परीक्षा को पुनः कराए। क्योंकि इस प्रकार लाखों बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कहा कि परीक्षा निरस्त की जाए। इस दौरान अरविंद, आकाश कुमार, नरेश कुमार, अमित कुमार, वीरेश कुमार, सुभाष पाल, सचिन कुमार, विशाल राघव, विनोद यादव, रोहतास, रिजवान आदि मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने सुना प्रधानमंत्री का संबोधन

**बहजोई, अमृत विचार:** जम्मू कश्मीर में देश को संबोधित कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को वर्चुअल रूप से बहजोई महाविद्यालय उच्चतर शिक्षा में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को दिखाया गया।

शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जम्मू कश्मीर में हो रहा कार्यक्रम लाइव सुना। प्रधानमंत्री ने कहा कि किस तरह वर्तमान सरकार ने उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नए-नए विश्वविद्यालय, आईआईटी, एनआईटी, जवाहर नवोदय विद्यालय, कौशल विश्वविद्यालय खोले हैं। नए संस्थानों को खोलने का काम चल रहा हैं। ताकि भारत शिक्षा के क्षेत्र में विश्व में अपनी पहचान बना सके। इस दौरान प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष लव कुमार सर्राफ, अजय कुमार आयरन, अजय कुमार तम्बाकू, पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता, विपिन कुमार गुप्ता, मनीष कुमार, यश कठेरिया, गौरव वार्ष्णेय, श्रीनिवास सिंह यादव, गीता रानी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### गड्ढे में घुसी बाइक, बिलारी के दो मजदूर घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के जारई गेट कब्रिस्तान के निकट मंगलवार देर शाम सड़क पर गड्ढे में बाइक जा घुसी। जिससे बाइक सवार दो मजदूर घायल हो गए। लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। जिला मुरादाबाद में बिलारी क्षेत्र के गांव हाजीपुर के मझरा भगतपुर निवासी प्रवीण और विनोद मंगलवार शाम करीब सात बजे शहर में मजदूरी कर बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक प्रवीण चला रहा था। जब वे जारई गेट कब्रिस्तान के निकट पहुंचे तो सड़क पर गड्ढे में उनकी बाइक जा घुसी। इससे प्रवीण और विनोद घायल हो गए। लोगों ने बाइक को गड्ढे से निकाला और सरकारी अस्पताल भेज दिया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

### गाली गलौज व मारपीट करने पर बेटा गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव मोतीनगर निवासी राजीव मंगलवार को किसी बात को लेकर अपनी मां कुसुम के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राजीव को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर राजीव का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

### पट्टे के नाम पर रुपये लेने का ग्राम प्रधान पर आरोप

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव शाकिन शोभापुर निवासी प्यारेलाल ने मंगलवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। ग्राम प्रधान व उसके पति और बेटे पर आरोप लगाते हुए प्यारेलाल ने बताया कि दो वर्ष पहले पट्टा दिलाने के नाम पर 1 लाख 55 हजार रुपये लिए थे। दो वर्ष गुजरने के बाद प्यारेलाल को पट्टे की जमीन नहीं मिली है और ना ही ग्राम प्रधान ने रुपये वापस किए हैं। प्यारेलाल ने पुलिस से कार्रवाई कर ग्राम प्रधान से रुपये वापस दिलाने की मांग की।

### संत रविदास की जयंती पर सजेगा कीर्तन दरबार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुननाक दरबार में 24 फरवरी दिन शनिवार को संत रविदास की जयंती पर सुखमनी साहिब व महान कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। बाहर से रागी जत्थे, कथा वाचक व प्रचारक भी हाजिरी लगाने आ रहे हैं।

## नवविवाहिता बोली- पिता ने छीन ली दहेज की बाइक

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** शादी के बाद ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप लगते हैं, लेकिन संभल में शादी के छह माह बाद नवविवाहिता ने पिता पर दहेज में दी गई बाइक छीनकर ले जाने व डेढ़ लाख रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

जनपद रामपुर के निपलिया निवासी महिला चंद्रवती ने छह माह पहले अपनी बेटी चांदनी की शादी गांव खगुपुरा के रहने वाले जितेंद्र के साथ की थी। चांदनी ने मंगलवार को नखासा थाना पहुंचकर पिता लक्ष्मण के खिलाफ तहरीर दी। उसने बताया कि वह पिता लक्ष्मण के बुलाने पर दहेज में मिली बाइक पर सवार होकर पति जितेंद्र के साथ रविवार को मायके गई थी। आरोप है कि यहां पिता लक्ष्मण ने गाली गलौज कर जितेंद्र व चांदनी को पीटा और बाइक छीनकर घर से भगा दिया। सोमवार शाम पिता ने फोन कॉल कर डेढ़ लाख रुपये मांगने व ससुराल आकर पति सहित जान से मारने की धमकी दी। चांदनी ने पिता के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की।

### महिला ने पति के खिलाफ तहरीर दी

**बनियाठेर, अमृत विचार :** गांव आटा निवासी सुंदरी ने पति के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। महिला का आरोप है कि उसके तीन बच्चे हैं। पति शराब व जुआ का आदी है। आरोप है कि उसके पति के एक महिला से संबंध हैं। वह अपनी कमाई उस महिला पर लुटा देता है। घर खर्च के लिए पैसे नहीं देता है। खर्च मांगने पर गाली-गलौज कर मारपीट करता है। ससुराल वाले समझाने के प्रयास करते हैं तो उनके साथ भी गाली-गलौज करता है।

## मानसिक रूप से परेशान महिला को मुरादाबाद जिला अस्पताल भेजा

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गोलागंज में सोमवार को एक अज्ञात महिला बीमार बुजुर्ग दंपती के घर में घुस गई थी। महिला मानसिक रूप से कमजोर बताई जा रही है। अब महिला को उपचार के लिए मुरादाबाद के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गोलागंज निवासी अविनाश चतुर्वेदी परिवहन विभाग में चालक थे। वह यहां अपनी पत्नी रजनी के साथ रहते हैं। लंबे समय से दंपती बीमार हैं। सोमवार को अविनाश पत्नी के साथ ग्राउंड फ्लोर पर थे। तभी 25 वर्षीय महिला उनके घर में घुस गई और जीने के रास्ते प्रथम मंजिल पर बने कमरे में जाकर बैठ गई थी। प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने बताया कि महिला अपना नाम पता नहीं बता पा रही है। फिलहाल महिला को मुरादाबाद जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

## सुरक्षा में स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्रों पर भेजे गए प्रश्न पत्र

संवाददाता,बहजोई(संभल)

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट व हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा को लेकर जनपद के स्ट्रांग रूम से 77 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच प्रश्न पत्र पहुंच गए। प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्रों पर डबल लॉक अलमारी में रखा गया है। इन परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा को सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

जनपद के 77 केन्द्रों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा कराने को लेकर प्रयागराज मुख्यालय से डीआईओएस कार्यालय में बने स्ट्रांग रूम में प्रश्न पत्र पहुंचे थे। शुक्रवार को इन प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्र पर लेने के लिए स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक पहुंच गए। जहां से सुरक्षा व्यवस्था के बीच बंद गाड़ियों में मजिस्ट्रेट की निगरानी में परीक्षा केंद्रों पर भेजा गया। डीआईओएस बेदराम व एसडीएम वंदना सिंह की देखरेख में माध्यमिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने इन प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्र पर पहुंचाया गया। उधर, केंद्रों पर 2500 कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई है। इनमें माध्यमिक शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। कम पड़ने पर बेसिक शिक्षा विभाग से भी शिक्षकों की तैनाती की गई है। डीआईओएस वेदराम ने बताया कि पर्याप्त कक्ष निरीक्षकों की तैनाती कर दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रांग रूम से प्रश्न पत्र सभी 77 केन्द्रों पर पहुंचाए जा रहे हैं। स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए हैं। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए दो सशस्त्र पुलिसकर्मी परीक्षा केंद्रों पर तैनात रहेंगे।

**▸▸ परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र की निगरानी करेंगे सशस्त्र पुलिस कर्मी**

## सार-संक्षेप

### स्वयंसेवकों ने हनुमान चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन किया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चन्दौसी नगर की हनुमान शाखा की ओर से हनुमान गढ़ी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ व भजन कीर्तन किया। प्रान्त गोसेवा प्रमुख चंद्रशेखर ने श्रीराम चले आना कलयुग के अंधेरे में व राधा माधव संकीर्तन मंडल के अनिल गोयल ने वह मालिक सारी दुनिया का, तू केवल मेहमान रे आदि भजन सुनाए। इस दौरान श्रीराम के उद्घोष भी गूंजते रहे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान दिनेश चीनी, दीपक कुमार, डॉ. टीएस पाल, छत्रपाल सिंह, सुरेश चंद्र, प्रभात अग्रवाल, सुनील कुमार, सुखलेश, अभिनव, सुरेंद्र रस्तोगी, पारस अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता मोनू, संतोष पाराशरी आदि रहे।


एबीसी मांटेसरी स्कूल में विद्यार्थियों का तिलक करतीं संचालिका। ● अमृत विचार

### बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों का किया स्वागत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में पहले बैच के छात्र-छात्राओं विनायक, आध्या, परिचय, देव, अनुष्का व मेघा समेत अन्य का मंगलवार को स्वागत किया गया। वे विद्यार्थी पहली बार बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। अध्यापिकाओं ने छात्र-छात्राओं को तिलक किया और दही, चीनी खिलाकर शुभकामनाएं दी। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है। बताया कि परीक्षा की तैयार का भय विद्यार्थियों के मानसिक व शारीरिक पर असर डालता है। ऐसे में वे भय न करें और लगन के साथ परीक्षाओं की तैयारी करें। इस दौरान अनुराग भार्गव, निशा, शालू व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर चर्चा करते पूर्व जिलाध्यक्ष।

### लाभार्थी संपर्क अभियान के लिए जिम्मेदारी सौंपी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सुभाष रोड स्थित भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के कैंप कार्यालय में मंगलवार को लाभार्थी संपर्क अभियान के संदर्भ में बैठक हुई। इसमें 25 फरवरी से पांच मार्च तक चलाए जाने वाले अभियान को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी। पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खडगवंशी ने कहा कि भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रत्येक लाभार्थी के घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। अभियान के नगर संयोजक तरुण नीरज ने कहा कि नगर में प्रत्येक बूथ पर संयोजक नियुक्त किए जाएंगे। इस दौरान जिला महामंत्री कमल कुमार, विनोद कुमार बिन्नी, जिला उपाध्यक्ष मनोज कठेरिया, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी सिरोही, गिरीश रतन, आचार्य नरेन्द्र शर्मा, शरद शर्मा, मनोज दिवाकर, राधा रानी आदि मौजूद रहे।

### रायसत्ती में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**संभल, अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता प्रिंस कुमार ने मंगलवार को बताया 22 फरवरी को मुहल्ला रायसत्ती में स्थित 33 केवी बिजली घर में 10 एमवी के नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। जिसके चलते बिजलीघर से जुड़े उपभोक्ताओं की सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। नया ट्रांसफार्मर लगने से आने वाली गर्मियों में उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज व ओवरलोडिंग की वजह होने वाली बिजली की कटौती से मुक्ति मिलेगी।

### क्रिकेट खेल रहे युवक पर हमला, चार पर रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में क्रिकेट मैच खेल रहे युवक पर जानलेवा हमला हुआ था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी अजय पटेल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 18 फरवरी दोपहर लगभग 12 बजे वह अपने दोस्त सिद्धार्थ पटेल और विशाल पटेल आदि के साथ गांव नगला शर्की जाने वाले मार्ग किनारे मैदान में क्रिकेट मैच खेल रहे थे। इसी दौरान मैदान में सफेद रंग की कार आई जिसमें से गांव नगला शर्की निवासी योगेंद्र राठौर उर्फ सोनू, प्रियांशु पटेल, आवास विकास निवासी रवि राठौर उर्फ विक्की पौनिया, सिद्धार्थ राठौर उतरे। उनके पास असलाह थे। कार से उतरते ही उन्होंने जान से मारने की नीयत से फायर किया, जो मिस हो गया।

### लोन की किस्त छूटने पर महिला को घर से खींचा

**बदायूं, अमृत विचार :** पति द्वारा टैंपो खरीदने को एक कंपनी से लिए गए लोन की किस्त छूटने पर कंपनी कर्मचारियों ने घर में घुस कर महिला को खींच कर बोलेरो गाड़ी में डालने का प्रयास किया। आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए तभी कार सवार लोग मौके से भाग गए। उझानी कोतवाली पुलिस को नगर के वार्ड दो निवासी सलमान की पत्नी रुकसीना ने तहरीर देते हुए बताया कि उसके पति ने टैंपो लेने को एक कंपनी से फाइनेंस कराया था। फाइनेंस की एक किस्त वह नहीं दे पाई, जिस पर मंगलवार को कंपनी के कुछ कर्मचारी घर बोलेरो कार से आए और घर में घुस गए।


कांग्रेस की बैठक में बोलते राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल। ● अमृत विचार

## दो दिन बाद आएंगे राहुल गांधी, बनाई रणनीति

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने संभल पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने बैठक में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी। बताया कि 24 फरवरी को यात्रा मुरादाबाद जिले से संभल में प्रवेश करेगी। यात्रा के लंच व विश्राम का कार्यक्रम सिरसी रेलवे क्रॉसिंग के पास कोल्ड स्टोरेज में किया जाएगा।

लाडमसराय में मुशीर खान तरीन के आवास कार्यालय में मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा 24 फरवरी को राहुल गांधी की अगुवाई में अमन व भाईचारे का पैगाम लेकर संभल में प्रवेश करेगी।

लंच व विश्राम का कार्यक्रम नुसरत इलाही कोल्ड स्टोरेज में रहेगा। इसके बाद शहर में अलग अलग जगहों पर अभिवादन स्वीकार कर राहुल गांधी लोगों की बात सुनेंगे। यात्रा खिरनी तिराहा, बबराला अड्डा, केसरपुर तिराहा, दीनापुर और गंगापुर होते हुए अनूपशहर जिला पहुंचेगी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष विद्युत चौधरी, प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी, प्रदेश सचिव सुखराज व जिला अध्यक्ष विजय शर्मा, तौकीर अहमद, मुशीर खान तरीन, मरगूब आलम, शिव किशोर गौतम सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करें

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मंगलवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने जनता की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जनसमस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए। 39 शिकायतें दर्ज हुईं, इनमें से दो का निस्तारण कर दिया गया।

जनपद संभल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार को आयोजित कार्यक्रम को देखते हुए शनिवार को समाधान दिवस स्थगित कर दिया गया था। मंगलवार को जनपद के सभी तहसील मुख्यालयों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की शिकायताएं सुनीं। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मौका मुआयना करने के बाद गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने को कहा। क्षेत्रीय जन समस्याओं को गंभीरता से उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए।


संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

### संपूर्ण समाधान दिवस में आई 36 शिकायतें, दो निस्तारित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** तहसील सभागार में मंगलवार को संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। 36 शिकायतों में राजस्व विभाग की दो शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम नीतू रानी व सीओ डॉ. प्रदीप कुमार ने शिकायतें सुनी। राजस्व विभाग की 12, पुलिस की छह, विकास विभाग की चार, चकबंदी विभाग व खाद्य एवं रसद विभाग की दो-दो व अन्य दस शिकायतें आईं। इनमें राजस्व विभाग की दो शिकायतों का निस्तारण हुआ।

## फोटो एडिट कर वायरल करने वाले तीन गिरफ्तार

**चन्दौसी, अमृत विचार:** सोशल मीडिया पर नागरिकों की फोटो वायरल करने के आरोप में उपनिरीक्षक ने तीन लोगों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक रामकुमार ने तहरीर में बताया, वह सोमवार को सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे थे। जब वह बदायूं रोड स्थित गांव मई पहुंचे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि गांव मई के आरिफ व वारिफ व जनपद मुरादाबाद के थाना कुंदरकी निवासी साकिब उर्फ बब्लू सोशल मीडिया पर किसी अन्य की आईडी बनाकर गणमान्य नागरिकों के फोटो को प्रतिरूपित कर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। इससे समाज के लोगों में आक्रोश है। मुखबिर ने स्क्रीन शॉट उपलब्ध कराया। इसके बाद पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। पुलिस ने उनके पास से मोबाइल बरामद किया है।

**जरूरत** | गंदगी के बीच रहने को मजबूर हो रहे 80 घरों के लोग, विकास कार्य कराने की मांग की

## नई बस्ती में कई सौ लोगों का जीवन हो रहा दूभर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढफतेहगढ़


गांव नगला पूर्वा में सड़क पर गंदगी के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकास खंड बनियाखेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नगला पूर्वा की नई बस्ती के ग्रामीण कीचड़ भरे रास्ते व गलियों के बीच पसरी गंदगी के बीच जीवन गुजारने को मजबूर होकर ग्रामीणों ने पदर्शन किया। नगलापूर्वा और आलमपुर कुदैया के बीच फंसे करीब 80 घर विकास की राह देख रहे हैं। दोनों ग्राम पंचायतें इन्हें स्वीकार नहीं कर रही हैं। ये लोग उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं।

नगला पूर्वा के कुछ ग्रामीणों ने 10 वर्ष पहले गांव के बाहर खेतों में आवास बनाकर एक नई बस्ती का निर्माण कर लिया था। इसमें 70 से 80 परिवार रह रहे हैं। नई बस्ती की भूमि आलमपुर कुदैयां के रकवा में आती है। इसलिए नगला पूर्वा की ओर से इस बस्ती में कोई विकास कार्य नहीं कराया जाता है। साथ ही आलमपुर कुदैया द्वारा भी कोई विकास नहीं कराया गया है। इसके चलते बस्ती में मुख्य मार्ग व गलियां में कीचड़, जलभराव है।

इससे ग्रामीणों का जीवन दूभर है। गंदे पानी में मच्छर पनपन रहे हैं। समस्याओं को लेकर मंगलवार को यहां के लोगों ने प्रदर्शन किया। जलनिकासी के लिए नाला निर्माण की मांग की। इस दौरान वीर सिंह, सुनीता, गीता, धर्मपाल, जमुना देवी, जगदीश, सुषमा, जोगिंदर, नन्हे, श्रीपाल, सुनीता, ओमपाल, अर्जुन, राजकुमार आदि रहे।

**▸▸ गंदे पानी में पनप रहे मच्छर समस्याओं को लेकर किया विरोध प्रदर्शन**


कुछ समय पहले नई बस्ती में खडंजा निर्माण के लिए ईंटें आई थीं, लेकिन नगला पूर्वा के प्रधान ने रकवा आलमपुर कुदैया का बताकर ईंटें उठा लीं। यहां रास्ते कच्चे हैं। - गीता


नई बस्ती में मुख्य मार्ग पर जलभराव है। जलनिकासी के लिए नालियां नहीं बनाई हैं। रास्तों पर कीचड़ है। नाला निर्माण हो जाए तो नई ग्रामीणों की समस्या कम होगी। - धर्मपाल


यहां के लोग नगला पूर्वा के रहने वाले हैं, लेकिन बस्ती आलमपुर कुदैया के रकवा में है। यहां विकास नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों से शिकायत पर भी समाधान नहीं हुआ। -सुनीता

## छात्रों को स्वच्छता के बारे में किया जागरूक

**संभल, अमृत विचार:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय संभल में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का दूसरे दिन का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रभा शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

दोनों इकाईयों के कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद कुमार व सचिन कुमार के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने उठें समाज के लिए उठें उठें का गायन व जागरुकता रैली निकालते हुए गांव मुजफ्फरपुर पहुंचे। यहां स्वयं सेवकों ने छात्रों को स्वच्छता के बारे में बताते हुए 21 फरवरी को एक दिवसीय चिकित्सा शिविर के बारे ग्रामीणों को जानकारी दी। महाविद्यालय सभागार में स्वयं सेवकों ने पीएम उषा के तहत के विश्वविद्यालय के लिए दिए अनुदान के बारे में पीएम के संबोधन को सुना। दूसरे चरण में आयोजित गोष्ठी में भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी शशांक मिश्रा शामिल हुए। जिन्होंने स्वयं सेवकों को आत्मनिर्भर बनने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को अच्छा मंच बताया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

पातितोऽपि कराघातै–रुत्पतत्येव कन्दुक:।
प्रायेण साधुवृत्तानाम–स्थायिन्यो विपत्तय:॥

हाथ से पटकी हुई गेंद भी भूमि पर गिरने के बाद ऊपर की ओर उठती है, सज्जनों का बुरा समय अधिकतर थोड़े समय के लिए ही होता है।

## संपादकीय

# विकास की राह पर घाटी

जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए मंगलवार का दिन खास रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर में 32,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। ये परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री ने देश के अन्य हिस्सों के लिए करीब 13,500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने जिन रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें बनिहाल-खारी-सुम्बर-संगलदान (48 किमी) और नव विद्युतीकृत बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185.66 किमी) के बीच रेलवे लाइन शामिल है। उन्होंने घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान व बारामूला स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। बनिहाल-संगलदान खंड कश्मीर घाटी को उत्तर भारत के रेलवे नेटवर्क के और करीब लाएगा। 12.77 किलोमीटर की देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग भी खारी-सुम्बर खंड के बीच में स्थित है। सभी की निगाहें प्रधानमंत्री की जम्मू की सार्वजनिक रैली पर थीं। रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 पूर्ववर्ती राज्य के विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा था। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्थापित किए गए जिसमें अकेले जम्मू और कश्मीर में 50 नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए।

बड़ी बात है कि पहली बार सरकार जम्मू-कश्मीर में लोगों के दरवाजे पर पहुंची है। प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर की यह दूसरी यात्रा थी। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग सर्दियों में हिमपात और बरसात में भूस्खलन के कारण अक्सर बाधित हो जाता है तथा कभी-कभी कई दिनों तक रास्ता बंद हो जाता है। रेलवे लाइन का अधिकांश भाग सुरंगों में होने के कारण यह हर मौसम में निर्बाध यातायात सुनिश्चित करेगी। ट्रेनों की कनेक्टिविटी से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि लोग बिना किसी कठिनाई और रुकावट के देश के अन्य हिस्सों की यात्रा कर सकेंगे। घाटी के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के लिए परिवहन का सस्ता और तेज रफ्तार विकल्प मिलने से उनकी तरक्की के रास्ते आसान होंगे। साथ ही पूरे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और सुरक्षा बलों की रसद एवं सामरिक साजोसामान की आपूर्ति भी त्वरित गति से निर्बाध हो सकेगी और सीमाओं की सुरक्षा मजबूत होगी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुई प्रधानमंत्री की इस यात्रा को अहम माना जा सकता है। यात्रा से लोकसभा चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर में भाजपा को बल मिलने की संभावना है।

# विद्यासागर जी के संदेश देश को प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है।

पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है।

भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक



प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था।

करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवनभर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम, ये बताता है कि जैन धर्म में 'जीवन' का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला, विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म-जागरूकता के महत्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था।

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गए हैं। इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है, जो स्किल डेवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे। आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था।

संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं। एक संत के रूप में वे शिखर तक पहुंचने के बाद भी जिस प्रकार जमीन से जुड़े रहे, ये उनकी महान रचना 'मूक माटी' में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, वे अपने कार्यों से वंचितों की आवाज भी बने।

महाराज जी के योगदान से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किया, जहां उन्हें ज्यादा कमी दिखाई पड़ी। स्वास्थ्य को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ने पर बल दिया ताकि लोग शारीरिक और मानसिक रूप, दोनों से स्वस्थ रह सकें। मैं विशेष रूप से आने वाली पीढ़ियों से यह आग्रह करूंगा कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रति संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिबद्धता के बारे में व्यापक अध्ययन करें। वे हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्र हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में से एक थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने हमेशा स्वस्थ और स्वच्छ राजनीति की पैरवी की। उनका कहना था- 'लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है।' इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए। आचार्य जी का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। उन्होंने लोगों को सदैव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

आज जब हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं, ऐसे में कर्तव्यों की भावना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे कालखंड में जब दुनियाभर में पर्यावरण पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं, तब संत शिरोमणि आचार्य जी का मार्गदर्शन हमारे बहुत काम आने वाला है। उन्होंने एक ऐसी जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया, जो प्रकृति को होने वाले नुकसान को कम करने में सहायक हो। यही तो 'मिशन लाइफ' है जिसका आह्वान आज भारत ने वैश्विक मंच पर किया है। इसी तरह उन्होंने हमारी अर्थव्यवस्था में कृषि को सर्वोच्च महत्व दिया। उन्होंने कृषि में आधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाने पर भी बल दिया। मुझे विश्वास है कि वो नमो ड्रोन दीदी अभियान की सफलता से बहुत खुश होते। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी, देशवासियों के हृदय और मन-मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे। आचार्य जी के संदेश उन्हें सदैव प्रेरित और आलोकित करते रहेंगे। उनकी अविस्मरणीय स्मृति का सम्मान करते हुए हम उनके मूल्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह न सिर्फ उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि होगी, बल्कि उनके बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## प्रसंगवश

# वरिष्ठ होने के अपने लाभ

हिंदी में लिखने वाले वरिष्ठ होने के लिए उसी तरह प्रतीक्षारत बने रहते हैं जैसे कोई जूनियर अफसर प्रमोशन का रास्ता ताकता है। लिखने वाले का वरिष्ठ होना उस कष्ट के बिल्कुल विपरीत होता है जैसा एकांत लिफ्ट में मिली किसी युवा कन्या के अंकल कह कर पुकारने पर महसूस होता है। लिफ्ट में बूढ़ा होने से इंकार करने वाला हिंदी लेखक लिखने में वरिष्ठ कहलाने से खुश होता है, यही उसके जीवनभर का पारिश्रमिक है।

अपने वरिष्ठ होने का पता तब चलता है जब आपको किसी हिंदी गोष्ठी, सम्मेलन में अतिथि, मुख्य अतिथि होने योग्य मान लिए जाए। कोई लेखिका आपसे अपनी नई किताब का विमोचन करवाने के लिए तैयार हो। भले आप खुद कभी कायदे का कुछ नहीं लिख पाए हो, इसके बावजूद आपका किसी और की लिखी किताब का विमोचन करने योग्य होना या योग्य मान लिया जाना आपकी वरिष्ठता की तस्दीक है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

वरिष्ठ होने के अपने लाभ हैं। ये मंचासीन होने का अवसर है। आप इस अवसर पर खेत से लेकर खलिहान तक की बातें कर सकते हैं और सबसे बड़ी बात, ऐसे मौके पर बोलने वाले तमाम वक्ताओं के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वो मन मार कर ही सही पर आपकी तारीफ करें। हिंदी का लेखक संतोषी जीव होता है। वह तारीफ से ज्यादा किसी चीज की अपेक्षा नहीं करता। इससे अधिक की अपेक्षा इसलिए भी नहीं करता है, क्योंकि वो जानता है कि उनका पूरा होना नहीं है। हिंदी लेखकों की एक आचार संहिता है। वे एक दूसरे के बारे में जो भी राय रखे। सामने वाले को कितना भी हल्का और मामूली गिने पर आमने-सामने मिलने पर वे एक दूसरे की तारीफें ही करते हैं। इन तारीफों को एक दूसरे की पीठ खुजाने जैसा मामला ही समझिए। अचानक सभी विख्यात और प्रतिष्ठित हो जाते हैं। एक दूसरे को यशस्वी और प्रतिभाशाली बताते हुए गले सूखते है सबके। यह जानते हुए भी कि सामने वाला उसकी दी हुई किताब कभी नहीं पढ़ेगा।

ऐसे अवसर पर किताबों का आदान-प्रदान किया जाता है। संग-साथ फोटो खिंचवा ली जाती है ताकि उनका सदुपयोग फेसबुक पर चिपकाकर किया जा सके। वरिष्ठ होने का एक और लाभ है। चाय नाश्ते वाला सबसे पहले आपको परोसता है। दूसरों के पहले नाश्ते का पात्र होना भी एक महत्वपूर्ण सुख है। विमोचन कार्यक्रम के आयोजक यदि समझदार हो तो ऐसे कार्यक्रम शाम को होते हैं और इस तरह ये गला तर करने का भी सुअवसर हो सकता है।

वरिष्ठता का निर्धारण होता कैसे है? वरिष्ठ होने के किसी नवोदित लेखिका की पुस्तक के विमोचन योग्य मान लिए जाने के दो ही तरीके है। पहला आप क्वॉलिटी की परवाह किए बिना लगातार लिख रहे हो। आपकी लिखे की मार की चपेट में आकर दुनिया बेहाल हो चुकी हो। किसी को सूझ न रहा हो कि आपसे छुटकारा कैसे पाया जाए? ऐसे में आपको वरिष्ठ घोषित करने के अलावा और कोई रास्ता दुनिया के सामने नहीं बचता। आप इस कारण भी वरिष्ठ घोषित कर दिए जाते हैं कि शायद वरिष्ठ होकर ही आप कुछ संयम बरतें और दुनिया में शांति स्थापित हो। दूसरा तरीका ज्यादा आसान है। संयोग और किस्मत भी बहुत बार आपको वरिष्ठ घोषित करवा देते हैं। यदि आयोजक मित्र हो आपके या आप फूल मालाओं और नाश्ते का खर्च उठाने के लिए तत्पर हो, तब भी आपको अनायास वरिष्ठता का तमगा हासिल हो जाता है। किसी और की लिखी किताब पर चढ़ा रंगीन कवर का लाल फीता खोलने के लिए हिंदी का वरिष्ठ लेखक सदैव उतना ही प्रफुल्लित बना रहता है जैसे प्राइमरी स्कूल का बच्चा अपने बर्थ डे पर मिलने वाले गिफ्ट पैकेट्स का रैपर उतारते वक्त होता है। विमोचन होता है सरकारी कार्यक्रमों जैसा। वैसा ही औपचारिक। सबको पता होता है कि अब क्या होगा, बोलने वाला क्या बोलेगा। सब आपस में बतियाते हैं, चहकते हैं, उबासियां लेते हैं, झपकते हैं और इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि मंच से बोल रहे बंदे को पूरी तरह अनसुना कर दिया जाए।

विमोचन करने के बाद हर भले गृहस्थ की तरह सीधे घर लौटता है हिंदी लेखक। पत्नी देखती है शाल और श्रीफल को। अपने पति के बारे में अब तक बनाई अपनी राय को तात्कालिक रूप से थोड़ा बहुत नरम करती है। इसके बाद शाल को लड़के की शादी मौके पर ननदोई को देने के लिए सुरक्षित रख लेती है और नारियल की चटनी बना लेती है। विमोचन कार्यक्रम की अगली सुबह नारियल की चटनी के साथ डोसे मिल जाना हिंदी लेखक का बतौर वरिष्ठ होने के नाते सर्वोच्च सम्मान है। यही उपलब्धि है उसके जीवन की और इसी कारण वो वरिष्ठ होना चाहता है।

# राष्ट्र निर्माण में मातृभाषा का महत्व



डॉ. साकेत सहाय
भाषा एवं संचार विशेषज्ञ

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है, परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है।

**अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस**

ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के विकास हेतु यह जरूरी है कि भारतीय समाज में विद्यमान नैसर्गिक बौद्धिकता को मजबूती दी जाए। भारत के ग्रामीण बच्चों में न केवल प्रतिभा है, बल्कि ग्रामीण बच्चे भारतीय शहरी बच्चों की तुलना में अधिक मेधावी हैं। परंतु इन बच्चों की प्रगति के मार्ग में गणित की अपेक्षा अंग्रेजी बड़ी बाधा है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी से तालमेल बिठाना बेहद कठिन होता है। इन बच्चों के लिए अंग्रेजी विवशता एवं बाध्यता है। हालांकि वर्तमान सरकार द्वारा इस दिशा में बदलाव हेतु प्रयास किए जा रहे है। देशी भाषाओं में चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम की शुरुआत इस दिशा में बड़ा कदम है।

दुनियाभर के सफल एवं समृद्ध देशों में बच्चों को विज्ञान, तकनीक, चिकित्सा विज्ञान, व्यावसायिक शिक्षा उनके देश की प्रमुख भाषाओं में ही दी जाती है। ये सभी देश भारत की तुलना में अधिक सफल हैं, क्योंकि वहां समूची जनसंख्या की प्रतिभा को स्थानीय भाषाओं में निखारा गया है। बावजूद इसके ये इस प्रतिस्पर्धी विश्व में अपनी शर्तों, प्रतिभा के बल पर टिके हुए हैं। भारत में स्वीकृत अंग्रेजी माध्यम की अनिवार्यता निश्चित रूप से दोषपूर्ण है। देश में आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण अंग्रेजी भाषा के प्रति हमारा अंध मोह हैं। हालांकि वर्तमान सरकार इस दिशा में थोड़ी प्रयासरत है, पर इस प्रकार के और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

भारत में यह भी एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि गीत, संगीत, नृत्य, फिल्मों, चुनाव प्रचार आदि के लिए तो देशी भाषाएं ठीक हैं, लेकिन विज्ञान, तकनीक, व्यावसायिक शिक्षा आदि के लिए अंग्रेजी अनिवार्य है। पश्चिमी शिक्षा के समर्थक तो इस बात पर दिन-रात बल देते रहते है। आजादी के इस अमृत काल में व्यवस्था को यह विचारने की आवश्यकता है कि देश की समृद्धि हेतु देशी भाषा के वातावरण में विकसित अधिकांश भारतीय बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उनकी अपनी भाषा में समान रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। एक मजबूत लोकतांत्रिक भारत इसी आधार पर निर्मित हो सकता है।

भाषाओं का भी अपना अर्थशास्त्र होता है। यह सब कुछ अंग्रेजी का आधिपत्य देखकर समझ आता है। आज ऐसी धारणा बन गई है कि भारत की वर्तमान आर्थिक प्रगति में अंग्रेजी भाषा का विशेष योगदान है। जबकि ऐसा नहीं है। दुनिया के 20 धनी राष्ट्रों में सरकारी कामकाज की भाषा (एवं सभी स्तरों पर शिक्षा का माध्यम) स्थानीय जनभाषा से भिन्न नहीं है। इस देश में भाषिक विभेद का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि जिन उच्च वर्ग के लोग अंग्रेजी/विदेशी भाषा के स्कूलों में जाते हैं और वहां की शब्दावली तथा विचारों से प्रभावित होकर वे वैसे ही व्यवहार करते हैं जिसके अंतर्गत वे स्वयं को श्रेष्ठ व स्थानीय भाषा के लोगों को हेय दृष्टि से देखते है। भारत में उच्च शिक्षा अंग्रेजी पर केंद्रित होने से अपनी जनसंख्या का बहुत कम भाग बौद्धिक रूप से विकसित हो पाता है। हमारे देश में यह स्थिति अंग्रेजी की अनिवार्यता के कारण नहीं, बल्कि हमारी दोषपूर्ण शिक्षा नीति की वजह से हैं। यह देश का दुर्भाग्य है कि आप भारतीय भाषाओं से परीक्षा देकर सेना में एक सैनिक या जवान तो बन सकते हैं, परंतु एक अधिकारी होने के नाते आपको परीक्षा अंग्रेजी में देनी होगी। इससे अंग्रेजी एक ऐसी भाषा के रूप में उभरकर सामने आती है, जो भारत की प्रगति के बजाय पिछड़ेपन का कारण बनकर हमारे सामने उपस्थित होती है।

भारत में अक्सर यह भ्रम फैलाया जाता है कि किसी भी तकनीकी क्षेत्र में सफलता के लिए अंग्रेजी ज्ञान आवश्यक है, परंतु यह विचार देश की तकनीकी प्रगति के लिए घातक है। यह सत्य है कि भारत में जैसे विशाल एवं विविधता वाले देश में किसी भी भाषा का विरोध उचित नहीं। परंतु भाषाई रूप से इस समृद्ध देश में द्वितीय या तृतीय भाषा के रूप में ही अंग्रेजी का शिक्षण उपयुक्त हो सकता है प्रथम भाषा के रूप में कदापि नहीं। उच्च शिक्षा, न्यायालय एवं शासन हेतु भारतीय भाषाओं पर रोक एवं अंग्रेजी को अपनी प्रथम भाषा बनाने से इस देश में अनेक असुविधाएं सामने आती हैं। अधिकतर विद्यार्थियों को मजबूरीवश अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ग्रहण करनी पड़ती है। इस व्यवस्था से देश में अनेक भाषाई विकलांग पैदा होते जा रहे हैं, जो किसी भी भाषा में प्रवीण नहीं होते। जबकि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की प्रमुख भाषा एवं उनकी स्थानीय भाषा में ही विकसित होने की छूट होनी चाहिए, बाद में भले अन्य भाषाएं सीखी जा सकती हैं। नई शिक्षा नीति के तहत कुछ प्रयास हुए है, परंतु अभी मीलों आगे जाना है।

## सोशल फोरम

# इतने निरीह क्यों हैं हम

दुनिया के लगभग सभी धर्म यह मानते हैं कि सृष्टि से इतर कोई ऐसी ईश्वरीय सत्ता है जिसने हमारी और इस विराट ब्रह्मांड की रचना की और इसका संचालन करता है। मतभेद इस बात का रहा है कि ईश्वर के साथ हमारे रिश्ते कैसे होने चाहिए? ईसाई धर्म में ईश्वर से हमारा पिता और पुत्र का रिश्ता है, लेकिन यह रिश्ता सीधा नहीं है। इस रिश्ते का स्वरुप ईश्वर के पुत्र जीसस के माध्यम से तय होता है। इस्लाम में सूफियों और हिंदुओं में प्रेममार्गी पंथ के अनुयायियों की थोड़ी सी संख्या है जिनके लिए ईश्वर और हमारा रिश्ता प्रेमी-प्रेमिका का, पति-पत्नी का, प्रेम का, समझदारी का, भरोसे का और अभय का है। उनके अलावा सभी धर्मों ने ईश्वर के साथ हमने जो रिश्ता बनाकर रखा है वह आमतौर पर स्वामी और दास का है। हम ईश्वर के अंश या कृति हैं तो उसके साथ हमारे रिश्ते इतने लिजलिजे क्यों होने चाहिए? क्यों वह सब कुछ है और हम कुछ भी नहीं? हमने कभी यह क्यों नहीं सोचा कि परमपिता परमेश्वर तो क्या संसार का कोई भी पिता अपनी संतान को इस कदर बेचारा, कातर, रीढ़विहीन, दयनीय, भयातुर, पराजित, अंधभक्त और याचक की तरह हर समय अपने चरणों में झुका हुआ नहीं देखना चाहता। हर पिता की ख्वाहिश होती है कि उसकी संतान विनम्र, लेकिन आत्मविश्वास से लबरेज स्वतंत्र व्यक्तित्व के रूप में विकसित हो। ऐसा व्यक्तित्व जो जरूरत पड़ने पर उसकी आंख से आंख मिलाकर सवाल भी पूछ सके। हम क्यों अपना व्यक्तित्व अपने सर्जक में विलीन कर आजीवन अकिंचन बने रहें? आभार, कृतज्ञता और श्रद्धा तक तो ठीक है, लेकिन उस पर हमारी इस कदर भावनात्मक निर्भरता हमसे हमारा व्यक्तित्व और स्वाभिमान छीन लेगी। क्यों हम उसके आगे भीख का कटोरा लिए हर समय याचक की तरह खड़े रहें? उसने यह खूबसूरत दुनिया और उसके सुव्यवस्थित संचालन के लिए बुद्धि-विवेक हमें सौंप रखे हैं। वह किसी को वरदान या दंड, स्वर्ग या नर्क नहीं आबंटित करता। यह अपने कृत्यों से हम इसी जीवन में अर्जित करते हैं। ईश्वर को अपनी सृष्टि से प्यार है। उस तक पहुंचने का कोई भी रास्ता जड़ता, दासता, अकिंचनता से होकर नहीं जाता।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

-फेसबुक वॉल से

# पाकिस्तान में हो क्या रहा है

इमरान खां कैद में हैं और एक न्यायालय के आदेश ने उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को उसके चुनाव चिन्ह (क्रिकेट का बल्ला) से वंचित कर रखा है। इमरान के कई सहयोगी भी गिरफ्तार हैं और कुछ गिरफ्तारी टाल सकने के लिए फरार हैं। अव्यवस्था और बेतरतीबी के ऐसे हालात में पार्टी का नेतृत्व अभी एक अपेक्षाकृत अनजान गौहर अली खां संभाल रहे हैं। 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई ने कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों को समर्थन दिया था। चुनाव के दिन पाकिस्तान में सुरक्षा के विचार से मोबाइल फोन सेवाएं बंद कर दी गई थीं। चुनाव में धांधली की आशंका शुरू से थी, सेवा बंद किए जाने पर लोग और अधिक सशंकित हो उठे थे। एक तरह से चुनाव पाकिस्तान मुस्लिम लीग - नवाज (पीएमएल-एन) और 'अन्य' के बीच लड़ा जा रहा था। लोग मान बैठे थे कि पीएमएल-एन विजयी रहेगा, क्योंकि नवाज को सेना का समर्थन है और पाक सेना, कहते हैं, जंग भले कभी न जीती हो, चुनाव कभी नहीं हारी है।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

चुनाव के दिन लग रहा था पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार बड़ी संख्या में जीतने वाले हैं। मतों की गिनती शुरू होने के बाद भी वैसा ही लगता रहा। कुछ समय तक नवाज और उनके भाई शाहबाज दोनों बहुत पीछे चल रहे थे। शाहबाज नेशनल असेंबली और प्रोविंशियल असेंबली दोनों के लिए लाहौर से लड़ रहे थे और दोनों जीत गए। नवाज दो जगहों से नेशनल असेंबली के लिए लड़ रहे थे, एक जगह जीते। चुनाव के नौ दिनों के बाद रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत चट्ठा ने एक संवाददाता सम्मेलन में खुलासा किया कि उन्होंने अपने मातहतों के मार्फत पीएमएल-एन की जीत के लिए बहुत धांधलियां कीं। यहां तक कि पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार जो सत्तर हजार मतों से जीत रहे थे, उन्हें पराजित दिखा कर नवाज की पार्टी के उम्मीदवार को विजयी दिखाया। कुछ नाटकीय ढंग से उन्होंने अपने लिए सजा-ए मौत उचित ठहराया, बस अपने लिए नहीं, उन्होंने कहा पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा और मुख्य चुनाव आयुक्त (मुचुआ) सिकंदर सुलतान राजा को भी सजा-ए मौत दी जानी चाहिए। जज साहब ने साक्ष्य की कमी कहते हुए उनकी बात को खारिज कर दिया। मुचुआ ने जांच शुरू कर दी है। सभी रिटर्निंग ऑफिसर्स से सवाल जवाब किए जा रहे हैं। पाक सरकार ने चट्ठा को हिरासत में ले लिया है। नवाज की पार्टी कह रही है चट्ठा पीटीआई के एजेंट हैं और देश में अराजकता फैलाने के लिए उन्होंने ऐसा गैर जिम्मेदाराना बयान दिया है। पीटीआई वाले कुछ लोगों ने एक प्रिंटिंग प्रेस के वीडियो पोस्ट किए हैं, जहां किसी क्षेत्र के बैलट पेपर छापे जा रहे थे। नवाज की पार्टी के लोगों ने चट्ठा और इमरान के नजदीकी रिश्तों की बात की है-कैसे इमरान की बहन उज्मा खां को डेरा गाजी खां में चट्ठा ने, जो उस समय वहां कमिश्नर थे, छह सौ करोड़ रुपयों (पाक रुपये) की जमीन बस तेरह करोड़ में दिला दी। चट्ठा को पाकिस्तान के एक समय के जासूस-ए आज़म फैज हमीद का नजदीकी भी बताया जाता है। यह बात तो खैर गौर करने लायक है ही कि चट्ठा की अंतरात्मा नौ दिनों तक चुप क्यों बैठी रही? मीर तकी मीर से माफी मांगते हुए, फ़ौज़ी चुनाव है रोता है क्या/ आगे आगे देखिए होता है क्या।

# मोदी का चौथा कार्यकाल

हिंदी साहित्य के इतिहास का रीतिकाल सुंदरियों के नख शिख वर्णन और नृप यश कीर्तन के लिए प्रसिद्ध है। हम यहां नायिका भेद और नख शिख वर्णन की बात न करके 'नृप यश कीर्तन' की ओर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। दरबारी कवि राजाओं के आश्रय में रहते थे और भारी भरकम अतिशयोक्तियों के द्वारा उनकी प्रशंसा और स्तवन करते थे, जैसे भूषण कवि ने शिवाजी की प्रशंसा करते हुए लिखा कि 'आपके यश विस्तार से सब कुछ सफेद हो गया है जिससे जो मुख्य-मुख्य श्वेत वस्तुएं थीं, वह अब ढूंढे नहीं मिल रही हैं, यानी खो गई हैं। क्योंकि साहित्य में यश का रंग सफेद माना गया है। उदाहरण स्वरूप इंद्र को उनका ऐरावत हाथी (श्वेत वर्ण) नहीं मिल रहा है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भगवान विष्णु क्षीर सागर खोज रहे हैं, शंकर जी हिमालय और पार्वती जी शिव को, क्योंकि वे भी कर्पूर गौर हैं। आजकल राजनीति के क्षेत्र में भी लगता है रीतिकाल आ गया है और मोदी की धूम है। अब देखिए राजनाथ सिंह जैसे बड़े नेता ने कहा है कि मोदी के तीसरे और चौथे कार्यकाल में देश का विकास बुलंदियों पर होगा। उन्होंने मोदी को विश्व के राजनीतिक व्योम का अतिशय देदीप्यमान सितारा भी कहा। जबकि चुनाव देश में होता है, दुनिया में नहीं। हम यह कहना चाहते हैं कि अभी तो तीसरे कार्यकाल का ही चुनाव होना बाकी है, फिर चौथे कार्यकाल में भी मोदी को चुना हुआ घोषित कर देना और तत्कालीन उपलब्धियां बता देना या तो कवित्वपूर्ण उक्ति वैचित्र्य है या मसखरी। यह जनता के साथ मजाक ही है, क्योंकि अभी उन्होंने तो अपने प्रतिनिधि चुने ही नहीं हैं। वे जिन्हें चुनेंगे, तब वे अपना नेता चुनेंगे। फिर चौथा कार्यकाल तो 2029 से 2034 तक होगा।

इतने लंबे भविष्य की दृष्टि तो संभवतः ज्योतिषियों और ऋषियों के पास भी नहीं होती है। यह 'विधि हाथ' है, 'राजनाथ के हाथ' नहीं। जनता के मजाक के साथ-साथ किसी व्यक्ति विशेष का नाम पीएम या सीएम पद के लिए प्रायोजित करना असंवैधानिक भी है, क्योंकि इसकी संविधान में व्यवस्था ही नहीं है। निर्वाचन के बाद चयनिति प्रतिनिधियों को अपना नेता चुनने का अधिकार होता है। फिर राष्ट्रपति अपने विवेक का प्रयोग करके प्रधानमंत्री नियुक्त करते हैं तथा अपनी 'सहायता और सलाह देने' के लिए सरकार गठित करते हैं।

## एक नजर

### करंट से गोवंश की मौत

**शेरकोट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमालपुर उदय चंद उर्फ मिर्जापुर में कब्रिस्तान के पास छुट्टा गोवंश की करंट लगने से मौत हो गई। इसका पता चलते ही गो रक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने ग्राम प्रधान के सहयोग से जेसीबी मंगवा कर गड्ढा खुदवा कर गोवंश के शव को दबवा दिया। इस दौरान मौके पर ग्राम प्रधान दयाराम सिंह, गो रक्षा मंच के कार्यकर्ता गोविंद कश्यप, राहुल ठाकुर, संजय कश्यप, शिवम कश्यप और उनके साथी रोहिताश कश्यप रहे।

### छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग

**चान्दपुर, अमृत विचार :** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर अपनी मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। चान्दपुर तहसील में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने अपनी मांगों को लेकर महापंचायत की और कर्मचारियों पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया। किसानों को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है और छुट्टा पशुओं को उन्हें गोशाला में छोड़ा जाए।

# समस्याओं का समय से करें समाधान

## लोगों ने 55 शिकायतें दर्ज कराईं, कांवड़ यात्रा मार्ग दुरुस्त कराएं

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 55 शिकायतें दर्ज हुईं। मौके पर एक शिकायत का भी निस्तारण नहीं किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने मौजूद अधिकारियों को शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप निस्तारण के निर्देश दिए।

मंगलवार को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में डीएम अंकित अग्रवाल ने मौजूद अधिकारियों से शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर कुल 55 शिकायतें दर्ज हुईं। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया जा सका। तहसील समाधान दिवस में नागरिकों एवं मीडियाकर्मियों ने सड़कों पर पाइपलाइन बिछाने में जल निगम के ठेकेदारों पर कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। सभी ने महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुये कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए यात्रा के मुख्य मार्ग मोहल्ला विश्नोई सराय सहित सभी कांवड़ यात्रा मार्गों को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की। जिलाधिकारी ने एसडीएम अविनाश त्यागी को मौके पर जाकर जांच कर मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय गोयल, एसडीएम अविनाश त्यागी, तहसील संतोष सिंह बीडीओ मानवीर सिंह, पालिका ईओ संदीप सक्सैना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त सर्किल के सभी थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे।


शिकायत सुनते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व अन्य।

### ग्राम समाज की जमीन मुक्त कराने की मांग

**किरतपुर, अमृत विचार :** ग्राम प्रधान ने उप जिलाधिकारी को तहसील दिवस पर शिकायती पत्र देकर ग्राम समाज की भूमि को मुक्त कराने की मांग की है। जबकि इस जमीन पर लेखपाल ने कब्जाधारियों को नोटिस भेजा था। परन्तु यह जमीन अब तक कब्जा मुक्त नहीं हो पाई। लगभग डेढ़ माह पहले शहजादपुर रोशन के ग्राम प्रधान शहजाद अनवर ने उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें बताया था कि ग्राम में ग्राम समाज की जमीन है। इस पर रफीक, अब्दुल रेहमान अमीना पत्नी अब्दुल शकूर एवं इकबाल ने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। आरोपियों से इसको कब्जा मुक्त करने के लिए कहा परन्तु उन्होंने कब्जा नहीं हटाया। जबकि यहां पंचायत का आंगनबाड़ी केंद्र व राशन का गोदाम बनना है।

### अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र जल्द मिलने की आस

**नहटौर, अमृत विचार :** जनपद में बसने वाले मजहबी सिख समाज के लोगों को अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र जल्द जारी हो सकते हैं।

मंगलवार को सिख समाज के नेता सुरेंद्र सिंह फलोदिया ने बताया कि मजहबी सिख समाज के लोग लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, पीलीभीत आदि जिलों में निवास करते हैं। इसी के साथ-साथ जनपद बिजनौर की तहसील धामपुर, चांदपुर, बिजनौर, नजीबाबाद तहसील में भी निवास करते हैं। इसी मुद्दे को लेकर सुरेंद्र सिंह फलोदिया तीन जुलाई 2021 से अनुसूचित जाति जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश में लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब आयोग ने सरकार से समस्या का हल करने की सिफारिश की है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्रालय के सचिव ने उन्हें 27 फरवरी तक संपूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि संभव है कि सरकार इस जाति को जाति प्रमाण पत्र का लाभ दे। उन्होंने बताया कि यह लड़ाई वह वर्षों से लड़ रहे हैं।


पुलिस भर्ती परीक्षा रद कराने की मांग को लेकर धरने पर बैठे अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# परीक्षा रद करने के लिए दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने का आरोप लगाकर परीक्षा में बैठ चुके परीक्षार्थियों ने परीक्षा रद्द करने को लेकर ज्ञापन जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल बिजनौर को दिया।

आंदोलनरत परीक्षार्थियों का कहना है कि18 फरवरी की प्रथम व द्वितीय पालियों के पेपर परीक्षा से पहले ही टेलीग्राम व अन्य माध्यमों से वायरल हो गए थे।

परीक्षार्थियों का दावा है कि उनके पास साक्ष्य भी है। इस धाधंलेबाजी से समस्त परीक्षार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ हुआ है। परीक्षार्थियों ने धाधंलेबाजी करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है तथा परीक्षा रद्द करते हुए उन्हें पुनः कराने की मांग की है।

इस मौके पर मोंटी चौधरी, सत्यम चौधरी, शीनू, शीतल, प्रशांत कुमार, शिवम, तृप्ति, स्वाति आदि परीक्षार्थी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### युवती घर से 40 हजार की नकदी लेकर फरार

**नहटौर, अमृत विचार :** एक युवती घर में रखी 40 हजार रुपये की नकदी लेकर कहीं चली गई। युवती के पिता ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस से पुत्री की बरामदगी की से गुहार लगाई है।

क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि चार दिन पहले उसकी 23 वर्षीय पुत्री कहीं चली गई थीं। जब उसने पुत्री को फोन कर उसके बारे में पूछा तो उसने बड़ी बहन के घर बिजनौर जाने की बात बताई। लेकिन वह वहां भी नहीं पहुंची और उसका मोबाइल भी बंद हो गया। जिसके बाद परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने तलाश किया। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। युवती के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री घर में रखे 40 हजार रुपये भी साथ ले गई है। युवती के पिता से पुलिस से पुत्री की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि युवती को शीघ्र ही बरामद कर लिया जाएगा।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** शादी समारोह से लौट रहे युवक की बाइक बुग्गी से टकराने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



ग्राम जरीफपुर चतर निवासी अरविंद कुमार (25 वर्ष) चांदपुर क्षेत्र के गांव नंगला से शादी समारोह से घर लौट रहा था। जब वह चांदपुर-हल्दौर मार्ग स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री के निकट पहुंचा तो उसकी बाइक एक बुग्गी से टकरा गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे चांदपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया। जहां सोमवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि अरविंद अविवाहित था और अपने परिवार का इकलौता पुत्र था। चार वर्ष पहले उसकी मां तथा दो वर्ष पहले उसके पिता की भी मौत हो चुकी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**हल्दौर, अमृत विचार :** मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम अम्हेडा निवासी यूनुस 70 वर्ष करीब 11 बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर टहल रहा था कि अचानक दिल्ली-कोटद्वार सिद्धबली एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। बताया कि यूनुस काफी समय से बीमार चल रहा था।

## सार-संक्षेप

### हृदय गति रुकने से पत्रकार का निधन



**नहटौर, अमृत विचार :** पत्रकार सलीम सिद्दीकी की हृदय गति रुकने से निधन हो गया। लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। नमाज ए जौहर के बाद मरकज मस्जिद के निकट कब्रिस्तान में शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। सोमवार रात मोहल्ला सराय रजब अली निवासी पत्रकार सलीम सिद्दीकी (46 वर्ष) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके जनाजे में चन्द्रशेखर आजाद, विवेक सिंह, मुंशी रामपाल, पूर्व जज मनोज कुमार, चेयरपर्सन के पति मोहम्मद जैद रशीद, मोहम्मद आमिर, राजा अंसारी, गुलाम साबिर, हाजी कादिर, ब्रह्मसिंह रवि, साजिद अल्वी, शेख आलम, पवन चंद्रा, शादाब शाह, डॉ. फारूक, सादिक चांद, खुर्शीद आलम अंसारी, पुष्पेंद्र टिप्पू, शाहिद सिद्दीकी, जाकिर हाशमी, डॉ. लुकमान हैदर, पुष्कर सिंह, शहजाद मलिक, आबिद गुड्डू आदि ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और जनाजे में शामिल हुए।

### अभिनव अग्रवाल बने विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यकर्ता वसीम अख्तर ने अभिनव अग्रवाल को युवा कांग्रेस कमेटी का विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष निर्वाचित होने पर स्वागत किया एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों ने अभिनव को आशीर्वाद दिया। अभिनव अग्रवाल ने कांग्रेस पार्टी का आभार जताया। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में जी जान से जुटने को कहा। सिराजुद्दीन की अध्यक्षता व नदीम फारूकी के संचालन में कार्यक्रम हुआ। इसमें अकरम खान, रईस कुरैशी, अमजद सिद्दीकी, नईमुल अख्तर, शारिब अंसारी, फराज हुसैन, शराफत हुसैन, हिफजुर रहमान फरीदी, राकेश शर्मा, गोविंद सिंह कुशवाहा, वसीम अख्तर, सलीम, गौरव अग्रवाल, रिहान आदि रहे।

### शतरंज प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की एकाग्रता बढ़ाने के उद्देश्य से शतरंज प्रतियोगिता हुई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयकरण यादव के निर्देशन में नजीबाबाद ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रीति पाल तथा एआरपी मोबीन हसन की देखरेख में न्याय पंचायत स्तर पर शतरंज प्रतियोगिता हुई। जिसमें 14 न्याय पंचायतों में 150 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रभारी शिक्षक संकुल तथा शतरंज के अनुभवी शिक्षकों के सहयोग से प्रतियोगिता आयोजित की गई। न्याय पंचायत बीरूवाला के समग्र विद्यालय अकबरपुर चौगावां में खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रीति पाल तथा एआरपी मोबीन हसन ने प्रतियोगिता का अवलोकन किया तथा विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता आयोजन में अधीर कुमार, सोनल गुप्ता मनीराम, सुशील कुमार, महेंद्र, विकास कुमार, ललित कुमार, अमित त्यागी, मुकेश देवरानी, नौबहार, पूनम, मनु भारती, मुदस्सिर, नीता तोमर भुवनेश्वरी, राजकुमार, अश्वनी, आदि का सहयोग रहा। प्रतियोगिता प्रभारी मोबीन हसन ने बताया की 23 फरवरी को ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता बीआरसी पर आयोजित होगी। जिसमें न्याय पंचायत से विजयी बच्चे प्रतिभाग करेंगे।

### सोसायटी ने कराया स्कूल का शिलान्यास

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** खाईखेड़ी कमालपुर में अल हक एजुकेशनल सोसायटी की ओर से गांव में स्कूल का शिलान्यास किया। मौलाना मोहम्मद ततहीर बरेली शरीफ, विधायक हाजी तसलीम आदि ने स्कूल की बुनियाद रखी। मौलाना मोहम्मद ततहीर ने कहा कि हिंदुस्तान और कौम का नाम रोशन करना है तो हमें दीनी तालीम के साथ साथ दुनियावी तालीम भी देनी होगी। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने कहा कि शिक्षा हासिल करना बहुत जरूरी है। पसमांदा समाज के प्रेसिडेंट शारिक अदीब अंसारी ने कहा कि एक मजबूत शिक्षा व्यवस्था किसी भी देश के विकास और समृद्धि का आधार होती है। नगर पालिका नजीबाबाद के अध्यक्ष मुअज्जम ने भी शिक्षा पर जोर दिया। अल हक एजुकेशनल सोसायटी के पूर्व प्रधान मोहम्मद आफताब ने कहा कि गांव के हर बच्चे को शिक्षित करना उनका मकसद है, उन्होंने कहा कि अगले साल से एक से लेकर पांच तक के बच्चों के दाखिले भी शुरू होंगे। उलमाओं ने मुल्क में अमनो अमान के लिए दुआ कराई। मौलाना शरफुद्दीन के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मौलाना महफूज रजा, मुफ्ती गुलाम मोइनुद्दीन, हाजी जाहिद, मुफ्ती फहीम, मौलाना मतलूब, शानू, वसी मोहम्मद उर्फ बबलू, वारिस, अयाज अंसारी, महताब अंसारी, मोहम्मद आरिफ, रिहान आदि रहे।

### स्वास्थ्य कार्ड बनवाने के लिए कल से लगेगा शिविर

**बिजनौर, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने बताया कि उप्र सरकार द्वारा संचालित पं. दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत उप्र के सरकारी कर्मचारियों तथा सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के कैशलेस चिकित्सीय सुविधा प्रदान किये जाने का प्रावधान है। यह सुविधा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जुड़े समस्त निजी चिकित्सालयों तथा सरकारी चिकित्सालयों में उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में प्रत्येक लाभार्थी परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध होगी, जबकि सरकारी चिकित्सा संस्थानों/चिकित्सालयों में बिना किसी वित्तीय सीमा के कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विकास भवन में बिजनौर में 22 फरवरी से 26 फरवरी 2024 तक पांच दिवसीय कैम्प लगेगा। उन्होंने यह भी बताया कि योजना सम्बन्धी विस्तृत जानकारी योजना के वेबसाइट sects.up.gov.in पर उपलब्ध है।

### मालन नदी की चौड़ाई की जांच की मांग

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को संपूर्ण समाधान दिवस में मालन नदी की चौड़ाई की जांच को लेकर शिकायती पत्र दिया गया। जिसमें शिकायतकर्ता नजीबाबाद निवासी सोनू आदित्य और अनुज शर्मा का कहना था कि नगर की पहचान और इतिहास मालन नदी है। यह कोटद्वार के पहाड़ी क्षेत्र से निकाल कर नजीबाबाद में प्रवाहित होती है। मालन नदी के किनारों पर लोगों ने अतिक्रमण किया गया। जिसको प्रशासन ने कई बार हटाया भी है। वर्तमान में इसकी चौड़ाई की जांच की जाए। बरसात में नदी का जलस्तर बढ़ने से आसपास के गांव शहरी क्षेत्र मोहल्ले बस्तियां प्रभावित होती हैं और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिसके कारण जनमानस की जानमाल की हानि को देखते हुए जांच कराई जाए ताकि भविष्य में क्षेत्र को कोई खतरा उत्पन्न न हो।

### युवक पर जानलेवा हमला, मामला दर्ज

**स्योहारा, अमृत विचार :** दुकान से घर के लिए सामान लेने गए युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। नगर के मोहल्ला मिल्कियान निवासी शमीम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र नबील देर शाम घर से खाना खाकर दुकान पर घर का कुछ समान लेने गया था। मोहल्ले में शादी के मौके पर सजावट कर रहे समी निवासी कस्बा सहसपुर व रफी निवासी मोहल्ला कस्बा तीसरा युवक निवासी मोहल्ला मिल्कियान व रफी निवासी मोहल्ला कस्बा ने मेरे पुत्र पर जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर दिया। जिस से वह गम्भीर रूप से घायल होकर वहीं गिर गया। शोर शराबे सुनकर यमन निवासी मोहल्ला मिल्कियान व वसीम निवासी मिल्कियान मौके पर आ गए। उन्हें देखकर सभी हमलावर मौके से भाग गए। घायल अवस्था में पुत्र को थाना लेकर आए और थाने से सीएचसी भेजा गया। वहां से घायल युवक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे रेफर किया गया। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने घायल युवक के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### विवाद के दौरान युवक पर चाकू से हमला

**शेरकोट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव हाफिजाबाद बिहारीपुर में दो युवकों में मामूली बात को लेकर हुई कहासुनी में देखते ही देखते बिट्टू ने दूसरे युवक रोहित को चाकू से वार कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। इसके बाद मामले की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को 108 एंबुलेंस से सीएचसी धामपुर भिजवाया। वहीं घायल रोहित के पिता शीशराम ने आरोपी को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि घायल युवक के पिता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### मेडिकल स्टोर से नकदी और फोन चोरी

**किरतपुर, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे स्थित दवा की दुकान से चोर नकदी व मोबाइल ले गए। सुचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पीड़ित ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नेशनल हाईवे पर नगीना चौराहे के पास ओएनएस के नाम से दवा की दुकान से अज्ञात चोर कूमल लगाकर 30 हजार रुपये नकदी व मोबाइल ले गए। मंगलवार को मेडिकल स्वामी हसन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित मेडिकल स्टोर स्वामी हसन ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

## रामपुर

# सीएचसी में पानी भरा देख सीडीओ नाराज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस के बाद मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल बिलासपुर विकास खंड पहुंचे। सीएचसी में पानी भरा देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और जल्द साफ कराने के आदेश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड बिलासपुर का निरीक्षण किया। कार्यालय एवं परिसर में साफ-सफाई ठीक मिली। विकास खंड के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को नियमानुसार एवं निष्ठा से ससमय कार्य करने के निर्देश दिए। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि जनसामान्य से अनुकूल करें। उनकी समस्याओं का समय से निराकरण किया जाए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार चौधरी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा अमित वर्मा आदि स्टाफ उपस्थित मिला। यहां से मुख्य विकास अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिली। जगह-जगह पानी भरा था। इस पर उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि वह अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से समन्वय करके सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराएं। अधिशासी अधिकारी को भी निर्देशित किया कि वह परिसर में 3-4 सोकपिट शीघ्र निर्मित करा दें ताकि जल भराव की समस्या का समाधान हो सके। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर सात चिकित्साधिकारी, चार स्टाफ नर्स, तीन फार्मसिस्ट, दो एलटी, दो वार्डब्वाय, एक एक्स-रे टेक्नीनिशियन तथा दो स्वीपर हैं।

### ओपीडी में आते हैं रोजाना 500-600 मरीज

ओपीडी में मरीजों की अधिकता प्रतीत हुई। चिकित्साधीक्षक ने बताया कि औसतन प्रतिदिन 500-600 ओपीडी होती है। निरीक्षण तक 464 ओपीडी बताई गई। तीन आयुष्मान कार्ड बनाना बताया गया। इंजेक्शन लगाने के काउंटर पर कई मरीज मिले। महिला वार्ड, ड्राईजन कक्ष, मिनी स्किल लैब, औषधि वितरण कक्ष, इमरजेंसी, एक्स-रे कक्ष आदि का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी के पास से बिजली की कई केबिल एक साथ गुजर रहीं थी। इनमें स्पार्किंग होने पर मरीजों, तामीरदारों को कठिनाई हो सकती है। एडीओ से समन्वय करके इसका निराकरण कराने के निर्देश दिए।

### बिजली कर्मियों ने एसई कार्यालय पर दिया धरना

**रामपुर, अमृत विचार :** संविदा लाइनमैन, एसएसओ और कम्प्यूटर आपरेटर को 25 हजार, श्रमिकों को 18 हजार रुपये का मानदेय समेत नौ समस्याओं को लेकर संविदा बिजली कर्मियों ने मंगलवार को एसई कार्यालय पर धरना दिया। इसके बाद उन्होंने एक ज्ञापन एसई के नाम एक्सईएन द्वितीय को सौंपा।

मालगोदाम स्थित पुराना पावर हाउस स्थित विद्युत मजदूर संगठन के कार्यावाहक अध्यक्ष सैयद शुएैब हसन ने कहा कि जो कर्मचारी 14 जनवरी वर्ष 2000 के बाद सेवा में आए हैं उन्हें पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू कराई जाए। कार्यालय सहायक, टीजी -2 को नियुक्ति ग्रेड पे न्यूनतम तीन हजार रुपये दिया जाए। अंत में आगामी 27 फरवरी के आंदोलन को सफल बनाने की अपील की।

# जीव जागरण धर्म यात्रा का अनुयायियों ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्वार-टांडा होते हुए जीव जागरण धर्म यात्रा मंगलवार को शाहबाद रोड पर पहुंची। बाबा जय गुरुदेव के जानशीन अनुयायियों ने उनका स्वागत किया। सुबह से ही अनुयायी यात्रा का इंतजार कर रहे थे।

बाबा जयगुरुदेव के जानशीन एवं आध्यात्मिक उत्तराधिकारी उज्जैन वाले परम संत बाबा उमाकान्त महाराज के आदेशानुसार उनके अनुयायियों ने जीव जागरण धर्म यात्रा निकालकर मानवता और धर्म-कर्म का संदेश दिया। अनुयायियों का कहना है कि यात्रा 10 फरवरी को आगरा से चलकर अलीगढ़, मथुरा, नोएडा, गाजियाबाद, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद होते हुए रामपुर पहुंची। जीव जागरण धर्म यात्रा में प्रचारकों ने बताया कि यह मनुष्य शरीर ही मनुष्य मन्दिर और जिस्मानी मस्जिद है। यात्रा का समापन व सत्संग कार्यक्रम 22 फरवरी को बाबा उमाकान्त महाराज आश्रम अमरोहा में होगा। यात्रा में दिए गए संदेश में बताया कि यह अनमोल शरीर गंदे खान-पान और गंदी विचार-भावनाओं के कारण बीमारियों का घर बनता जा रहा है। पहले के समय में लोग लोक-परलोक बनाने तथा घर-परिवार को खुशहाल रखने के लिए संत-महात्माओं का सतसंग सुनते थे। उनका आशीर्वाद लेते थे। लेकिन जब से लोगों ने सत्संग में आना जाना छोड़ दिया, तबसे परिवार में कलह, बढ़ती जा रही हैं।

### मदरसा बोर्ड परीक्षा में 157 परीक्षार्थी गैरहाजिर

**रामपुर, अमृत विचार :** मदरसा बोर्ड की परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। दोनों पालियों में 157 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहली पाली में मुंशी, मौलवी और दूसरी पाली में आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्रों का जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने निरीक्षण किया। कुल 940 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

सुबह आठ से पूर्वाह्न 11 बजे प्रथम पाली में 663 में से 123 परीक्षार्थी, दूसरी पाली अपराह्न दो से शाम पांच बजे तक में 434 में से 34 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। दोनों पालियों में 157 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

परीक्षा सेक्टर मजिस्ट्रेट, उड़नदस्ता, सहायक अध्यापक, व्यवस्थापक और सहायक व्यवस्थापकों की देखरेख में हुई। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंकित कुमार ने बताया कि दोनों पालियों में आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हुई।

खुशखबरी | रंग लाई जल संचयन की मुहिम, सरोवर योजना से पहले डॉर्क जोन में थे चार ब्लॉक

# रामपुर के सभी ब्लॉक डार्क जोन से हुए बाहर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मोदी सरकार से पूर्व जहां नदियों में प्रदूषित जल का प्रवाह हो रहा था, वहीं तालाबों को पाटकर प्लाटिंग व अतिक्रमण ने जोर पकड़ लिया था। ऐसी विषम परिस्थिति में शासन ने जल संरक्षण, पेयजल संकट को दूर करने व परंपरागत जल स्रोत के दोहन में अवरोध उत्पन्न करने के लिए अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत सरोवर योजना शुरू की थी।

इसके तहत पूरे प्रदेश में पोखरों व तालाबों को पुनर्जीवित करने का निर्देश दिया था। योजना से पूर्व जिले में भूगर्भ का जल स्तर अति दुहित (ओवर एक्सप्लाएटेड) स्तर पर पहुंच गया था। सरोवरों के पुर्नजीवित होते ही लगभग एक वर्ष में सभी ब्लॉक भूगर्भ जल स्तर में सामान्य श्रेणी में आ गए हैं। योजना के तहत ब्लॉक चमरौआ में 63 के सापेक्ष 56, बिलासपुर में 60 सापेक्ष 44, मिलक में 85 सापेक्ष 65, सैदनगर में 32 सापेक्ष 31, शाहबाद में 75 सापेक्ष 62 एवं स्वार में 97 सापेक्ष 92 सरोवर का निर्माण हो चुका है। ब्लॉक सैदनगर लक्ष्य सापेक्ष केवल एक सरोवर के निर्माण से पीछे है। सरोवर योजना में सरोवरों का सौन्दर्यीकरण कर पुनजीर्वित करने का अभियान शुरू हुआ है। जिले में 412 सरोवर निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसमें से 350 सरोवरों को पुर्न जीवनदान दिया जा चुका है। अभी 62 सरोवरों का निर्माण किया जाना शेष है। लक्ष्य से दूर होने के बावजूद सरोवरों के जीवनदान से जनपद के भूगर्भ जल स्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। ब्लॉक बिलासपुर सुरक्षित जोन में आ गया है। जबकि शेष सभी ब्लॉक लघु सुरक्षित सीमा में आ गए हैं। यह भी शीध्र ही सुरक्षित सीमा में आ जाएंगे। सहायक अभियंता लघु सिंचाई जीतेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि जिले में अमृत सरोवर की स्थापना से पूर्व चमरौआ, सैदनगर, शाहबाद व स्वार ब्लॉक डार्क जोन में थे। जल स्तर में आज वृद्धि हो गई है।


पटवाई में बना अमृत सरोवर। ● अमृत विचार

### अमृत सरोवर की सफाई कराती है ग्राम पंचायत

सरोवर को जीवंत रखने के लिए प्रति तीन वर्ष में सफाई कराने का नियम सुनिश्चित किया गया है। सरोवर के सौंदर्यीकरण का जिम्मा ग्राम पंचायत का है। इसमें पूर्व में सुप्त व प्रदूषित तलाबों को ही चिन्हित किया गया था। सभी सरोवर लगभग एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में बनाए गये हैं। बता दें कि जिले के ग्राम पटवाई को देश का सर्वप्रथम अमृत सरोवर होने का गौरव प्राप्त है। इसका उल्लेख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कार्यक्रम मन की बात में कर चुके हैं।

### रोजगार मेले में 109 प्रशिक्षार्थियों का हुआ चयन

**रामपुर, अमृत विचार :** सैदनगर ब्लॉक में आयोजित रोजगार मेले में 210 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया था। इनमें से 109 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया।

दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत विकास खंड सैदनगर ब्लाक परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उद्घाटन नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन डा. मोहम्मद आसिफ ने किया। मेले में विभिन्न नियोक्ता कम्पनियों द्वारा चयनित युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। नोडल अधिकारी ने बताया कि मेले में विभिन्न सेवायोजन कंपनियों ने युवक-युवतियों का साक्षात्कार किया। मेले में लगभग 210 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न कंपनियों ने साक्षात्कार के बाद 109 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया।

## एक नजर

### कवि व शायर डॉ. सागर किया गया सम्मानित



**हापुड, अमृत विचार :** गांव मुरादपुर की सागर कॉलोनी निवासी कवि व शायर डॉ. नरेश सागर को कथाकार सम्मान से सम्मानित किया गया। वह अपनी लेखनी के लिए भी सम्मानित हो चुके हैं। क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से उन्हें नवाजा जा चुका है। डॉ. सागर को नशे की लत पर कहानी लेखन के लिए राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय साहित्य संस्था विश्व हिंदी सृजन सागर मंच ने उन्हें बेहतरीन कथाकार सम्मान से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है।

### डाक मेला में सुकन्या खातों की पासबुक बांटी

**हापुड, अमृत विचार :** प्रधान डाकघर हापुड की ओर से डाक मेला का आयोजन किया गया। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी व गाजियाबाद मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर भूर सिंह मीना मौजूदरहीं। प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर श्रवण कुमार ने सुकन्याओं को सुकन्या खाते की पासबुक वितरित की गई। डाक मेले में 1045 बचत खाते, 150 सुकन्या खाते, डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा, 2 करोड़ 15 लाख का व्यवसाय और 150 आधार कार्ड बनाए गए। मेला को सफल बनाने में डाक परिवार के सदस्य संजय तोमर, मोहम्मद नदीम, शकील अहमद वीरपाल, निरंजन सिंह, शिवम वर्मा सरोज आदि और नगर पालिका के कर्मचारियों अधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

### शगुन मांगने गए किन्नर को कमरे में बंद कर पीटा

**बदायूं, अमृत विचार :** कुछ किन्नर गांव में आई बरात में बधाई मांगने के लिए गए थे। लोगो ने उन्हें कमरे में बंद करके पीटा। आरोप है कि उनके कुंडल भी छीन लिए। दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे पर आरोप लगाने लगे। किन्नर की ओर से तहरीर दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना हजरतपुर क्षेत्र निवासी किन्नर आरजू ने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार सुबह वह अपने साथियों के साथ गांव उसेता नगला में हरिनंदन के घर शादी की बधाई मांगने गए थे। दूल्हा पक्ष से शगुन के 11 सौ रुपये मांगे। वहां मौजूद लोगों ने विरोध शुरू कर दिया था।

# दंगे के दिन हल्द्वानी में ही था मास्टर माइंड अब्दुल मलिक

## सर्विलांस ने खोले राज, षड्यंत्रकारी आरोपियों की तलाश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- कुर्की में मिले इस्तेमाल कारतूस से जुड़ रहे दंगे के तार
- दंगे वाले रात ही परिवार के साथ फरार हुआ था आरोपी

**अमृत विचार :** दंगे का मास्टर माइंड बताया जा रहा अब्दुल मलिक दंगे के दिन शहर में ही था और दंगा भड़कते ही वह परिवार सहित फरार हो गया। हाल में हुई कुर्की भी इस बात की ओर इशारा कर रही है कि मलिक सीधे तौर पर दंगे में शामिल था। कुर्की में मलिक के घर से कई इस्तेमाल किए कारतूस मिले हैं, जिन्हें दंगे से जोड़ कर देखा जा रहा है। फिलहाल, तो मलिक कहां है, ये किसी को नहीं पता। पुलिस मलिक और उसके बेटे मोईद को तलाश कर रही है। इसके बाद ही दंगे के षड्यंत्र से पर्दा उठेगा।

बता दें कि दंगे की शुरुआत मलिक का बगीचा से हुई थी। उस मलिक का बगीचा से, जिस पर अब्दुल मलिक अपना दावा बता रहा था और दावे को पुख्ता करने के लिए उसने नजूल की भूमि पर मदरसा और प्रार्थना स्थल बना दिया था। 8 फरवरी को पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम जब उक्त भूमि पर कब्जा लेने पहुंची तो दंगा भड़क गया और तभी से मलिक परिवार समेत फरार है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस की सर्विलांस टीम ने जब अब्दुल मलिक के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाया और सीडीआर निकली तो पता लगा कि दंगे के दिन अब्दुल मलिक शहर में ही था। दंगे के दो दिन पहले मलिक ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया था और दंगा भड़कते ही वो फरार हो गया।

इधर, न्यायालय से कुर्की और गृह मंत्रालय से लुक आउट नोटिस जारी होने के बाद भी जब मलिक और उसके बेटे मोईद का कुछ पता नहीं चला तो पुलिस कुर्की के लिए उसके लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा स्थित कोठी पहुंची। कोठी से 6 डंपर से ज्यादा माल निकला, जिसे निकालते-निकालते पुलिस को 18 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया। सूत्र कहते हैं कि कुर्की के दौरान कोठी से जिंदा और इस्तेमाल हुए कारतूस निकले। बताया यह भी जा रहा है कि मलिक के नाम पर शस्त्र लाइसेंस नहीं है, ऐसे में कोठी से कारतूस की बरामदगी बड़े सवाल खड़े कर रही है और वो भी इस्तेमाल कारतूस। ऐसा माना जा रहा है कि इन कारतूस का इस्तेमाल दंगे के लिए किया गया होगा।

### कर्फ्यू की पाबंदियां खत्म संगीनों के साये बनभूलपुरा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बनभूलपुरा से अब कर्फ्यू पूरी तरह हटा लिया गया है, लेकिन एहतियान क्षेत्र में फोर्स तैनात है। आने वाले कुछ दिनों तक पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स पूरे क्षेत्र में निगरानी बनाए रखेंगे। यही वजह है कि कर्फ्यू खत्म होने के बावजूद क्षेत्र में संदिग्ध दिखने वाले हर एक को रोककर पूछताछ की जा रही है।

बीती 8 फरवरी को दंगा भड़कने के बाद पूरे शहर में प्रशासन ने कर्फ्यू घोषित कर दिया था। शहर के चप्पे-चप्पे में पैरा मिलिट्री फोर्स और पुलिस का पहरा लगा दिया। स्थिति सामान्य हुई तो तीन दिन बाद बनभूलपुरा को छोड़कर शहर को कर्फ्यू मुक्त कर दिया गया और बनभूलपुरा में और भी कड़ा पहरा लगा दिया गया।

धीरे-धीरे बनभूलपुरा को भी कर्फ्यू में छूट दी जाने लगी, लेकिन मलिक का बगीचा में कर्फ्यू बदस्तूर जारी रहा। अब 20 फरवरी से मलिक के बगीचे को भी कर्फ्यू मुक्त कर दिया गया, लेकिन तमाशबीनों को मलिक का बगीचा की ओर जाने की इजाजत अब भी नहीं है।

# वाया चंदौसी रूट पर ट्रेनों को जल्द मिलेगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली-अलीगढ़ व मुरादाबाद चंदौसी रूट पर शुरू होगा दोहरीकरण
- ट्रेनें वाया रामपुर चलाने के सवाल पर डीआरएम ने दी प्रतिक्रिया

**अमृत विचार:** मुरादाबाद-चंदौसी रूट पर ट्रेनों को रफ्तार मिलने और अधिक ट्रेनों के संचालन की उम्मीद जल्द ही परवान चढ़ सकती है। मंडलीय अधिकारियों के अनुसार बजट को मंजूरी मिल चुकी है। पैसा जारी होते ही बरेली-अलीगढ़ व मुरादाबाद-चंदौसी रूट पर दोहरीकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

मंगलवार को तीरथ के चतुर्वेदी नाम के एक शख्स ने रेल अधिकारियों से एक्स हैंडल पर अपनी तकलीफ बयान की। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन ज्यादातर ट्रेनें वाया रामपुर चला रहा है। जबकि चंदौसी रूट के रेलवे फाटक ज्यादातर मालगाड़ियों के लिए बंद होते हैं। ऐसा कर यात्रियों का उत्पीड़न और भेदभाव किया जा रहा है। इसके जवाब में डीआरएम मुरादाबाद के एक्स हैंडल से जवाब आया कि जल्द ही मुरादाबाद-चंदौसी-अलीगढ़ रूट पर कार्य शुरू किया जाएगा, इसके लिए बजट भी स्वीकृत किया जा चुका है। डीआरएम के हैंडल से बताया गया कि यह कार्ययोजना पूरी होने के बाद तकलीफ से निजात मिलेगी।

#### डीपीआर तैयार कर भेजा गया

दरअसल बरेली-अलीगढ़ रूट पर 167 किलोमीटर व मुरादाबाद-चंदौसी रूट पर 45 किलोमीटर तक दोहरीकरण कार्य किया जाना है। इसका डीपीआर तैयार कर मुख्यालय भेज दिया गया है। बरेली-अलीगढ़ रूट के लिए करीब 226 करोड़ रुपये और मुरादाबाद-चंदौसी रूट के दोहरीकरण के लिए 40 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है।

### पुलिस ने स्मैक तस्कर को किया गिरफ्तार

**काशीपुर, अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 53 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट व शस्त्र अधिनियम में पूर्व में भी आठ मुकदमे दर्ज हैं।

कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि सोमवार देर शाम को बांसफोड़ान चौकी पुलिस ने नए ढेला पुल के पास चेकिंग के कब्रिस्तान की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। जो पुलिस को देख वापस मुड़कर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर व्यक्ति के पास से 53 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम काली बस्ती, काशीपुर निवासी नदीम उर्फ बीड़ी बताया। आरोपी ने बताया कि वह स्मैक बरेली जिले के फतेहगंज क्षेत्र से खरीदकर लाया था।

# प्रदेश में 650 करोड रुपये का निवेश करेगी आनंदा डेयरी

संवाददाता, हापुड

**अमृत विचार:** आनंदा डेयरी लिमिटेड के पदाधिकारियों ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 लखनऊ और दुबई में गलफूड में प्रतिभाग किया। आनंदा डेयरी लिमिटेड ने इन्वेस्टर ग्लोबल समिट में 650 करोड रुपये का उत्तर प्रदेश में निवेश करने का एमओयू साइन किया था। आनंदा डेयरी ने अब तक 130 करोड रुपये का निवेश सियाना, गजरौला, पिलखुवा में एक साल के अंदर कर दिया है। डेयरी ने पिलखुवा स्थित अपनी फैक्ट्री के साइड में 15 एकड़ जमीन और खरीद ली हैं। इसमें एक नया प्रोजेक्ट लगाएगी। आनंदा डेयरी प्रदेश के 35 जिलों के 6000 गावों के तीन लाख किसानों से 10 लाख लीटर दूध उत्पादन व पशुधन विकास का कार्य करा रही है। जो किसान आनंदा डेयरी से जुड़े हुए हैं। आनंदा डेयरी के चेयरमैन डॉ. राधेश्याम दीक्षित ने बताया कि लोकल फॉर ग्लोबल जो प्रधानमंत्री का सपना है, उस सपने को साकार कर रहे हैं। आनंदा डेयरी ने लखनऊ की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में अपना स्टॉल भी लगाया। दुबई में आनंद डेयरी ने अपने दुग्ध उत्पाद का स्टॉल लगाया है। इसका उद्घाटन आनंदा चेयरमेन डॉ. राधेश्याम दीक्षित और डायरेक्टर सुनीता दीक्षित ने किया।



राधेश्याम दीक्षित और सुनीता दीक्षित



संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुनतीं जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

# शिकायतों का निस्तारण करें अधिकारी

संवाददाता, हापुड

- संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें
- निस्तारण में लापरवाही मिलने पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार:** गढ़मुक्तेश्वर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में मंगलवार को जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनीं। सभी विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने के बाद गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में 21 शिकायातें आईं। जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान दिवस के दौरान आईजीआरएस, तहसील दिवस व अन्य किसी माध्यम प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण का गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। कहा कि समस्या का समाधान न होने पर विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# खनन के विवाद में मारपीट और फायरिंग, पांच घायल

संवाददाता, बाजपुर

- बोर नदी में अवैध खनन को लेकर हुआ दो पक्षों में विवाद, गंभीर घायलों को किया रेफर

**अमृत विचार:** बोर नदी में अवैध खनन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें अचानक फायरिंग भी हो गई। घटना में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष के भी दो लोगों को चोटें आने की बात कही गई जा रही है। घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सरकारी अस्पताल पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू करते हुए घायलों के बयान दर्ज किए।

ग्राम महोली जंगल क्षेत्र से होकर गुजर रही बोर नदी में शासन व वन विभाग की ओर से खनन चुगान पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है। बावजूद इसके नदी में बिना किसी रोकटोक के अवैध खनन चल रहा है। मंगलवार सुबह इसी नदी में होने वाले अवैध खनन व इन वाहनों के मार्ग से निकलने को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। देखते ही देखते मारपीट होने लगी और कुछ ही देर में महोली जंगल में गुरविंदर सिंह के घर के नजदीक फायरिंग शुरू हो गई। जिससे भगदड़ मच गई। घटना में एक पक्ष के ग्राम महोली जंगल निवासी गुरविंदर सिंह (27) पुत्र बुआ सिंह, गुरपेज सिंह (20) पुत्र गुरदीप सिंह व वार्ड नंबर-13 यादव होटल के पीछे बाजपुर निवासी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रजत भंडारी (30) पुत्र प्रताप सिंह भंडारी घायल हो गए। उन्हें आनन-फानन में सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया है।

# खिरिया गांव में गोली लगने से छात्रा की मौत

संवाददाता, तिलहर (शाहजहांपुर)

- कमरे में अकेली थी छात्रा, मां बोली- कोई गोली मारकर भागा
- पुलिस प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या का मामला मान रही

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की गोली लगने से मौत हो गई। सीओ प्रयांक जैन व कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने मौका मुआयाना किया।

एसपी अशोक कुमार मीणा ने मौके पर पहुंचे परिजनों से पूछताछ की। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर कमरे की तलाशी ली और सबूत जुटाए। तिलहर कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव खिरिया उदैत राजेश कुमार ने बताया कि वह मंगलवार को तिलक कार्यक्रम में मोहम्मदी गए थे। घर पर उनकी पत्नी रेखा देवी और 14 वर्षीय पुत्री विनती भारती थी। विनती कक्षा 10 की छात्रा है। वह तिलहर के एलबीजेपी इंटर कॉलेज में पढ़ती है। मंगलवार देर शाम विनीता अपने कमरे में पढ़ रही थी। इसी दौरान अचानक गोली चलने की आवाज आई। मां रेखा दौड़ते हुई कमरे में गईं तो देखा विनती लहूलुहान हालत में पड़ी है। रेखा का कहना था कि कोई व्यक्ति आया और उसने विनती को गोली मार दी। पुलिस ने छात्रा की मां के बताए अनुसार जांच पड़ताल की तो मामला संदिग्ध पाया गया। पुलिस ने किशोरी की मां रेखा देवी से कड़ाई से पूछताछ की तो मामला आत्महत्या का निकला। कोतवाल सुरेंद्र पाल सिंह ने रेखा की निशानदेही पर तमंचा मिला है।

### संदिग्ध हालात में दो महिलाओं की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज और थाना कादरचौक क्षेत्र में दो महिलाओं की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हालत गंभीर होने पर दोनों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया था जहां उनकी मौत हो गई। एक महिला के मायका पक्ष ने हत्या करने का आरोप लगाया। इसमें दातागंज की महिला की बीमारी और कादरचौक निवासी महिला की मौत हार्टअटैक से होने की पुष्टि हुई है।

जिला बरेली के थाना फरीदपुर क्षेत्र के गांव बड़ नगर निवासी सुंदरलाल की बेटी चांदनी (24) की शादी लगभग तीन साल पहले कोतवाली दातागंज के गांव नेता झुकसा निवासी रामवीर के साथ हुई थी। मायका पक्ष के अनुसार सोमवार को चांदनी का पति रामवीर के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। रामवीर फसल देखने के लिए खेत पर चले गए थे।

# किशोरी से दुष्कर्म, पिता के पहुंचने पर आरोपी भागा

संवाददाता, बरखेड़ा

- पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, सीओ ने मौके पर पहुंचकर जुटाई जानकारी

**अमृत विचार:** किशोरी को खेत में खींचकर एक युवक ने दुष्कर्म किया, जबकि उसका साथी कुछ दूरी पर खड़ा रहा। अचानक किशोरी के पिता के पहुंचने पर आरोपी भाग गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है। सीओ बीसलपुर ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई।

क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे वह बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए जा रहे थे। इस बीच एक व्यक्ति से जानकारी मिलने पर वह खेत की तरफ गए। उन्हें देखते ही एक लड़का भाग गया, जबकि दूर खड़ा एक अन्य युवक भी भाग निकला। बाद में पीड़ित की 15 वर्षीय पुत्री उसी खेत से रोती हुई बाहर निकली। पूछने पर बेटी ने बताया कि भागने वाले युवक ने उसे डरा धमकाकर खेत में खींचा और फिर दुष्कर्म किया।

पुत्री को लेकर वह थाने पहुंचे और शिकायत की। पुलिस ने देर शाम मिली शिकायत पर जांच शुरू की। दूसरे दिन मंगलवार के तहरीर मिलने पर मामले में ग्राम सथरापुर निवासी टिंकू के खिलाफ दुष्कर्म, एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। इंस्पेक्टर बरखेड़ा मृदुल कांत शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच चल रही है।

### नाबालिग बच्चियों की सप्लायर पश्चिम बंगाल की तान्या शेख गिरफ्तार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नाबालिग बच्चियों की पेशेवर सप्लायर और सेक्स रैकेट चलाने वाली तान्या शेख एक बार फिर पुलिस की गिरफ्त है और इस बार वो भी सेक्स रैकेट का धंधा चलाते हुए पकड़ी गई। पुलिस ने एक घर से तान्या शेख के साथ पश्चिम बंगाल की दो लड़कियों और दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है। तान्या इससे पहले भी कई बार गिरफ्तार की जा चुकी है। पुलिस के मुताबिक कई दिनों से कलावती कालोनी के लोग इलाके में देह व्यापार की शिकायत कर रहे थे। मामले की जांच कराई गई तो सूचना सही मिली। मंगलवार को पुलिस ने कलावती कालोनी के सामने गांधी आश्रम वाली गली के एक घर में छापा मारा तो यहां दो युवक और दो युवतियां आपत्तिजनक अवस्था में मिले। मौके से पुलिस ने 24 परगना बसंती सोना कांची पश्चिम बंगाल निवासी तान्या शेख को गिरफ्तार किया है। तान्या सेक्स रैकेट की संचालिक है।

### तालाब में मिला मानसिक रोगी महिला की नवजात का शव

**बदायूं, अमृत विचार :** मानसिक रोगी महिला का 15 दिन का नवजात का शव तालाब में पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला, उसके परिजन और पति को बुलाकर पूछताछ की। पति ने बताया कि उन्होंने 18 फरवरी को बेटी के लापता होने की तहरीर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत होने की बात सामने आई है।

गांव जगत के डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क के पास तालाब में एक नवजात का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को तालाब से बाहर निकलवाया। आसपास के लोगों से जानकारी की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में रहने वाले श्रीपाल भारती की बेटी प्रियंका मायके से आई हुई है। उसने कुछ दिन पहले ही एक बच्चे को जन्म दिया था। पुलिस ने श्रीपाल भारती और प्रियंका को मौके पर बुलाया। प्रियंका शव देखते ही गोद में ले लिया और अपनी बेटी होना कबूल किया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि प्रियंका की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

# हत्या में 21 साल बाद फैसला तीन सगे भाइयों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जुलाई 2003 में मामूली हाथापाई में विवाद बढ़ने पर रामबाबू की कर दी थी हत्या

**अमृत विचार:** रोजा क्षेत्र में मामूली विवाद में हुई रामबाबू की हत्या के मामले में करीब 21 साल के बाद फैसला आया है। न्यायालय विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम कक्ष संख्या दो के न्यायाधीश आलोक कुमार शुक्ला ने हत्या में दोषी पाए जाने पर तीन सगे भाइयों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक अभियुक्त पर 22-22 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। रोजा क्षेत्र के मोहल्ला आदर्शनगर कॉलोनी निवासी वादी मुकदमा शांति स्वरूप ने 23 जुलाई 2003 को रोजा थाने में तहरीर दी कि रात 9 बजे उसका छोटा भाई रामबाबू घर से मोहल्ले के ही टिंकू की दुकान पर सीडी कैसेट लेने गया था। दुकान के सामने बुद्ध प्रकाश से संदीप शर्मा हाथ में लाठी लिए हाथापाई कर रहा था। भाई रामबाबू ने झगड़ा करने से मना किया तो नहीं मानें, इतने में संदीप के भाई राजेश शर्मा अपने हाथ में तमंचा लिए और संतोष शर्मा हाथ में लाइसेंसी बंदूक लिए आ गए। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए तीनों ने एक राय होकर कहा कि यह रामबाबू ज्यादा बकवास कर रहा है, आज इसे जान से मार दो, तभी राजेश शर्मा ने जान से मारने की नीयत से रामबाबू के ऊपर तमंचे से फायर कर दिया, जो उसके भाई के पेट में लगा और वह जख्मी होकर जमीन पर गिर गया। फिर सभी मारने लगे। इसमें बुद्ध प्रकाश को भी चोटें आईं। शांति स्वरूप ने बताया कि घटना के समय वह बाजार से बल्ब लेने पहुंचा था। उसने व अन्य लोगों के ललकारने पर हमलावर मौके से भाग गए। रामबाबू व लालता प्रसाद को जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने रामबाबू को मृत घोषित कर दिया।

### बाइक की टक्कर से किसान की मौत

**नूरपुर पिनौनी, अमृत विचार :** दावत खाने जा रहे साइकिल सवार किसान को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस घायल को रुदायन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां किसान की मौत हो गई। । थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव पुरदलपुर निवासी जागन सिंह (60) पुत्र रामजीमल खेती करते थे। मंगलवार देर शाम लगभग साढ़े आठ बजे अपनी रिश्तेदारी में पास के गांव वहीपुर में दावत खाने के लिए साइकिल से जा रहे थे। गांव करनपुर के पास बाइक सवार ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। वह सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचित करते हुए सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां जागन सिंह की मौत हो गई।

**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मेरा नाम नीतीश गौड़ था अब मैंने अपना नाम बदलकर निशांत शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए ।
निशांत शर्मा पुत्र श्री नरेश गौड़ निवासी ग्राम असालतपुर जारई, तह० व थाना चंदौसी जिला सम्भल।

**खोया-पाया**

मेरा इण्टरमीडिएट हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज, मुरादाबाद का प्रमाणपत्र वर्ष 1976 जो कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद जिसका अनुक्रमांक 113114, वर्ग 'ख' है, वास्तव में कहीं खो गया है प्रयोग अवैध होगा।
**सुलतान अहमद** मुरादाबाद।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम DEEPA ARORA से बदलकर DEEPA PROTHIA रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए।
DEEPA PROTHIA W/O PAWAN PROTHIA R/O PRINCE ROAD GALI NO 8 ASALATPURA मुरादाबाद।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.

इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड

* इनवेजन रेडियोलॉजी की जाँचे छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

# अब शासन व विभागों के मकड़जाल में नहीं उलझती है फाइलें

## जीबीसी 4.0 मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश-निवेश प्रदेश के तहत एफडीआई कॉन्क्लेव को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● 17 वर्ष में जितना एफडीआई आया, उसका चार गुना सिर्फ चार वर्षों में उप्र. में आया : योगी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे पास प्रकृति भी है, परमात्मा भी है और प्रतिभा से भरपूर युवा भी हैं। इस त्रिवेणी के माध्यम से प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व नेतृत्व में हम उप्र. को आगे बढ़ा रहे हैं। सात सालों में उप्र. की अर्थव्यस्था व प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है। योगी के मुताबिक, उप्र. ने नया प्रयास प्रारंभ किया है। पहले यहां शासन व विभागों के मकड़जाल में फाइल उलझ जाती थी। आज सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र आपकी सेवा के लिए समर्पित है।

उक्त बातें योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश-निवेश प्रदेश के तहत मुख्य हैंगर में आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव यूपी-इमर्जिंग डेस्टिनेशन फॉर फॉरेन इनवेस्टमेंट इन इंडिया को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी अनिल राजभर, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अवस्थापना व औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने यहां बताया कि, वर्ष 2000 से लेकर 2017 (17 वर्ष) तक जितना एफडीआई आया था, 2019 से 2023 के बीच में उसका चार गुना एफडीआई उप्र. में आया है। जब सुरक्षा का माहौल, सरकार की स्पष्ट नीति व नीयत साफ होती है तो निवेशक सुरक्षित वातावरण में निवेश का इच्छुक होता है। योगी ने बताया कि सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट, एलजी, पेप्सिको, नायरा एनर्जी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा, हिंदुस्तान यूनीलीवर, हायर, आइकिया समेत 14 फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियां उप्र. में सफलतापूर्वक बिजनेस बढ़ाने का कार्य कर रही हैं।

केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सात-आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश का चित्र बदला, यहां की दिशा और दशा भी बदली। आज सामाजिक न्याय दिवस है। यह तब तक अधूरी है, जब तक समाज के हर वर्ग व व्यक्ति तक विकास न पहुंचे। योगी आदित्यनाथ ने इन सात-आठ वर्षों में उप्र. का कायाकल्प किया है, लेकिन यह एक वर्ष उपलब्धियों भरा रहा है। यह उप्र. के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व उत्तर प्रदेश और लखनऊ के बारे में बातचीत कर रहा है। उप्र. अब रुकने और थमने वाला नहीं है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश-निवेश प्रदेश के तहत मेन हैंगर में आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव ''यूपी-इमर्जिंग डेस्टिनेशन फॉर फॉरेन इनवेस्टमेंट इन इंडिया'' को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी निवेशक जब निवेश करने का निर्णय लेता है तो उसके सामने सबसे बड़ी शर्त होती है विश्वास। निवेशक तभी आता है जब उसे नेतृत्व, व्यवस्था और भविष्य पर विश्वास हो। जब यह तीनों विश्वास निवेशक को मिलते हैं तो वह प्रदेश में आने को तैयार होता है।

### इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी से पब्लिक फ्रेंडली हो निवेश

**लखनऊ,अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम प्रदेश में जैसे इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी लेकर आते हैं, वैसे ही इन्वेस्टर्स को भी अपने निवेश को पब्लिक फ्रेंडली बनाना पड़ेगा। उन्होंने प्रदेश से पूरे उत्तर भारत के बाजार का जिक्र करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक बसों का बड़ा बाजार इंतजार कर रहा है। स्कूली बसों के साथ गांवों को शहरों से जोड़ने में इलेक्ट्रिक बसें सस्ती और लोकप्रिय बन सकती हैं। अशोक लीलेंड की इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री के भूमिपूजन कार्यक्रम में सरोजनी नगर स्थित स्कूटर इंडिया परिसर में हिस्सा लेने मंगलवार को दोपहर में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हिंदुजा ग्रुप की तरफ से डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की चाभी और मोमेंटो प्रदान किया गया। इस दौरान योगी ने प्लांट में इलेक्ट्रिक बसों का अवलोकन भी किया और उनके फीचर्स के बारे में भी जानकारी ली। हिंदुजा ग्रुप के अधिकारियों ने उन्हें ई व्हीकल्स की विशेषताओं से परिचित कराया।

### लखनऊ को बनाएंगे एआई सिटी का प्रमुख केंद्र

**लखनऊ,अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ को एआई सिटी का प्रमुख केंद्र बनाने पर सरकार काम कर रही है। यह केंद्र एयरपोर्ट के पास खुलेगा। इसमें आईआईएम लखनऊ के युवा भागीदार बनेंगे। जबकि गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा में भी एआई केंद्र खुलेगा। इसके जरिये प्रदेश के लाखों नौजवानों को उनके घर और जनपद में नौकरी मिलेगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आईजीपी में आयोजित डेस्टिनेशन यूपी-इमर्जिंग हब फॉर एआई इन इंडिया कॉन्क्लेव में कहीं। जीबीसी-4 में भारी संख्या में आए आईआईएम के छात्र-छात्राओं से मुख्यमंत्री योगी ने मेहमानों से लखनऊ में एयरपोर्ट के पास एआई सिटी और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा को एआई केंद्र स्थापित करने और गौतमबुद्धनगर में भी केंद्र स्थापित करने की दिशा में भरपूर सहयोग देने की अपेक्षा की। कहा कि प्रदेश डाटा सेंटर का हब बनने जा रहा है।

# कांग्रेस की सरकार बनी तो पूरे देश में होगी जातीय जनगणना: राहुल गांधी



भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर लखनऊ पहुंचे राहुल गांधी, घंटाघर के पास राहुल ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● किसानों के लिए कानूनी तौर पर लागू होगा न्यूनतम समर्थन मूल्य

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो पूरे देश में जातीय जनगणना कराई जाएगी। किसानों के लिए कानूनी तौर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पुलिस भर्ती पर्चा लीक प्रकरण में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राहुल गांधी मंगलवार को राजधानी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान चौक के घंटाघर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है। पर यह देश नफरत से नहीं, मोहब्बत से चलेगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उद्देश्य का जिक्र करते हुए कहा कि इसके जरिये कांग्रेस लोगों को सामाजिक व आर्थिक न्याय दिलाना चाह रही है।

देश के 50 प्रतिशत पिछड़े, 20 प्रतिशत दलित, अल्पसंख्यक व आदिवासियों के लिए मोदी के हिंदुस्तान में कोई जगह नहीं है। पर कांग्रेस देश के युवाओं, वंचितों, किसानों और जन-जन के अधिकारों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी संचार विभाग जयराम रमेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, आराधना मिश्रा मोना, राजेश तिवारी, अजय कुमार 'लल्लू', राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत आदि नेता शामिल हुए।

# यूपी बोर्ड परीक्षा: मिशन कदाचार के खिलाफ क्यूआरटी मुस्तैद, होगी जेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण परीक्षा कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रूख अपनाया है। इसबार सोशल मीडिया खासकर वाट्सएप, एक्स, फेसबुक, टेलीग्राम के साथ-साथ ऑनलाइन वेब पोर्टल/साइट पर 24x7 निगरानी रखने के लिए बोर्ड द्वारा क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) की व्यवस्था की गयी है। दण्डनीय संज्ञेय और गैर जमानती अपराध की धाराओं में कार्रवाई होगी। उत्तरपुस्तिकाओं पर पहली बार क्यूर कोड क्रमांक अंकित रहेगा। कक्ष निरीक्षकों के प्रवेश पत्र को भी क्यूआर कोड के दायरे में लाया गया है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 22 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा में कुल 55,25,308 परीक्षार्थी सम्मिलित होने जा रहे हैं। इसमें हाईस्कूल में 29,47,311 एवं इंटरमीडिएट में 25,77997 परीक्षार्थी हैं। सोशल मीडिया व अन्य किसी माध्यम से प्रश्नपत्र या उसके किसी भाग या उसके हल को संचारित करने का प्रयास किया जाता है तो ऐसा कृत्य उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-1998 की धारा 4/10 अन्तर्गत दण्डनीय संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध है। परीक्षा के लिहाजा से प्रयागराज, अलीगढ़, मथुरा, कौशाम्बी, आगरा, बलिया, मैनपुरी, बागपत, मऊ, हरदोई, आजमगढ़, चंदौली, देवरिया, गाजीपुर, गोड़ा, एटा जिलों को अतिसंवदेनशील जिला माना गया है। यहां बोर्ड के अफसरों की खास निगाह रहेगी। कंट्रोल से लगातार इन जिलों के परीक्षा पर निगहबानी की जाएगी।

### पूरे प्रदेश में कुल 8266 परीक्षा केंद्र

बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने हाईस्कूल एवं इंटर परीक्षा की तैयारी की सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च तक संचालित होगी। कुल 16 दिवसों में होने वाली परीक्षा में कुल 55 लाख से अधिक बालक बालिकाएं सम्मिलित होंगे। इसमें हाईस्कूल में 15,,71,184 बालक एवं 13,76,127 बालिकाएं हैं। इंटर में 14,28,323 बालक एवं 11,49,674 बालिकाएं हैं। पूरे प्रदेश में कुल 8266 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### कक्ष निरीक्षकों को क्यूआर कोड परिचय पत्र

यूपी बोर्ड ने 3,11,453 कक्ष निरीक्षकों को पहली बार एक सुरक्षित क्यूआर कोड एवं क्रमांक युक्त कंप्यूटराइज्ड परिचय पत्र दिया है। बोर्ड सचिव ने बताया कि इस व्यवस्था से कक्ष निरीक्षकों की डयूटी लगाने में आसानी होगी। साथ ही परीक्षा व्यवस्था और भी सुदृढ़ व पारदर्शी होगी।

# ड्यूटी में लापरवाही पर छह पुलिसकर्मियों को चार वर्ष की कैद

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** सजा भुगत रहे अपराधी को तिहाड़ जेल से लखनऊ पेशी के दौरान फ़रार करने के आरोपी दिल्ली पुलिस के एएसआई धर्मवीर सिंह, हेड कांस्टेबल महेंद्र पाल सिंह, सिपाही जोगेंद्र सिंह, शिवकुमार, रवि कुमार एवं रोशन लाल को भ्रष्टाचार निवारण की विशेष न्यायाधीश शालिनी सागर ने चार-चार साल की क़ैद और पचास-पचास हज़ार रुपये के जुर्माने से की सजा सुनाई है।

सरकारी वकील सुनील यादव ने बताया कि मामले की रिपोर्ट एएसआई धर्मवीर सिंह ने 27 जून 2013 को जीआरपी थाने में दर्ज कराई थी कि तिहाड़ जेल में बंद आरोपी सौरव शर्मा को लखनऊ के कोर्ट में पेशी के लिए 26 जून को लाया गया था। पेशी के बाद पुलिस टीम आरोपी को दिल्ली ले जाने के लिए चारबाग छोटी लाइन के वेटिंग रूम में आ गई। कहा गया कि वहां आरोपी सौरव शर्मा से मिलने के लिए उसकी कथित मां और दो लड़के आए और सभी को खाना खिलवाया।

# प्रदेश के 12 शहीद सैनिकों के आश्रितों को नियुक्ति का आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 12 शहीद सैनिकों के आश्रितों को विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार शहीद जवानों के परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है।

यह जानकारी देते हुए मंगलवार को एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के इन वीर सैनिकों ने आतंकवादी घटनाओं में कर्तव्यपालन करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। जनपद कानपुर देहात के शहीद सिपाही रोहित कुमार यादव की पत्नी वैष्णवी यादव, जनपद प्रयागराज के शहीद जवान नन्दलाल यादव की पत्नी पूजा यादव, जनपद उन्नाव के शहीद जवान श्याम सिंह यादव की पत्नी विनीता यादव, जनपद देवरिया के शहीद जवान संतोष यादव की पत्नी धर्मशीला देवी, जनपद कौशाम्बी के शहीद जवान नरेश कुमार मिश्रा की पत्नी प्रियंका मिश्रा तथा जनपद कौशाम्बी के शहीद जवान अजीत कुमार शुक्ला की पत्नी प्राची शुक्ला को शासकीय सेवा में योजित करने के लिए नियुक्ति आदेश निर्गत किए गए हैं। प्रवक्ता के अनुसार जनपद अम्बेडकरनगर के शहीद जवान भगवान सिंह की पुत्री स्मृति सिंह, जनपद मुजफ्फरनगर के शहीद जवान लोकेश कुमार की पत्नी काजल राठी, जनपद अलीगढ़ के शहीद जवान जसवीर की पत्नी श्रीमती सीमा यादव, जनपद ललितपुर के शहीद जवान चरन सिंह की पत्नी संध्या चन्देल और जनपद हाथरस के शहीद जवान सूरज पाल की पत्नी ज्योति शर्मा आदि को सरकारी सेवा में तैनात किये जाने हेतु नियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं।

# शराब पीकर नशे में नाच रहा यूपी का भविष्य : राहुल

● रायबरेली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दिया विवादित बयान

**रायबरेली, अमृत विचार:** राहुल गांधी अक्सर अपने बयानों को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। आज एक बार फिर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपने ही बयान के चलते विवादों में घिरे नजर आ रहे हैं। रायबरेली में मंगलवार को सुपर मार्केट में सभा के दौरान उन्होंने डबल इंजन की सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मैं वाराणसी पहुंचा तो वहां पर देखा कि रात को बाजा बज रहा। वहां पर शराब पिये यूपी का भविष्य रात को नाच रहा, डांस कर रहा है। वहीं राममंदिर खुलता है। राम मंदिर में नरेंद्र मोदी, अंबानी, अडानी समेत कई अरबपति दिखेंगे। वहां पर पिछड़ा, दलित, आदिवासी नहीं दिखेगा, क्योंकि आपकी जगह सड़कों पर भीख मांगने की है। आपका काम हिंदुस्तान में सड़क पर जाकर ऐसे पोस्टर दिखाने का है। उनका काम पैसा गिनने का है। आप के बच्चे जीएसटी देते हैं। आपको अपने हक के लिए जातीय जनगणना के लिए आगे आना होगा।

# खुशी है कि जयराम रमेश ने मेरी चुनौती स्वीकार कर ली :स्मृति

**अमेठी, एजेंसी :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें खुशी है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उनकी चुनौती स्वीकार कर ली है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, अखिलेश यादव व मायावती के बिना अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं।



ईरानी ने यहां संवाददाताओं से कहा क कि मैं चाहूंगी कि सीईसी (कांग्रेस चुनाव समिति) आज ही मेरे संबोधन के बाद जयराम रमेश द्वारा दिए गए प्रस्ताव को जारी करें। उन्होंने कहा, कि भारतीय जनता पार्टी की एक सामान्य कार्यकर्ता होने के नाते मैं उनकी चुनौती का स्वागत करती हूं। क्योंकि जयराम रमेश ने कहा है कि राहुल गांधी मेरी चुनौती स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। ईरानी ने कहा किआज हम सभी और अमेठी के कार्यकर्ता बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे कि राहुल गांधी सीईसी के माध्यम से ये घोषणा करेंगे क्योंकि ये निर्देश जयराम रमेश ने दिया है। अमेठी के दौरे के दूसरे दिन केन्द्रीय मंत्री ने दलशाहपुर, लोहरता और नरैनी सहित विभिन्न गांवों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों से बातचीत की।

उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया। लोहरता गांव में एक बुजुर्ग और अन्य ग्रामीणों ने स्मृति ईरानी को बताया कि वह आजादी के बाद से गांव का दौरा करने वाली पहली सांसद हैं। इस पर ईरानी ने कहा कि दादा जी, आपकी बेटी आई है और आती रहेगी। ईरानी ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट से राहुल गांधी को हराया था।

# दिसंबर तक पूरा तैयार हो जायेगा राम मंदिर

अयोध्या कार्यालय



● मंदिर निर्माण समिति की बैठक निर्माण कार्यों को पूरा करने की समय सीमा तय

**अमृत विचार :** राममंदिर दिसंबर-2024 तक पूरा बनकर तैयार हो जाएगा। मंदिर और परकोटे के निर्माण संबंधित समस्त कार्य पूरे कर लिए जाएगा। परकोटे के निर्माण का कार्य को प्रारंभ करने में अभी चार दिन और लगेंगे। प्रथम तल पर लगाए की खम्भों में भी मूर्तियों को उकेरे जाने का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। वहीं यात्री सुविधा केंद्र और परिसर में फैले सड़कों के जाल को भी जून तक पूरा कर लिया जाएगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में मंगलवार को पहले दिन निर्माण कार्यों में गति देने पर मंथन किया गया। समीक्षा बैठक में राम मंदिर के सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक से पहले मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दर्शन के लिए कई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। बैठक में अलग-अलग कार्यों को क्रम के अनुसार आगे बढ़ाने और समय से पूरा करने के लिए समय सीमा तय की गई है। डॉ. मिश्र ने बताया कि बैठक में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय समेत कार्यदाई संस्था के इंजीनियर भी मौजूद रहे।

राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालु को जन्मभूमि पथ से ही रामलला को भी देख सकेंगे। इसके लिए ट्रस्ट की ओर से जन्मभूमि पथ पर सुग्रीव किला से लेकर सुरक्षा प्वॉइंट तक और यात्री सुविधा केंद्र में एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया मंगलवार की बैठक में इसको लेकर मंथन किया गया। जल्दी ही सात स्थान पर एलईडी लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही राम जन्मभूमि परिसर में आने वाली श्रद्धालुओं की सुविधाओं को भी बढ़ाये जाने का कार्य शुरू कर दिया गया। राम जन्मभूमि मंदिर तक जाने के लिए सुग्रीव क्लासिक मंदिर तक जूट के कारपेट बिछाये जा रहे हैं। जगह-जगह पर पानी की समुचित व्यवस्था भी की जा रही है। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 121 स्थानों पर पानी की टोटियां लगाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि राम जन्मभूमि दर्शन मार्ग पर भक्तों के लिए सुविधाएं बढ़ाने पर चर्चा हुई है।

## वर्ग पहेली-349

**बाएं से दाएं**

1. 1. बैठने की एक प्रकार की चार पाए वाली लंबी चौकी 2. संसद भवन में दल विशेष के सदस्यों के बैठने का स्थान 3. पत्थर आदि का बना हुआ पाश्चात्य ढंग का आसन 4. सरकारी न्यायालय के न्यायकर्ता।

3. 1. कोई चीज़ तोड़ने में किसी को प्रवृत्त करना, तुड़ाना 2. बड़े सिक्के को उतने ही मूल्य के छोटे-छोटे सिक्कों में बदलवाना।

5. 1. चांद्रमास के कृष्ण या शुक्ल पक्ष की छठवीं तिथि 2. बच्चे के जन्म के छठे दिन होने वाला उत्सव या ऊबना

6. वह स्थान जहां अपराधियों को सजा की अवधि समाप्त होने तक रखा जाता है, बंदीगृह, जेलख़ाना, कारागार।

7. 1. पत्थर तराशने की छेनी, नक्काशी करने वालों का एक औज़ार 2. छोटा टकुआ।

8. 1. वनौषधि, बूटी 2. वह औषधि जिसकी जड़ दवा के काम लाई जाए।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. 'घड़-घड़' आवाज़ होने का भाव 2. गाड़ी चलने का स्वर

4. 1. पुराने समय में प्रचलित एक प्रकार का बाण जो बांस की नली में रखकर चलाया जाता था, तुफंग 2. भाला 3. कमल-दल, कमल-नाल 4. कमंडल।

5. छली, कपटी, छल करने वाला।



### वर्ग पहेली - 348 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | प | ना | 2 श | क | |
| प | | | व | | 3 नो |
| शो | | 4 ओ | दा | र | ना |
| ध | | | ह | | |
| न | | | गृ | | 5 ती |
| | | 6 स | ह | चा | र |
| 7 के | था | | | | थ |

## सुडोकू-66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 9 | | | 7 | | |
| | | 8 | | | | | | 9 |
| | 7 | | 4 | | 2 | | 6 | |
| | 9 | | | | 8 | | 4 | |
| | | 2 | 7 | | | 8 | | |
| | 8 | | 5 | | | | 3 | |
| | 1 | | | 3 | 5 | | 7 | |
| 7 | | | | | | 1 | | 5 |
| | | 6 | | | 4 | | | 3 |

### सुडोकू - 65 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 8 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 | 4 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 11.27 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 14.18 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष:** आज किसी परिजन को लेकर परेशानी हो सकती है। खान-पान में सावधानी रखनी चाहिए। अपने विचारों को लेकर किसी पर दबाव न बनायें। अधूरे काम समय पर पूरे होने के योग बन रहे हैं। कारोबार को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं।

**वृष:** आज अपने विचारों और सिद्धांतों से लोगों को काफी प्रभावित करेंगे। डिजिटल मार्केटिंग के करियर से जुड़े लोगों को अच्छे प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। नई संपत्ति खरीद रहे हैं तो आपको बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है।

**मिथुन:** आज वरिष्ठ अधिकारी आपके अनुकूल नहीं है। कोर्ट-कचहरी के विवाद बढ़ सकते हैं। आप महंगे आभूषणों के शौकीन हो सकते हैं। आपकी जीवनशैली में धीरे-धीरे बदलाव होगा। परिजनों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

**कर्क:** आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। व्यापार में आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। जीवनसाथी से आपको काफी अच्छी सलाह मिल सकती है। बड़ी परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं।

**सिंह:** आज आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने से आपको परेशानी होगी। मन में अज्ञात भय का भाव रहेगा। दूसरों की बातों को ज्यादा महत्व न दें। लवमेट्स को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। नए अनुबंध करने के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**कन्या:** आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह लेने से आपको लाभ मिलेगा। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। जॉब के बढ़ियां प्रपोजल आपको मिल सकते है। पारिवारिक रिश्तों में अच्छा सामंजस्य रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला:** आज रुके हुए काम आपके बनने के योग बन रहे हैं। दोस्त आपकी काफी मदद करेंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा चल सकती है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। अपनी व्यक्तिगत बातों को सार्वजनिक न होने दें।

**वृश्चिक:** आज किसी पुराने लोन की किश्त भरने में धन खर्च कर सकते हैं। अधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। विदेश यात्रा को लेकर दिन काफी अच्छा है। विद्यार्थी पढ़ाई में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। किसी भी काम को जल्दबाजी में न करें।

**धनु:** आज यात्राओं में समय और धन बर्बाद होगा। आप लोगों की मदद करेंगे आपको उसके लिए सम्मान नहीं मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। आपका मूड अचानक से बदल सकता है। इसलिए आज बड़े निर्णय लेना उचित नहीं है।

**मकर:** आज सरकारी विभाग में कार्यरत लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आप काफी व्यस्त रहने वाले हैं। जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होसकती है।

**कुंभ:** आज व्यापार में ग्राहक बढ़ने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण कर सकते हैं। परिवार के लिए आप समय निकालेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता बढ़ेगी।

**मीन:** आज पूजा-पाठ और धार्मिक विषयों की तरफ आप काफी आकर्षित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कुछ अनबन हो सकती है। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। मन में प्रसन्नता का अनुभव होगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

## आज की फिल्में

भीष्मा
सुबह : 10.00

दानवीर
रात : 07.00

पटेल की पंजाबी शादी
सुबह : 10.57

सत्यमेव जयते 2
रात : 10.01

ब्राइटबर्न
सुबह : 11.24

रैमपेज
रात : 08.45

बुलंदी
सुबह : 10.30

आचार्य
रात : 07.30

द बॉडी
दोपहर : 01.51

तनु वेड्स मनु
रात : 09.33

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- पानी मे रहने वाले 5 जीवों का नाम बताओ ?
सोनू -मेंढक
टीचर-वाह, बाकी चार भी बताओ
सोनू - उसकी मां, उसका बाप, उसकी बहन और उसका भाई।

भिखारी- भगवान के नाम पर कुछ दे दो।
लड़की-कुछ नहीं है बाबा, माफ करो
भिखारी- कुछ नहीं तो अपना मोबाइल नंबर ही दे दो,
बाबा दुआ भी करेगा और मैसेज भी।

# नीदरलैंड पर दबदबा बरकरार रखने को उतरेगा भारत

## एफआईएच प्रो लीग: पांच में दो मुकाबले जीते, नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर अंक किए हासिल

**राउरकेला, एजेंसी**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के अगले चरण में नीदरलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ इस टीम पर अपना दबदबा बनाए रखने पर होंगी। प्रो लीग में भारत ने अब तक प्रभावी प्रदर्शन किया है। ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने पांच में से अपने दो मुकाबले नियमित समय में जीते जबकि नीदरलैंड और स्पेन को शूट आउट में हराकर बहुमूल्य बोनस अंक भी हासिल किए।

टीम ने एकमात्र मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गंवाया है लेकिन उसमें भी भारतीय टीम जीत दर्ज करने की स्थिति में थी। भारत अभी पांच मैच में 10 अंक के साथ प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर चल रहा है। नीदरलैंड नौ मैच में 18 अंक के साथ शीर्ष पर है। अर्जेन्टीना के आठ मैच में 13 जबकि ऑस्ट्रेलिया के चार मैच में 12 अंक हैं। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत को हालांकि दुनिया की 12वें नंबर की टीम आयरलैंड और आठवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ पिछले दो मुकाबलों में जूझना पड़ा था। आयरलैंड के खिलाफ भारत ने गुरजंत सिंह के अंतिम मिनट में दागे गोल की बदौलत 1-0 से जीत दर्ज की और फिर मैराथन शूट आउट में स्पेन को 8-7 से हराया। भारत और स्पेन 60 मिनट के नियमित समय के बाद 2-2 से बराबर थे। भारत को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में जीत दर्ज करके तीन अंक जुटाने हैं तो अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। पिछले तीन मुकाबले में प्रदर्शन भले ही उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा हो लेकिन उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि दुनिया की नंबर एक टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले टीम का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। भुवनेश्वर में 11 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद भारत ने शूट आउट में 4-2 से जीत दर्ज की थी। मिडफील्डर हार्दिक ने कहा, पहले हाफ में हमारा प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा लेकिन दूसरे हाफ में हमने जोरदार वापसी की और खेल को शूटआउट में खींचा। हम तब से अपनी संभावनाओं के बारे में आश्वस्त थे, विशेषकर यह देखते हुए कि हमारे पास अच्छे गोलकीपर हैं।

# हुसैन ने डकेट से कहा, बैजबॉल से नहीं जायसवाल ने कड़ी मेहनत से सीखा

**लंदन, एजेंसी**




पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने राजकोट टेस्ट के यशस्वी जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी को इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति से प्रभावित बताने वाले बेन डकेट की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मेहमान टीम को इस बल्लेबाज से सीख लेने की जरूरत है। राजकोट में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद डकेट ने जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी की प्रशंसा की और कहा कि टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी करने के लिए प्रेरित करने का श्रेय इंग्लैंड की वर्तमान टीम को जाता है। इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी करने की 'बैजबॉल' रणनीति इस मैच में नहीं चल पाई और उसे 434 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। हुसैन ने डकेट की टिप्पणी पर कहा कि जायसवाल को लेकर डकेट की टिप्पणी की उसने हमसे सीखा, मैं उसके बारे में बात करने जा रहा हूं। उसने (जायसवाल) आपसे नहीं सीखा है बल्कि उसने अपनी परवरिश और कड़ी मेहनत से सीखा है। उसने आईपीएल से सीखा है। हुसैन ने पूर्व कप्तान माइकल एथरटन के साथ चर्चा के दौरान कहा कि अगर कुछ भी हो मैं उसे देखकर सीख लूंगा। हुसैन ने रांची में होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को आत्ममंथन करने की सलाह भी दी। वे सार्वजनिक या ड्रेसिंग रूम में जो कुछ कह रहे हों, उन्हें असल में अपने अंदर झांकने की जरूरत है।

## खेल डायरी

### स्पेन को हराकर भारतीय महिला टीम विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में

**बुसान, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में स्पेन के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 3-2 की जीत के साथ नॉकआउट चरण में जगह पक्की की। कागजों पर मजबूत भारतीय टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिली। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा के शुरुआती दोनों मैचों में हारने के बाद अयहिका मुखर्जी ने जीत के साथ भारत की मुकाबले में वापसी कराई। श्रीजा और मनिका चौथे और पांचवें मैच को जीतने में सफल रहे। भारत चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप एक में शीर्ष स्थान पर रहा। भारत को ग्रुप चरण में इकलौती हार चीन से मिली। चीन के खिलाफ अयहिका और श्रीजा ने विश्व की नंबर एक और नंबर दो खिलाड़ी क्रमश: सुन यिंघसा और वांग यिदि को हराया था। इस स्पर्धा में 40 टीमों में से भारत नॉकआउट में जगह बनाने वाली 32 टीमों में शामिल है।

### 'लेन उल्लंघन' से गुलवीर ने गंवाया स्वर्ण पदक

**तेहरान, एजेंसी।** भारत के गुलवीर सिंह ने एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक गंवा दिया, क्योंकि उन्हें 'लेन उल्लंघन' से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। गुलवीर ने सोमवार को 3000 मीटर के फाइनल में 8 मिनट 07.48 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान पाया था। यह स्पर्धा ओलंपिक में शामिल नहीं है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने देर रात इसके खिलाफ अपील दायर की लेकिन उसे भी नामंजूर कर दिया गया। टीम के साथ गए एक कोच ने कहा, हां, यह फैसला सुनाया गया कि गुलवीर ने लेन का उल्लंघन किया था। एएफआई ने विरोध भी दर्ज कराया लेकिन उसे नामंजूर कर दिया गया।

### ला लीगा में एथलेटिक्स बिलबाओ से हारा गिरोना

**मैड्रिड, एजेंसी।** दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना ने एथलेटिक्स बिलबाओ के खिलाफ 2-3 की शिकस्त के साथ स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की बढ़त को कम करने का मौका गंवा दिया। गिरोना के पास रीयाल मैड्रिड की बढ़त को तीन अंक तक सीमित करने का मौका था लेकिन एलेक्स बेरेनगुएर ने दो और इनाकी विलियम्स ने एक गोल दागकर बिलबाओ की जीत सुनिश्चित की। गिरोना की ओर से विक्टर सेहानकोव और एरिक गार्सिया ने गोल किए। गिरोना की हार से ला लीगा के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड की छह अंक की बढ़त बरकरार है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे गिरोना के इतने ही मैच में 56 अंक हैं।

### सिंगापुर के भारतीय मूल के 8 साल के लड़के ने पोलैंड के ग्रैंडमास्टर को हराया, बनाया रिकॉर्ड



**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय मूल के सिंगापुर के आठ साल के अश्वथ कौशिक रविवार को स्विट्जरलैंड में बर्गडोर्फर स्टेडथॉस ओपन टूर्नामेंट में पोलैंड के शतरंज ग्रैंडमास्टर जासेक स्टोपा को हराकर क्लासिकल शतरंज में किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार सिंगापुर का प्रतिनिधित्व कर रहे अश्वथ ने 37 साल के स्टोपा को हराया। पिछला रिकॉर्ड कुछ ही हफ्ते पहले बना था जब सर्बिया के लियोनिड इवानोविच ने बेलग्रेड ओपन में बुल्गारिया के 60 साल के ग्रैंडमास्टर मिल्को पोपचेव को हराया था। इवानोविच की उम्र अश्वथ से कुछ महीने अधिक है। फिडे विश्व रैंकिंग में दुनिया के 37,338वें नंबर के खिलाड़ी अश्वथ 2017 में सिंगापुर आ गए थे। उन्होंने कहा, मुझे अपने खेल पर और मैंने जैसा प्रदर्शन किया उस पर गर्व है, विशेषकर तब जब मैं एक समय बहुत खराब स्थिति में था लेकिन वहां से वापसी करने में कामयाब रहा। सिंगापुर के ग्रैंडमास्टर और सिंगापुर शतरंज महासंघ के सीईओ केविन गोह ने अश्वथ की उपलब्धि की सराहना करते हुए 'एक्स' पर लिखा, उसके पिता ने काफी समर्थन किया, लड़का समर्पित है, स्कूल ने लचीलापन दिखाया और निश्चित रूप से उसमें नैसर्गिक प्रतिभा है। उन्होंने लिखा, यह देखना बाकी है कि वह कितनी दूर तक जा सकता है क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ लड़के की रुचि बदल सकती हैं। फिर भी हम आशांवित हैं।

# भारत के खिलाफ गेंदबाजी करने पर विचार कर रहे हैं स्टोक्स

## दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान को विचार करने पर किया विवश

**राजकोट, एजेंसी**



भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैच में शिकस्त ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को गेंदबाजी में वापसी पर विचार करने को मजबूर कर दिया है और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया है कि यह एक अच्छा संकेत है लेकिन वे नहीं चाहते कि यह ऑलराउंडर अनावश्यक रूप से जल्दबाजी करे। अब भी घुटने की सर्जरी से उबर रहे स्टोक्स ने पिछले साल जून में दूसरे एशेज टेस्ट के बाद से गेंदबाजी नहीं की है।

मैकुलम ने कहा कि यह अच्छा है कि वह उस स्थिति में पहुंच रहा है जहां उसे लगता है कि वह गेंदबाजी कर सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन बेन चतुर है, वह काफी चतुर है। वह तब तक गेंदबाजी नहीं करेगा जब तक उसे नहीं लगता कि वह वैध रूप से गेंदबाजी करने में सक्षम है। समस्या तब होगी जब वह गेंदबाजी स्पेल शुरू करेगा और फिर उसे खत्म नहीं कर पाएगा। इसलिए हम देखेंगे कि क्या होता है। मैकुलम ने कहा, हमें देखना होगा कि खतरा कहां है और उसे इससे दूर करने की कोशिश करनी होगी, लेकिन यह एक अच्छा संकेत है। राजकोट टेस्ट से पहले स्टोक्स ने कहा था कि उन्होंने अपने फिजियोथेरेपिस्ट से वादा किया था कि वह मौजूदा शृंखला में गेंदबाजी नहीं करेंगे। लेकिन रविवार को तीसरे टेस्ट में 434 रन की हार के बाद जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी ऑलराउंडर की भूमिका दोबारा निभाएंगे तो स्टोक्स ने कहा, मैं हां नहीं कह रहा हूं, मैं ना भी नहीं कह रहा हूं। मैं ज्यादातर चीजों के बारे में हमेशा आशावादी रहता हूं। मेडिकल टीम के साथ विस्तृत बातचीत होगी कि मुझ पर काम का कितना बोझ है, जिससे कि मुझे कोई बड़ा खतरा नहीं हो। राजकोट टेस्ट के दौरान स्टोक्स ने शत प्रतिशत क्षमता से ट्रेनिंग की थी और स्वीकार किया था कि उन्हें काफी अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं अभ्यास के एक दिन शत प्रतिशत क्षमता के साथ गेंदबाजी करने में सफल रहा, जिससे मुझे अच्छा महसूस हुआ। मुझे लगा कि मैं मैच में गेंदबाजी कर सकता था लेकिन यह बेवकूफी होती। शृंखला का पहला मैच 28 रन से जीतने के बाद इंग्लैंड को विशाखापत्तनम में 106 रन से हार मिली, जिसके बाद राजकोट में सबसे करारी हार झेलनी पड़ी और शृंखला में 1-2 से पिछड़ गई। अगर यह ऑलराउंडर दोबारा गेंदबाजी करना शुरू कर दे तो इंग्लैंड की टीम को काफी फायदा होगा।

### अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए: बेन

**रांची।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसे हटाया जाना चाहिए। स्टोक्स ने कहा कि मेरी निजी राय यह है कि अगर गेंद स्टंप्स से टकरा रही है, तो मैं पूरी ईमानदारी से कहूं तो अंपायर कॉल को हटा देना चाहिए, लेकिन मैं इसमें ज्यादा नहीं पड़ना चाहता, क्योंकि तब यह ऐसा लगेगा कि हम इसलिए बिलबिला रहे है कि हम हारे हैं, इसीलिए हम केवल मन मसोसकर रह गए हैं। सोशल मीडिया पर नाराजगी व्यक्त करने के बाद स्टोक्स ने राजकोट टेस्ट के अंत में डीआरएस पर स्पष्ट किया कि इंग्लैंड की हार का कारण उनकी तकनीक नहीं थी। अंपायर्स कॉल पर पहले भी कई खिलाड़ियों ने असंतोष व्यक्त किया है। 2021 में इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय कप्तान विराट कोहली ने भी अंपायर्स कॉल को लेकर नाराजगी जताई थी और अपनी टीम के खिलाफ ऑंपयर द्वारा लिए फैसले को गलत ठहराया था। उस समय भी इस तकनीक को लेकर गर्मागरम बहस छिड़ी थी।

# रूट को नैसर्गिक तरीके से खेलना चाहिए: चैपल

**मेलबर्न, एजेंसी**




ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने खराब फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट से 'बैजबॉल (टेस्ट में बेहद आक्रामक होकर बल्लेबाजी की रणनीति)' तरीके को छोड़कर अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी।

सीनियर बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट शृंखला में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पिछली छह पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर 29 रन रहा है। वह इस दौरान ज्यादातर मौके पर आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में आउट हुए। ब्रैंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड 'बैजबॉज' अंदाज में टेस्ट खेल रहा है और रूट को खासकर भारत के मौजूदा दौरे पर इससे सामंजस्य बिठाने में संघर्ष करना पड़ा है।

चैपल ने इंग्लैंड की 'बैजबॉल' को 'बेहद खराब रणनीति' करार देते हुए कहा कि अपने स्वाभाविक खेल से जो रूट का रिकॉर्ड कमाल का रहा है। वह अपने नैसर्गिक खेल से भी अपेक्षाकृत तेजी से रन बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि वह अपने खेल में इतना बदलाव क्यों कर रहा है। मैं कभी भी पहले से निर्धारित कर के शॉट खेलने की वकालत नहीं करूंगा।

### बुमराह की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने पर हुई आलोचना

टेस्ट में 11,000 से ज्यादा रन बनाने वाले जो रूट को तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेलने पर आलोचना का सामना करना पड़ा था। रूट इस प्रयास में स्लिप में कैच दे बैठे। उनके आउट होते ही इंग्लैंड की पारी लड़खड़ा गयी। इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर 224 रन था और टीम ने 95 रन के अंदर अपने आखिरी आठ विकेट गंवा दिये। इंग्लैंड इस मैच को 434 रन से हारा जो 1934 के बाद रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी हार है।

# कड़ी मेहनत करके इस स्तर तक पहुंचा हूं: आशुतोष

**मोहाली, एजेंसी**



आईपीएल की टीम पंजाब किंग्स के नए खिलाड़ी आशुतोष शर्मा ने कहा कि मौका मिलने पर वह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए बल्ले से प्रभावी प्रदर्शन करना चाहते हैं। आशुतोष ने कहा कि उन्होंने इस स्तर तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है और खेल में गलती होने पर पर खुद को घरेलू काम करने की सजा देते हैं। मध्य प्रदेश के लिए प्रथम श्रेणी के चार मैचों में एक शतक लगाने वाले आशुतोष को पंजाब किंग्स ने आईपीएल नीलामी में 20 लाख की बोली के साथ टीम में शामिल किया है। मध्य प्रदेश के रतलाम के आशुतोष को आर्थिक तंगी से निपटने के लिए अंपायरिंग का सहारा लेना पड़ा था। आशुतोष ने कहा कि मैंने जब क्रिकेट में करियर बनाने के लिए घर छोड़ा था तब मेरे पास ज्यादा पैसे नहीं थे। मैं शिविर में जाता था और दोपहर के खाने के लिए अंपायरिंग शुरू कर दिया था। परिवार में कमाई के सीमित संसाधन थे और खुद के बूते सब कुछ करना काफी मुश्किल था।

# आईपीएल 22 मार्च से शुरू करने की योजना: धूमल

**नई दिल्ली, एजेंसी**




इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगामी चरण 22 मार्च से शुरू होगा और लोकसभा चुनावों के बावजूद इसका आयोजन देश में ही होगा। आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने यह जानकारी दी। आम चुनाव के अप्रैल और मई में होने की संभावना है और यही कारण है कि आईपीएल के 17वें सत्र का कार्यक्रम अभी तक जारी नहीं किया गया है।

धूमल ने कहा कि शुरुआत में इस लीग के केवल पहले 15 दिनों के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। बाकी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा आम चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद होगी। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा अगले महीने की शुरुआत में होने की संभावना है। धूमल ने कहा हि हम टूर्नामेंट को 22 मार्च से शुरू करने की योजना बना रहे हैं। हम सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम सबसे पहले शुरुआती कार्यक्रम जारी करेंगे। पूरा टूर्नामेंट भारत में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 2009 में आम चुनावों के दौरान आईपीएल के पूरे सत्र का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था जबकि 2014 में इसके कुछ मैचों का आयोजन यूएई में हुआ था। 2019 के आम चुनावों के दौरान इस लीग का आयोजन देश में ही हुआ था। जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के मद्देनजर आईपीएल के फाइनल का आयोजन 26 मई को हो सकता है। भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस टूर्नामेंट का आगाज एक जून को अमेरिका और कनाडा के मैच के साथ होगा। आमतौर पर आईपीएल का उद्घाटन मैच पिछले साल के विजेता और उपविजेता के बीच होता है।

# बॉलीवुड हलचल

## धनुष की 'रायन' का फर्स्ट लुक रिलीज



मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। सन पिक्चर्स ने धनुष की आने वाली फिल्म रायन का फर्स्ट लुक एक्स पर शेयर किया है। इस फिल्म को धनुष ने ही लिखा और निर्देशित किया है। रायन धनुष के करियर की 50 वीं फिल्म है। फिल्म रायन के पोस्टर में धनुष एप्रन पहने और खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। एक हाथ में उन्होंने पेचकस पकड़ा हुआ है। फिल्म रायन का संगीत ए.आर. रहमान तैयार कर रहे हैं। फिलहाल 'रायन' के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। फिल्म रायन को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज किया जाएगा।

### 'ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और दक्षिण भारतीय अभिनेता राम चरण ने वरुण तेज-मानुषी छिल्लर की फिल्म ऑपरेशन वेलेंटाइन' का ट्रेलर लांच किया। वरुण तेज की एरियल एक्शन फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' को हिंदी और तेलुगु में शूट किया गया है, जहां हिंदी ट्रेलर सलमान खान ने जारी किया. वहीं, तेलुगु ट्रेलर का अनावरण राम चरण ने किया। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' में वरुण तेज और मानुषी छिल्लर एक वायु सेना पायलट और एक रडार अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं।'ऑपरेशन वैलेंटाइन' देश की वायु सेना के नायकों के अदम्य साहस और देश की रक्षा के लिए उनके सामने आने वाली चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है।'ऑपरेशन वैलेंटाइन' सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस, संदीप मुड्डा की रेनेसां पिक्चर्स द्वारा निर्मित और गॉड ब्लेस एंटरटेनमेंट (वकील खान) और नंदकुमार अब्बिनेनी द्वारा सह-निर्मित है।

## शो टाइम में नजर आएंगी श्रिया सरन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रिया सरन वेबसीरीज शो टाइम में अभिनेत्री के किरदार में नजर आएंगी। श्रिया सरन इन दिनों शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। श्रिया सरन ने इस शो में अभिनेत्री का किरदार निभाया है। श्रिया सरन ने बताया कि मैं एक ऐसा किरदार निभाना चाहती थी जो मेरे बेहद करीब हो। शो में मैं एक अभिनेत्री हूं जो एक अभिनेत्री की भूमिका निभाती है। मैं करण से कई बार मिली हूं और वह बहुत प्यारे इंसान हैं। व्यावसायिक रूप से, मेरे लिए, इस प्रोजेक्ट पर धर्मैटिक्स के साथ काम करना एक शानदार अनुभव है। श्रिया सरन ने इमरान हाशमी के साथ वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म आवारापन में काम किया है। श्रिया सरन लंबे अरसे के बाद इमरान हाशमी के साथ शो टाइम में नजर आएगी। श्रिया सरन ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि हमें एक साथ शोटाइम करने का मौका मिला। मैं उनके साथ दोबारा काम करने को लेकर भाग्यशाली हूं। वह एक अद्भुत अभिनेता हैं और कैमरे पर अविश्वसनीय दिखते हैं। मैं शो देखने के लिए उत्सुक हूं। यह एक बहुत ही दिलचस्प किरदार है, इसमें बहुत सारे आर्क हैं, मैं दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती। शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना, की अहम भूमिका है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वेबसीरीज शोटाइम 8 मार्च 2024 को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## शांतनु ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम के अनुभव को किया साझा



**मुंबई।** अभिनेता शांतनु माहेश्वरी ने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में काम करने के अनुभव के बारे में बताया है। संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के प्रदर्शन के दो साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में शांतनु माहेश्वरी ने अफसान की भूमिका निभाई ।शांतनु ने हजारों फैंस और आलोचकों का दिल जीत लिया और उन्हें नीली आंखों वाला लड़का कहा जाने लगा। शांतनु माहेश्वरी ने कहा, ऐसा महसूस नहीं हो रहा है कि 'गंगूबाई काठियावाड़ी' दो साल की हो गई है, ऐसा लग रहा है जैसे कुछ दिन पहले ही मैं संजय सर के साथ शूटिंग कर चूका हूं और सेट पर उनसे सीख रहा था। हर कोई मुझे अफसान का किरदार निभाने के लिए याद करता है ।सेट पर संजय सर जैसे किसी व्यक्ति के साथ रहना और उन्हें अपने सामने अपनी जादू की छड़ी घुमाते हुए देखना बहुत संतुष्टिदायक अनुभव था। मैं सभी कौशलों को हमेशा याद रखूंगा। शांतनु अब नीरज पांडे की फिल्म 'औरों में कहां दम था' के साथ-साथ बंगाली सिनेमा में चलचित्र से डेब्यू करते नजर आएंगे।

### फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को होगा रिलीज



**मुंबई।** अभिनेता संग्राम सिंह पटेल और अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर की आने वाली फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' का ट्रेलर 25 फ़रवरी को अवध गंगा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया जाएगा। फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' की पूरी शूटिंग उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर में सचिन यादव के निर्देशन में की गई है। इस फिल्म में संग्राम सिंह पटेल, प्रतिष्ठा ठाकुर के बॉडी गार्ड के किरदार में नज़र आएंगे। अवध गंगा फिल्म के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' संग्राम सिंह पटेल की होम प्रोडक्शन है। संग्राम सिंह पटेल ने बताया कि फिल्म 'इश्क नचाए बीच बाजार' बेहद खास और अन्य फिल्मों से अलग है। इसकी पटकथा पर हमने बेहद मेहनत की है। हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्म लेकर दर्शकों के पास जाएं, जो दर्शकों का पैसा वसूल करे और उनका मनोरंजन हो। वे और लोगों को फिल्म देखने को प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि भोजपुरी सिनेमा के बदलते दौर में हमारी फिल्म भी बेहद खास है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं०-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### डब्ल्यूटीओ में निवेश पर चीन के प्रस्ताव पर भारत की आपत्ति

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में निवेश सुविधा मामले में प्रस्ताव को आगे बढ़ाने को लेकर चीन जैसे कुछ देशों के प्रयासों का कड़ा विरोध किया है। उसका कहना है कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर का मामला है। यह मुद्दा अबू धाबी में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में उठेगा। चार दिन की यह बैठक 26 फरवरी से शुरू होगी। मंत्रिस्तरीय सम्मेलन डब्ल्यूटीओ में निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। चीन के नेतृत्व वाला 130 देशों का समूह विकास के लिए निवेश सुविधा (आईएफडी) प्रस्ताव को आगे बढ़ा रहा है। समूह इस प्रस्ताव को डब्ल्यूटीओ के समझौते से जुड़े अनुबंध-चार के माध्यम से लाना चाहता है। इसके तहत यह प्रस्ताव केवल हस्ताक्षरकर्ता सदस्यों के लिए बाध्यकारी होगा न कि उन लोगों के लिए जो इसका विरोध कर रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया अपनी नौसेना में युद्धपोतों को करेगा दोगुना

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने देश की नौसेना में युद्धपोतों की संख्या दोगुना से ज्यादा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। ऑस्ट्रेलियी रक्षा मंत्री, उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स और रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने मंगलवार को इस बड़े बदलाव की घोषणा की। योजना के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया अपने युद्धपोतों के बेड़े को वर्तमान 11 से बढ़ाकर 26 तक विस्तारित करेगा। ऑस्ट्रेलिया भविष्य में युद्धपोतों की डिलीवरी में तेजी लाने के लिए अगले दशक में अतिरिक्त 11.1 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (7.2 अरब अमेरिकी डॉलर) खर्च करेगा। मार्ल्स और कॉनरॉय ने कहा कि यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा विस्तार होगा।

### बुजुर्ग की जिंदा जलने से मौत

**हिसार।** रोडवेज बस में बनाये गये रैन बसेरे में सोमवार रात एक बुजुर्ग की संभवत: बीड़ी सुलगाने से गद्दे में लगी आग में जलने से मौत हो गयी। पॉलिक के अनुसार मृतक की शिनाख्त उमरा गांव निवासी प्रेम (60) के रूप में हुई जो दिन में यहां हिसार बस स्टैंड पर ही रहते थे और रात में रैन बसेरे में चले जाते थे। घटना के समय प्रेम बस में अकेले ही थे। इसलिए वास्तव में क्या हुआ, बताना मुश्किल है, पर संभवत: आग प्रेम के बीड़ी सुलगने से लगी। पुलिस के अनुसार आसपास के लोगों ने रैन बसेरा बस से धुआं निकलता देखा तो उन्होंने बस स्टैंड चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस में लगी आग को बुझाया। आग की चपेट में आने से प्रेम बुरी तरह जल गये थे, और उनकी मौत हो गयी थी।

# देश में विकसित डिजिटल कंप्यूटर प्रणाली के साथ तेजस ने उड़ान भरी

## लड़ाकू विमान उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में है सक्षम

नई दिल्ली, एजेंसी



● हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से किया डिजाइन

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा, स्वदेशी रूप से विकसित 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' को हल्के लड़ाकू विमान तेजस में एकीकृत किया गया है जो एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। स्वदेश निर्मित तेजस एकल इंजन वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्र में काम करने में सक्षम है। इसे हवाई रक्षा, समुद्री टोही और हमले की भूमिका निभाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा, तेजस एमके1ए कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में 'डिजिटल फ्लाई-बाय-वायर फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर' (डीएफसीसी) को प्रोटोटाइप एलएसपी-7 में एकीकृत किया गया। 19 फरवरी को सफलतापूर्वक उड़ान का संचालन किया गया। 'तेजस-एमके1ए' संस्करण के लिए डीएफसीसी को वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई), बेंगलुरु द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उड़ान नियंत्रण के सभी महत्वपूर्ण मानक और प्रदर्शन संतोषजनक पाए गए। कहा कि पहली उड़ान का संचालन राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र से संबद्ध विंग कमांडर सिद्धार्थ सिंह केएमजे (सेवानिवृत्त) ने किया।

भारतीय वायुसेना पहले ही 'तेजस एलसीए एमके1' का संचालन शुरू कर चुकी है। विमान के उन्नत संस्करण 'तेजस एमके1ए' में उन्नत मिशन कंप्यूटर और उच्च-प्रदर्शन डिजिटल उड़ान नियंत्रण कंप्यूटर (डीएफसीसी एमके1ए) सहित कई आधुनिक प्रणालियां हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस एमके1ए के लिए इस महत्वपूर्ण प्रणाली के विकास एवं सफल उड़ान परीक्षण में शामिल रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), वायुसेना, एडीए और उद्यमों की की सराहना की। सिंह ने इसे 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। तेजस विमान भारतीय वायुसेना का मुख्य आधार बनने के लिए तैयार है जिसमें शुरुआती संस्करण के लगभग 40 तेजस पहले ही शामिल किए जा चुके हैं।

## बच्चा गोद लेने का अधिकार मौलिक नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि बच्चा गोद लेने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता और इसके इच्छुक माता-पिता के पास यह चुनने का कोई अधिकार नहीं है कि किस बच्चे को गोद लेना है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने उस नियम को बरकरार रखा, जिसके तहत दो या दो से अधिक बच्चों वाले दंपति को केवल विशेष जरूरतों वाले या ऐसे बच्चों को गोद लेने की अनुमति दी जाती है, जिन्हें अधिक लोग गोद लेने के इच्छुक नजर नहीं आते। अदालत ने कहा कि इस प्रक्रिया में बच्चों के कल्याण को तरजीह दी जाती है, और भावी दत्तक माता-पिता (पीएपी) के अधिकारों को इस पर तवज्जो नहीं दी जा सकती।

उच्च न्यायालय ने एक हालिया आदेश में कहा, गोद लेने के अधिकार को अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का दर्जा नहीं दिया जा सकता है और न ही इसे उस स्तर तक बढ़ाया जा सकता है जिससे पीएपी को यह विकल्प मिले कि किसे गोद लेना है। गोद लेने की प्रक्रिया पूरी तरह बच्चों के कल्याण के आधार पर संचालित होती है। न्यायाधीश ने कहा कि गोद लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है और कई निःसंतान दंपति और एक बच्चे वाले माता-पिता हैं, जो सामान्य बच्चे को गोद लेना चाहेंगे, ऐसे में विशेष जरूरतों वाले बच्चे को गोद लेने की संभावना बहुत कम हो जाती है, इसलिए उपरोक्त नियम का उद्देश्य केवल यही है। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि विशेष आवश्यकता वाले अधिक से अधिक बच्चों को गोद लिया जाए।

## सेवानिवृत्ति के पांच माह बाद सुनाया फैसला, सुप्रीम कोर्ट ने की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

● न्यायालय ने कहा - सेवानिवृत्ति के बाद मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य

उच्चतम न्यायालय ने एक आपराधिक मामले में एक पंक्ति का आदेश सुनाने और सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद विस्तृत फैसला जारी करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की आलोचना की है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पांच महीने तक मामले की फाइल अपने पास रखना घोर अनुचित कार्य है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि आदेश का मुख्य अंश 17 अप्रैल, 2017 को सुनाया गया था।

इसमें कहा गया है कि न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख तक तर्क-सहित निर्णय जारी करने के लिए पांच सप्ताह का समय उपलब्ध था। पीठ ने कहा, हालांकि, 250 से अधिक पृष्ठों का विस्तृत निर्णय न्यायाधीश के पद छोड़ने की तारीख से पांच महीने के बाद सामने आया है। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि न्यायाधीश ने पद छोड़ने के बाद भी कारण बताए और निर्णय तैयार किया। पीठ ने कहा, हमारे अनुसार, सेवानिवृत्त होने के पांच महीने बाद तक मामले की फाइल अपने पास रखना न्यायाधीश की ओर से घोर अनुचित कार्य है। इस मामले में जो किया गया है, हम उसे स्वीकार नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति टी. मथिवनन 26 मई, 2017 को सेवानिवृत्त हुए थे और मामले में विस्तृत निर्णय उसी वर्ष 23 अक्टूबर को उपलब्ध कराया गया।

पीठ ने फैसले को रद्द करते हुए कहा, हम ऐसे अनुचित कृत्यों का समर्थन नहीं कर सकते हैं और इसलिए, हमारे विचार में, इस अदालत के लिए एकमात्र विकल्प विवादित फैसले को रद्द करना और मामलों को नये फैसले के लिए उच्च न्यायालय के पास वापस भेजना है। इसमें कहा गया है, यह कहने की जरूरत नहीं है कि हमने विवाद के गुण-दोष पर कोई निर्णय नहीं दिया है और सभी मुद्दों को उच्च न्यायालय द्वारा तय किए जाने के लिए खुला छोड़ दिया गया है।

## मातृभाषा दिवस



कोलकाता में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की पूर्व संध्या पर स्वयंसेवक रंगोली तैयार करते हुए। ● एजेंसी

## भारत ने दिया 10 लाख डॉलर का योगदान

**संयुक्त राष्ट्र।** गरीबी और भूखमरी से निपटने के उद्देश्य से स्थापित किये गये एक कोष में भारत ने 10 लाख अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है। इस कोष को भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका द्वारा स्थापित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने गरीबी और भूखमरी उन्मूलन कोष (आईबीएसए कोष) के लिए योगदान के रूप में संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय (यूएनओएसएससी) के निदेशक दिमा अल-खतीब को 10 लाख अमेरिकी डॉलर का चेक सौंपा। इस अवसर पर कंबोज ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

# श्रीनगर में हुई मौसम की दूसरी बर्फबारी हिमाचल प्रदेश में यातायात बाधित

श्रीनगर, एजेंसी



उत्तरी कश्मीर के तंगमर्ग इलाके में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी सड़क।

● हिमाचल में चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 228 सड़कें अवरुद्ध

जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को कई स्थानों पर मध्यम से भारी बर्फबारी हुई। कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार को सर्दी के मौसम की दूसरी बर्फबारी हुई जबकि घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले 48 घंटों में भारी बर्फबारी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में रविवार से भारी बारिश हो रही थी जिसके बाद आज दिन के शुरुआती हिस्से में मध्यम बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय इलाकों और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों पर भारी बर्फबारी के कारण चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कम से कम 228 सड़कें अवरुद्ध हो गईं। गुलमर्ग, सोनमर्ग, शोपियां, गुरेज, माछिल और घाटी के अन्य पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। बारिश के साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं जिसके परिणामस्वरूप घाटी में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं से टिन की छतें उड़ने के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए हैं। अधिकारी ने कहा कि बारामूला जिले में स्कीइंग रिसॉर्ट गुलमर्ग में पिछले 48 घंटों में लगभग 2.5 फुट ताजा बर्फबारी हुई है।

## गाजा में ऑक्सीजन की कमी से आठ मरीजों की मौत

गाजा, एजेंसी

● फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने दी जानकारी

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर के एक प्रमुख अस्पताल में इजरायल की ओर से किए जा रहे लगातार हमलों के कारण कई दिनों तक बिजली गुल होने और ऑक्सीजन आपूर्ति बाधित होने के कारण आठ मरीजों की मौत हो गई। यह जानकारी फिलिस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने सोमवार को दी।

अल-कैला ने कहा कि इजरायली हमले के कारण नासिर अस्पताल में उपचार करवा रहे अन्य रोगियों के जीवन पर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बिस्तर पर पड़े मरीजों और चिकित्सा कर्मचारियों की रिहाई के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया और दावा किया कि इजरायली सैन्य ट्रकों द्वारा उन्हें अस्पताल से अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले कहा था कि इजरायली बलों ने गुरुवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में नासिर अस्पताल की दक्षिणी दीवार को ध्वस्त करने के बाद उस पर धावा बोल दिया। उधर, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को कहा कि उसने इजरायली सुरक्षा एजेंसी बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में सैकड़ों आतंकवादियों और अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जो अस्पताल में छिपे हुए थे और कुछ चिकित्सा कर्मचारी के रूप में काम कर रहे थे।

## सिखों को मुसलमान समझने की भूल संबंधी पोस्ट पर मांगी माफी

**लंदन।** बर्मिंघम विश्वविद्यालय ने एक विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट को हटाते हुए माफी मांगी है। इस पोस्ट में ऐसा लग रहा था कि सिख विद्यार्थियों को मुसलमान समझने की भूल हुई है। बर्मिंघम मेल की खबर के अनुसार, विश्वविद्यालय द्वारा किये गये पोस्ट में कहा गया था कि इस माह के प्रारंभ में विश्वविद्यालय की सिख सोसाइटी द्वारा आयोजित 20वां 'लंगर ऑन कैंपस' कार्यक्रम इस्लामिक जागरूकता सप्ताह का हिस्सा था। विश्वविद्यालय के इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक पोस्ट में लंगर की तस्वीरें टैग की गयीं और 'डिस्कवर इस्लाम वीक' लिखा गया। सिख प्रेस एसोसिएशन के प्रवक्ता जसवीर सिंह ने कहा, जिन लोगों पर बर्मिंघम विश्वविद्यालय की छवि का जिम्मा है, वे विश्वविद्यालय में समुदायों को लेकर अनभिज्ञ हैं।

## अमेरिका ने भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की

नई दिल्ली, एजेंसी

● पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों का मामला

अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने मंगलवार को कहा, उनका देश एक सिख अलगाववादी की हत्या की कथित साजिश के मामले में भारत से संपर्क बनाए हुए है और इसकी जांच के लिए नयी दिल्ली द्वारा नियुक्त उच्चस्तरीय समिति के निष्कर्षों की प्रतीक्षा है।

विभिन्न भू-राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने लाल सागर में विभिन्न वाणिज्यिक पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमलों के मद्देनजर रणनीतिक जल क्षेत्र में भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना की। अमेरिका ने पिछले साल दिसंबर में दावा किया था कि उसने अमेरिकी धरती पर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के लिए कथित रूप से एक भारतीय एजेंट द्वारा रची गई साजिश को विफल कर दिया। इन आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत ने 'ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन' (ओआरएफ) द्वारा आयोजित परिचर्चा सत्र में एक सवाल के जवाब में कहा, हमने भारत सरकार के समक्ष अपनी चिंताओं को रखा है। एक जांच समिति इस मामले की जांच कर रही है और हम सरकार के साथ जुड़े रहेंगे एवं उनके निष्कर्षों की प्रतीक्षा करेंगे। उन्होंने इसे बहुत गंभीरता से लिया है जिसके लिए हम आभारी हैं। उन्होंने कहा, हम भारत द्वारा नौसेना के जरिए लाल सागर में किए जा रहे काम और उनके द्वारा प्रदान किए गए अविश्वसनीय समर्थन की सराहना करते हैं।

## पुणे में 1100 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त तीन लोग गिरफ्तार

**पुणे, एजेंसी :** पुलिस ने करीब 1,100 करोड़ रुपये मूल्य का 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन नामक मादक पदार्थ जब्त किया है तथा इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पहले 3.85 करोड़ रुपये मूल्य का करीब 1.75 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद किया गया। जांच के दौरान पुलिस को दो गादामों का पता चला जहां और 55 किलोग्राम एमडी मिला। तीनों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर कुरकुंभ एमआईडीसी क्षेत्र में एक अन्य अभियान चलाया गया और वहां एक इकाई से करीब 550 किलोग्राम एमडी बरामद किया गया। अब तक पुलिस ने 600 किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन बरामद किया है जो करीब 1100 करोड़ रुपये मूल्य का है।

## एआई के लिए नियमों का मसौदा जुलाई तक किया जाएगा जारी

मुंबई, एजेंसी

● एआई की क्षमता का उपयोग करेंगे दुरुपयोग को रोकने के लिए उपाय भी करेंगे: सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि सरकार कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए इस साल जून-जुलाई तक नियमों का मसौदा जारी करेगी। यहां सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष निकाय नैसकॉम (नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनजी) के दो दिन के 'लीडरशिप' शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, सरकार एआई नियमन ढांचे के मसौदे पर काम कर रही है। इसे इस साल जून या जुलाई में जारी किया जाएगा।

हमारा इरादा आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए एआई का उपयोग करना और उससे संभावित जोखिम और नुकसान का समाधान करना है। चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार एआई प्रशिक्षित व्यक्तियों को तैयार करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा, हम एआई की क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करेंगे, लेकिन दुरुपयोग को रोकने के लिए उपाय भी करेंगे। आज दुनिया हमें एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के मामले में अगुवा देख रही है। हम सभी खेत से लेकर कारखानों तक उपयोग के मामलों में एआई को तैनात करने के पक्ष में हैं। हम आर्थिक वृद्धि, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और किसानों की उत्पादकता के लिए एआई का उपयोग करना चाहते हैं। सरकार लंबे समय से एआई विनियमन ढांचा जारी करने की योजना बना रही है।

# पाकिस्तान में नई सरकार के गठन में गतिरोध के संकेत: बिलावल

इस्लामाबाद, एजेंसी

● शीर्ष नेताओं के बीच हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार को कहा कि यदि कोई अपना रुख बदलने के लिए तैयार नहीं है तो उन्हें पाकिस्तान में गठबंधन सरकार बनने में गतिरोध की आशंका है, जो देश के राजनीतिक परिदृश्य में गहराती दरार का संकेत देता है। बिलावल की यह टिप्पणी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के शीर्ष नेताओं के बीच सोमवार को हुई नवीनतम दौर की बातचीत बेनतीजा समाप्त होने के एक दिन बाद आयी है।

पीपीपी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पीएमएल-एन को समर्थन देने के लिए राष्ट्रपति, सीनेट का अध्यक्ष और नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जैसे प्रमुख संवैधानिक पदों की कथित तौर पर मांग कर रही है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, बिलावल ने उच्चतम न्यायालय में पत्रकारों से कहा कि पीपीपी और वह अपने रुख पर अड़े हुए हैं और इस बात पर जोर दिया वह इसे किसी भी कीमत पर नहीं बदलेंगे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर इरफान सिद्दीकी ने संसद के ऊपरी सदन में कहा, 2018 में, नवाज शरीफ जेल में थे, उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई। क्या तब यह उचित था? और उस समय कोई हंगामा नहीं हुआ था। देश के सबसे शक्तिशाली राजनीतिक परिवार और पीएमएल-एन का नेतृत्व करने वाले शरीफ को 2017 में उच्चतम न्यायालय ने सार्वजनिक पद संभालने से अयोग्य घोषित कर दिया था और जवाबदेही अदालत ने उन्हें 10 साल जेल की सजा भी सुनाई थी। दोषसिद्धि और सजा के कारण वह आम चुनाव नहीं लड़ सके। सिद्दीकी ने सीनेट में कहा कि यह सच है कि पाकिस्तान का चुनावी इतिहास सही नहीं रहा है और यह स्थिति कई दशकों से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई किसी भी सरकार को अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे चुनावों का इतिहास वास्तव में सबसे अच्छा नहीं है। लेकिन हम 2018 के चुनावों के बारे में बात क्यों नहीं कर रहे हैं? उन्होंने कहा, ''2018 के आम चुनावों में जो कुछ भी हुआ वह हमारे देश के इतिहास में एक काला अध्याय है। जेयूआई-एफ के साथ खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की हालिया बातचीत का उल्लेख करते हुए इरफान ने सवाल किया कि पूर्व प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली पार्टी अन्य दलों के साथ बातचीत क्यों नहीं करती है।

## अंतरिक्ष क्षेत्र में महिला इंजीनियरों के लिए शुरू 'कल्पना फेलोशिप'

**नई दिल्ली।** स्काईरूट एयरोस्पेस ने मंगलवार को कल्पना फेलोशिप शुरू करने की घोषणा की। यह भारत का अपनी तरह का पहला फेलोशिप कार्यक्रम है जो विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षेत्र की महिला इंजीनियरों को समर्पित है।

हैदराबाद की 'स्टार्ट-अप' कंपनी ने एक बयान में कहा कि 'कल्पना फेलोशिप' अंतरिक्ष उद्योग में नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए महिला इंजीनियरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने, प्रोत्साहित करने और सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। बयान के अनुसार, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की विरासत से प्रेरित फेलोशिप एक सर्वव्यापी कार्यक्रम प्रदान करती है जिसमें मासिक राशि, प्रायोगिक ज्ञान, अनुभवी पेशेवरों से मार्गदर्शन, स्काईरूट एयरोस्पेस में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे और नवीन प्रौद्योगिकियों तक पहुंच शामिल है। वर्ष 2024 के लिए फेलोशिप पंजीकरण वर्तमान में जारी है।

**खगोल विज्ञान** ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद करेगी इसकी तस्वीरें

# हबल ने कैद की एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल

● 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन का हो रहा निर्माण



क्लस्टर एनजीसी 2298 की आकर्षक तस्वीर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्रह नक्षत्रों की दुनिया अजूबी है। हमारी कल्पना से परे, इनकी थाह पाना कतई आसान नहीं। तकनीकि विकास के चलते हम इनके करीब पहुंचने लगे हैं। हाल ही में हबल ने गोलाकार क्लस्टर (आकाश गंगाओं का समूह) एनजीसी 2298 को कैमरे में कैद किया है। वैज्ञानिक मान रहे हैं कि दूर के इस क्लस्टर से खगोल के क्षेत्र में ब्रह्मांड की अनसुलझी गुरुत्वाकर्षण की गुत्थियों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

हमारे निकटवर्ती ब्रह्मांड में आकाशगंगा समूहों में कन्या क्लस्टर, फॉर्नेक्स क्लस्टर, हरक्यूलिस क्लस्टर और कोमा क्लस्टर शामिल हैं। जिन्हें हम देख सकते हैं। माना जाता है लगभग 28 क्लस्टर हैं, जिन्हें हम आसानी से देख सकते हैं। देखने में यह सभी बेहद आकर्षक लगती हैं। स्याह रातों में इनका नजारा अद्भुत होता है। इन्हें निहारने का आकर्षण अक्सर प्रेमियों में रहता है, जबकि वैज्ञानिक वर्ग इनके भीतर का सच जानने को आतुर रहते हैं और रातों को जागकर इनके बारे में जानकारी जुटाते हैं। अब जो क्लस्टर की तस्वीरें भी ले ली गईं हैं यह गोलाकार आकृति के साथ बनी हुई हैं। गोलाकार क्लस्टर एनजीसी 2298 के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें हजारों तारे पारस्परिक गुरुत्वाकर्षण के साथ एक दूसरे से बंधे हुए हैं और दूर आसमान में शानदार नजारा पेश करता है। यह जानकारी खास है कि गोलाकार समूह के तारे आमतौर पर तारों की पुरानी आबादी होती है, जो इनका आवास जैसा है और ये ज्यादातर आकाशगंगाओं के धूल भरे बाहरी इलाके में रहते हैं। इस क्लस्टर को लेकर खगोलविदों का कहना है कि गोलाकार क्लस्टर के व्यवहार को समझ पाना आसान हो जाएगा। साथ ही उनकी आंतरिक गतिविधियां, कक्षाएं और उनके तारों का विकास के रहस्य को उजागर किया जा सकेगा।

### दूरबीन से देखा जा सकेगा ब्रह्मांड का बड़ा हिस्सा

**नैनीताल, अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोलीय वैज्ञानिक डा. शशिभूषण पांडेय पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से तारों की मायावी दुनिया को समझने का प्रयास कर रहे हैं और अभी तक अनेकों तारों के व्यवहार व गतिविधि का रहस्य उजागर कर चुके हैं। वह कहते हैं कि इनका रहस्य समझने के लिए दुनिया के वैज्ञानिक एकजुट होकर शोध कार्य कर रहे हैं। एक दूसरे के साथ जानकारी साझा कर रहे हैं। अब 30 मीटर व्यास की ऑप्टिकल दूरबीन (टीएमटी) का निर्माण किया जा रहा है। यह दूरबीन ब्रह्मांड के बड़े हिस्से को देख पाने में सक्षम होगी। भारत भी इस परियोजना का हिस्सा है।